
RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 155
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोरोना से मुक्त होकर घर लौटे अक्षय कुमार

विविध-12

# ममता के प्रचार करने पर 24 घंटे की रोक

- मुस्लिम वोट वाले बयान पर चुनाव आयोग ने की कार्रवाई, फैसले के खिलाफ कोलकाता में मुख्यमंत्री आज देंगी धरना
- कूच बिहार हिंसा पर मोदी और मुख्यमंत्री बनर्जी के बीच तीखी जुबानी जंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**कूच बिहार** हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच तीखी जुबानी जंग के बीच सोमवार को चुनाव आयोग ने ममता के चुनाव प्रचार करने पर 24 घंटे की रोक लगा दी है। आयोग ने मुख्यमंत्री के मुस्लिम वोट वाले बयानों को अत्यधिक निराशाजनक और भड़काऊ टिप्पणी करार दिया और कहा कि ऐसे बयानों से चुनाव के दौरान कानून और व्यवस्था बिगड़ने का गंभीर खतरा रहता है। तृणमूल कांग्रेस ने मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की एक शाखा के तौर पर काम कर रहा है। आयोग के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए मुख्यमंत्री बनर्जी ऐलान किया है कि इस फैसले के विरोध में वह मंगलवार को कोलकाता में धरना देंगी। चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार ममता पर प्रतिबंध 12 अप्रैल को रात 8 बजे से लागू होगा और 13 अप्रैल को रात 8 बजे तक जारी रहेगा। बनर्जी द्वारा सांप्रदायिक स्तर पर एकजुट होकर वोट डालने की अपील कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के बाद चुनाव आयोग ने यह कार्रवाई की है। बीते 7 और 8 अप्रैल को चुनावी रैलियों के दौरान ममता बनर्जी के बयानों की निंदा करते हुए चुनाव आयोग ने उन्हें सार्वजनिक रूप से ऐसे बयानों का उपयोग करने से बचने की सलाह दी। आयोग ने कहा कि बनर्जी ने कानून और व्यवस्था खराब होने की गंभीर संभावना से लबरेज और उत्तेजनापूर्ण टिप्पणी की है। इससे चुनाव प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने कथित तौर पर केंद्रीय बलों के खिलाफ मतदाताओं को उकसाने के लिए ममता पर बेहद तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि यदि दीदी अपना गुस्सा निकालना चाहती हैं तो मुझे गाली दें, लेकिन बंगाल की गरिमा और परंपरा का अपमान मत करो। बंगाल आपके अहंकार और तोलाबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा। दीदी आपका खेल खत्म हो चुका है। दो मई को दीदी जा रही हैं। लोग असली परिवर्तन चाहते हैं। बंगाल के मतदाताओं ने इतने चौके और छक्के मारे कि भाजपा ने पहले ही विधानसभा चुनाव के चार चरणों में सीटों का शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी दस साल तक मां माटी और मानुष के नाम पर शासन किया, लेकिन चुनाव में अपने काम गिनाने के बजाय वह मोदी मोदी कर रही हैं। ममता बनर्जी की एक उम्मीदवार सुजाता मंडल खान की दलितों पर की गई टिप्पणी का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि दीदी के नुमाइंदे बंगाल के दलितों को भिखारी बुलाते (शेष पेज 9)

## दो घंटे से कम अवधि वाली उड़ानों में भोजन दिए जाने पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश में** कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि एयरलाइन कंपनियों को उन घरेलू उड़ानों में भोजन देने की अनुमति नहीं होगी, जिनकी यात्रा अवधि दो घंटे से कम है। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि यह रोक बृहस्पतिवार से प्रभावी होगी। पिछले साल कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने के बाद जब 25 मई से निर्धारित घरेलू उड़ान सेवाएं शुरु की गई थीं, तब मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों को कुछ शर्तों के तहत विमानों के भीतर भोजन उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी। पूर्व के आदेश में सुधार करते हुए, मंत्रालय के नए निर्देशों में कहा गया है, घरेलू क्षेत्रों में विमानों का परिचालन कर रही एयरलाइन कंपनियां उन उड़ानों के दौरान भोजन उपलब्ध करा सकती हैं जिनकी उड़ान की अवधि दो घंटे या उससे अधिक हो। मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 और उसके विभिन्न स्वरूपों के बढ़ते खतरे को देखते हुए उसने घरेलू उड़ानों में सफर के दौरान भोजन उपलब्ध कराए जाने की सुविधा की समीक्षा करने का फैसला किया है। उसने कहा कि एयरलाइन कंपनियों को उन उड़ानों में केवल पहले से पैक नाश्ता, भोजन और पहले से पैक पेय पदार्थ की मुहैया कराने की अनुमति (शेष पेज 9)

# संक्रमण के मामले में भारत बना दुनिया का दूसरा देश

- ब्राजील को पीछे छोड़ा, उपचाराधीन मरीजों की संख्या 12 लाख से अधिक, स्वस्थ होने की दर 90 फीसदी से हुई कम



कोरोना चाहे कितना भी कहर ढा रहा हो लेकिन मुंबई में लोकमान्य तिलक टर्मिनस में उमड़ी यह भीड़ बता रही है कि लोगों को कोई चिंता नहीं है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या के लिहाज से ब्राजील को पीछे छोड़कर भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत में सोमवार को कोविड-19 के अब तक के सर्वाधिक 1,68,912 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,35,27,717 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 12 लाख से अधिक हो गई है तथा 904 और लोगों की मौत होने के बाद संक्रमण से अब तक मारे गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 1,70,179 हो गई है। देश में संक्रमित लोगों के स्वस्थ होने की दर 90 प्रतिशत से भी कम रह गई है। अमेरिका के जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय (जेएचयू) के आंकड़ों के मुताबिक संक्रमितों की संख्या के मामले में भारत ब्राजील से आगे निकल गया है। ब्राजील में कोविड-19 के अब तक 1,34,82,023 मामले आए हैं। अमेरिका में सबसे ज्यादा 3,11,98,055 मामले आए हैं जबकि दुनिया भर से अब तक संक्रमण के 13,61,36,954 मामले आए हैं। संक्रमण के दैनिक मामलों में लगातार 33वें दिन हुई बढ़ोतरी के बीच देश में उपचाराधीन लोगों की संख्या बढ़कर (शेष पेज 9)

## हरियाणा में रात का कर्फ्यू लागू

**चंडीगढ़ (पीएनएस)।** हरियाणा सरकार ने कोरोना वायरस मामलों में बढ़ोतरी के बीच सोमवार को राज्य में तत्काल प्रभाव से रात का कर्फ्यू लगा दिया। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बताया, रात 9 बजे से सुबह 5 बजे के बीच रात का कर्फ्यू आज रात से लगाया जाएगा और यह अगले आदेश तक लागू रहेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य में हाल में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के मद्देनजर लिया गया है। विज ने कहा, कुछ दिनों के बाद स्थिति का आकलन किया जाएगा जिसके बाद रात का कर्फ्यू जारी रखने पर निर्णय लिया जाएगा। आदेश (शेष पेज 9)

## नवरात्र आज से

### प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांछित लाभाय**
**चन्द्रार्द्धकृतशेखराम्**
**वृषारुढ़ां शूलधरां**
**शैलपुत्री यशस्विनीम्**

**देवी** दुर्गा के नौ रूप होते हैं। देवी दुर्गा के पहले स्वरूप को माता शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। ये ही नवदुर्गाओं में प्रथम देवी हैं। शैलराज हिमालय के घर पुत्री रूप मे उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है।

## सेंसेक्स 1700 अंक नीचे गिरा निवेशकों के 8 लाख करोड़ डूबे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

कोरोना इफेक्ट

**कोविड-19** संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच निवेशकों की घबराहटपूर्ण बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 1,708 अंक का गोता लगा गया, जबकि निफ्टी 14,350 अंक के स्तर से नीचे आ गया। बाजार में सोमवार को आई जोरदार गिरावट के बीच निवेशकों की 8.77 लाख करोड़ रुपए की पूंजी डूब गई। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 200.85 लाख करोड़ रुपए रह गया। कारोबारियों ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर उम्मीद से अधिक घातक साबित हो रही है और स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन के बीच भागीदार पुनरुद्धार को लेकर नए सिरे से आकलन करने लगे हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी लगातार गिरावट से निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। निवेशकों की घबराहटपूर्ण बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,707.94 अंक या 3.44 प्रतिशत के नुकसान से 47,883.38 अंक पर आ गया। यह 26 फरवरी के बाद सेंसेक्स में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 524.05 अंक या 3.53 प्रतिशत के नुकसान से 14,310.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में सिर्फ डॉ. रेड्डीज 4.83 प्रतिशत के लाभ में रहा जबकि अन्य में गिरावट आई है। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे अधिक 8.60 प्रतिशत टूट गया। बजाज फाइनेंस, एसबीआई, ओएनजीसी, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में एक दिन में संक्रमण के 1,68,912 नए मामले आए हैं। महामारी की शुरुआत के बाद यह सबसे उंचा आंकड़ा है। देश में संक्रमण का आंकड़ा अब 1,35,27,717 पर पहुंच गया (शेष पेज 9)

## कुरान से कुछ आयतें हटाने की मांग वाली याचिका खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व प्रमुख वसीम रिजवी की ओर से दायर एक याचिका को बेहद ओछा बताया जिसमें पाक कुरान से 26 आयातों को हटाने का अनुरोध किया गया था तथा 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर इसे खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऋषिकेष रॉय की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुरान की 26 आयातें आतंकवाद को बढ़ावा देती हैं। रिजवी ने अपनी याचिका में दलील दी थी कि इस्लाम समानता, निष्पक्षता, माफ करने और सहनशीलता की अवधारणाओं पर आधारित है लेकिन पाक किताब की उक्त आयातों की चरम व्याख्याओं के कारण धर्म मूल सिद्धांतों से दूर जा रहा है। रिजवी की याचिका पर व्यापक आक्रोश देखने को मिला जब कई मुस्लिम संगठनों और इस्लामी धर्म गुरुओं ने वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किए। पिछले महीने, बरेली में (शेष पेज 9)

## रमजान में मरकज खोलने के लिए केंद्र की हरी झंडी

**सरकार ने हाईकोर्ट में कहा- नमाजियों को करना होगा कोविड प्रोटोकॉल का पालन, परिसर में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे**

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** केंद्र सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि रमजान के महीने में नमाजियों के लिए निजामुद्दीन मरकज को खोला जा सकता है। रमजान का महीना 14 अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। केंद्र के वकील ने मरकज में कोविड प्रोटोकॉल का पालन और सीसीटीवी कैमरे लगाने की शर्त रखी थी, जिसे मरकज प्रबंधन मान लिया। मंगलवार को वहां सीसीटीवी कैमरे लग जाएंगे। मामले की सुनवाई 13 अप्रैल को ही होगी। मालूम हो कि कोरोना फैलने के शुरुआती दिनों में महामारी प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर दक्षिण दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित बंगले वाली मस्जिद में मौजूद मरकज पिछले साल 31 मार्च से ही मरकज बंद है। दिल्ली वक्फ बोर्ड की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता रजत नायर ने सोमवार को कहा कि रमजान के दौरान मरकज में नमाज के दौरान कोविड संक्रमण के मद्देनजर सामाजिक दूरी और अन्य एहतियात से जुड़े दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। नायर ने यह भी कहा कि मस्जिद के रोजमर्रा (शेष पेज 9)

## यूपी में नहीं लगेगा लॉकडाउनः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने यूपी में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर नौकरशाही को चेताया है। उन्होंने कहा कि गलतफहमी में न रहें, लॉकडाउन नहीं लगेगा। हम जनता को मरने नहीं देंगे, बेड की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। पहले से पूरी तैयारी करें। निजी हॉस्पिटलों और मेडिकल कॉलेजों का टेकओवर करें। उन्होंने जिलों में टेस्टिंग, ट्रेसिंग और ट्रीटमेंट पर जोर दिया। योगी योगी ने स्पष्ट कहा कि हमे जीवन भी बचाना है और जीविका भी। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। सीएम योगी ने कोरोना संक्रमण के प्रभावी रोकथाम के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया। उनका पूरा जोर कोरोना संक्रमण और बढ़ने से पहले तैयारियों को लेकर था। उन्होंने इसे तस्दीक भी किया कि कोरोना के खिलाफसंघर्ष को पूरी तैयारी के साथ मजबूती से लड़ना होगा। इस संघर्ष में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण को नियंत्रण करने में (शेष पेज 9)

# स्पूतनिक वी को भारत में आपात इस्तेमाल की मंजूरी की सिफारिश

- विशेषज्ञों की समिति ने रूसी वैक्सीन को दी हरी झंडी, अब डीसीजीआई की अनुमति का इंतजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश जहां** कोविड-19 के बढ़ते मामलों तथा वैक्सीन की कमी से जूझ रहा है वहीं विशेषज्ञों के पैनल ने कुछ शर्तों के साथ रूस के कोविड टीके स्पुतनिक वी को भारत में आपात इस्तेमाल की मंजूरी देने की सिफारिश की है। यदि नियामक, भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने इसे हरी झंडी दे दी तो सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड तथा भारत बायोटेक की कोवैक्सीन के बाद देश को मिलने वाली यह तीसरी वैक्सीन होगी। भारत के केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति ने देश में कुछ शर्तों के साथ रूस के कोविड रोधी टीके स्पूतनिक वी के आपात इस्तेमाल को मंजूरी देने की सिफारिश की है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने स्पूतनिक वी के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने के डॉ. रेड्डीज लैबोरैटरीज के आवेदन पर सोमवार को संज्ञान लिया। सूत्रों ने कहा कि देश में आपात इस्तेमाल के लिए इस टीके का रूस से आयात किया जाएगा। डॉ. रेड्डीज ने पिछले साल सितंबर में इस टीके के चिकित्सकीय परीक्षण और भारत में इसके वितरण अधिकार के लिए रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के साथ भागीदारी शुरू की थी। देश में भारत बायोटेक के कोवैक्सीन और सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड-एस्ट्रोजनेका के कोविशील्ड टीके को पहले ही आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिल चुकी है। स्पूतनिक वी के तीसरे चरण के परीक्षण के अंतरिम विश्लेषण में इसके 91.6 प्रतिशत प्रभावी होने की बात सामने आई जिसमें रूस के 19,866 स्वयंसेवियों पर किए गए परीक्षण का डेटा शामिल किया गया।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 47,883 | ↓ | 1708 | |
| निफ्टी | 14,311 | ↓ | 524 | |
| सोना | 46,070 | ↓ | 57 | /10g |
| चांदी | 66,043 | ↓ | 270 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देशमुख को पूछताछ के लिए सीबीआई ने कल बुलाया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को पूछताछ के लिए बुधवार को बुलाया है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में पूछताछ के लिए उन्हें एजेंसी ने बुलाया है। दक्षिण मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटकों के साथ एसयूवी मिलने के मामले में सहायक पुलिस निरीक्षक वाजे जांच के दायरे में है। सीबीआई द्वारा देशमुख को जांच में शामिल होने का नोटिस सोमवार की सुबह जारी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक दिन पहले उनके दो सहयोगियों संजीव पलांदे और कुंदन ने एजेंसी के समक्ष अपने बयान दर्ज कराए।

## दलित पार्क व स्मारक घोटाले में अफसरों पर कार्रवाई शुरू

- कई आएंगे जद में आने की उम्मीद, नोएडा सेक्टर-95 में बनाया गया है दलित प्रेरणा स्थल

**रिंकू यादव।** नोएडा

**बसपा** सरकार के कार्यकाल में नोएडा और लखनऊ में बने स्मारकों के निर्माण में 1400 करोड़ रुपये के घोटाले की जद में आए नोएडा के कई तत्कालीन अफसरों और कर्मचारियों खिलाफ कार्रवाई शुरू हो चुकी है। ऑडिट रिपोर्ट के बाद इसमें तेजी आ गई है। घोटाले में नोएडा प्राधिकरण के कई पूर्व अफसर और बाबू भी शामिल हैं। लखनऊ में घोटाले से जुड़े चार पूर्व अधिकारियों को पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। शासन की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार नोएडा के सेक्टर-95 में बने राष्ट्रीय दलित पार्क के प्रोजेक्ट के लिए कागजों में 84 करोड़ रुपये का एमओयू हुआ था। जबकि इसे बनाने में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आई थी। रिपोर्ट में स्मारकों में लगे पत्थरों की कीमत व उनकी ढुलाई समेत अन्य कामों में व्यापक स्तर पर सरकारी धन के दुरुपयोग सामने आया है। नोएडा दलित पार्क और राजधानी लखनऊ के स्मारक पार्क निर्माण में हुए घोटाले की जांच लोकायुक्त ने थी। साल 2013 में इसकी रिपोर्ट भी शासन को सौंप दी थी। अब 8 साल बाद इसमें पहली कार्रवाई हुई है। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ ने घोटाले में शामिल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के चार पूर्व अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। स्कैम से जुड़े अन्य आरोपियों पर भी कार्रवाई तेज की गई है। नोएडा में बने दलित पार्क की जिम्मेदारी भी यूपी राजकीय निर्माण निगम को सौंपी गई थी।

## सुशील चंद्रा मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा को सोमवार को अगला मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया गया। विधि मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के विधाई विभाग द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक चंद्रा 13 अप्रैल को कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा के कार्यकाल का सोमवार को अंतिम दिन है। चंद्रा को लोकसभा चुनाव के पहले 14 फरवरी 2019 को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। वह 14 मई 2022 को पदमुक्त होंगे। चंद्रा के कार्यकाल में निर्वाचन आयोग गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराएगा। गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड और पंजाब की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल मार्च में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 14 मई को समाप्त होगा।

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लाखों ने लगाई डुबकी

कुंभ मेला

- पुण्य पाने के लिए गंगा स्नान को उमड़े श्रद्धालु

**पायनियर समाचार सेवा।** हरिद्वार



कुंभ मेला में मौनी अमावस्या पर शाही स्नान के लिए जाते नागा साधु

**कोविड** के बढ़ते प्रकोप के बीच सोमवती अमावस्या पर महाकुंभ के दूसरे शाही स्नान के दिन सोमवार को साधु संतों ने हरहर महादेव के उद्घोष के साथ मुख्य स्नान घाट हर की पैड़ी पर असीम आस्था और अपार उत्साह के साथ लाखों लोगों ने मोक्षदायिनी गंगा में डुबकी लगाई। अमृत कलश से छलकी बूंदों का पुण्य कमाने के लिए देश के कोने कोने से उमड़े श्रद्धालुओं ने भी यहां शहर के अन्य घाटों पर गंगा में डुबकी लगाई और कुंभ स्नान का लाभ लिया। महाकुंभ मेला प्रशासन ने दावा किया कि हरिद्वार से लेकर देवप्रयाग तक पूरे मेला क्षेत्र में अब तक 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर लिया है। शाही स्नान के दौरान महाकुंभ मेले की व्यवस्था की निगरानी करने पहुंचे प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में सुचारू ढंग से स्नान चल रहा है। हर की पैड़ी पर अखाड़ों से जुड़े (शेष पेज 9)

## केरल में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव 30 अप्रैल को होंगे

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को घोषणा की कि केरल में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव 30 अप्रैल को होंगे। चुनाव आयोग ने विस्तृत प्रेस नोट जारी कर बताया कि 21 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे राज्यसभा के सदस्यों के लिए केरल में द्विवार्षिक चुनाव कराए जाएंगे। इन सीटों से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों में अब्दुल वहाब (आईयूएमएल), के के रागेश (माकपा) और व्यालार रवि (कांग्रेस) शामिल हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना मंगलवार को जारी की जाएगी और चुनाव 30 अप्रैल को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होंगे। उसी दिन वोटों की गिनती होगी। राज्यसभा चुनावों में वोटों की गिनती शाम में होती है। हाल में चुनाव आयोग द्वारा इन चुनावों को टालने के कारण इन सीटों की चुनाव प्रक्रिया खबरों में थी। चुनाव आयोग द्वारा नया कार्यक्रम उस दिन (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 अप्रैल 2021



# गौर सिटी में कोविड संक्रमण का धमाका

## आसपास की कई सोसाइटियों में बड़ी संख्या में लोग वायरस की चपेट में

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्धनगर में कोरोना वायरस का संक्रमण विकराल रूप धारण कर रहा है। यहां रोजाना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाउसिंग सोसायटीज में रहने वाले लोग संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं।

ग्रेनो वेस्ट की सबसे बड़ी हाउसिंग सोसायटी गौर सिटी में वायरस ने पांव पसार लिए हैं। गौर सिटी वन में इस वक्त संक्रमितों की संख्या 26 तक पहुंच गई है। जबकि, गौर सिटी टू में 68 मरीज हैं। मतलब, पूरी गौर सिटी में संक्रमित लोगों की संख्या 94 तक पहुंच गई है। जिले के स्वास्थ्य विभाग ने रविवार देर शाम कंटेनमेंट जोन की नई लिस्ट जारी की है। जिसमें बताया गया है कि ग्रेनो वेस्ट की गौर सिटी वन हाउसिंग सोसाइटी में संक्रमितों की संख्या 26 है। जबकि, गौर सिटी 2 में 68 मरीज हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कई दूसरी हाउसिंग सोसायटी का हाल भी बुरा है। अरिहंत आर्डन हाउसिंग सोसाइटी में मरीजों की संख्या 23 तक पहुंच चुकी है। इस सप्ताह की शुरुआत में अरिहंत आर्डन की रहने वाली एक महिला की संक्रमण की चपेट में आने से मौत चुकी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की महागुन माइवुड्स हाउसिंग सोसाइटी में भी 23 लोग संक्रमण की चपेट में हैं।

दूसरी ओर, आर्मी वेलफेयर हाउसिंग ऑर्गेनाइजेशन की सोसाइटी एडब्ल्यूएचओ में भी कोरोनावायरस के संक्रमण ने पांव पसार लिए हैं। सोसाइटी के 34 निवासी फिलहाल संक्रमण की चपेट में हैं। इस हाउसिंग सोसाइटी में करीब 4000 घर हैं। दूसरी ओर नोएडा शहर में सुपरटेक केपटाउन हाउसिंग सोसाइटी में इस वक्त मरीजों की संख्या 26 है। नोएडा के सेक्टर-62 और सेक्टर-121 का भी बुरा हाल है। सेक्टर-62 की अलग-अलग सोसाइटी में 36 मरीज हैं। सेक्टर-121 की सोसाइटियों में इस वक्त 32 लोग संक्रमित हैं।

### जिले में संक्रमण के 227 नए केस मिले

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 227 नए मामले सामने आए जबकि एक मरीज की मौत हो गई। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि सोमवार सुबह एक मरीज की सेक्टर-39 स्थित कोविड-19 अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 227 नए मामले सामने आए हैं। दोहरे ने बताया कि फिलहाल जिले में 1300 से ज्यादा मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में 26 हजार से अधिक मरीज ठीक हो चुके हैं जबकि कुल 27,732 मरीज सामने आए हैं।

# यीडा कराएगा 96 गांवों में सेनेटाइजेशन

## सप्ताह के अंत तक रोस्टर बनाकर टैंकरों से किया जाएगा छिड़काव

### ● महामारी से निपटने को प्रशासन ने कसी कमर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

गौतमबुद्धनगर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण अपने दायरे में आने वाले सभी 96 गांवों में सेनेटाइजेशन की प्रक्रिया पूरा कराएगा। इसके लिए योजना बनाई जा रही है जिसके लिए रोस्टर तैयार किया जा रहा। इस हफ्ते के अंत तक रोस्टर बनाकर इन गावों को संक्रमण मुक्त बनाने की कवायद शुरू हो जाएगी।

बताते चलें कि गौतमबुद्धनगर में कोरोना महामारी की वजह से हाल बेहाल हैं। जिला प्रशासन और तीनों प्राधिकरण अपने-अपने स्तर पर इस वैश्विक आपदा से निपटने की कोशिश में हैं। नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार से शहर के कई सेक्टर में सेनेटाइजेशन का काम शुरू करा दिया है। यमुना अथॉरिटी ने भी अपने क्षेत्र में आने वाले 96 गांवों में सेनेटाइजेशन कराने का फैसला लिया है। प्राधिकरण का मकसद इन गांवों को संक्रमण मुक्त बनाए रखना है। प्राधिकरण इसी सप्ताह सेनेटाइजेशन का काम शुरू कर दिया जाएगा। सारे विभागों को अलर्ट पर रखा गया है।

यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुण वीर सिंह का कहना है कि इसी हफ्ते रोस्टर तैयार कर लिया जाएगा और सभी गांवों में सेनेटाइजेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण अपनी जद में आने वाले गांव को संक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इन गांवों में टैंकरों में केमिकल मिलाकर हर गली-मोहल्ले और सड़क पर छिड़काव कराया जाएगा। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

# निगम ने डेढ़ सौ स्वास्थ्य प्रहरियों को मैदान में उतारा

**गाजियाबाद।** शहर को महामारी कोविड-19 से बचाने के निगम के डेढ़ सौ से भी अधिक स्वास्थ्य प्रहरी मैदान में उतर गए हैं और एक सिस्टम के तहत शहर के प्रत्येक वार्ड को सैनिटाइजेशन करना शुरू कर दिया गया है। सोमवार सुबह नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर और मेयर आशा शर्मा ने सभी स्वास्थ्य प्रहरियों को रवाना कर दिया। इसी क्रम में 20 लीटर व 100 लीटर क्षमता वाले प्रत्येक वार्ड में सैनिटाइजर और स्प्रे मशीनों द्वारा संकीर्ण गलियों में सैनिटाइजेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सिंह ने बताया कि 5 वाटर स्प्रिंकल के द्वारा 8000 लीटर की क्षमता वाली मशीन शहर के मुख्य मार्गों में सैनिटाइजेशन कार्य के लिए लगाई गई है। इसके अलावा 5 सीवर गेटिंग मशीन तथा 8000 एंटी स्मोक गन के माध्यम से सैनिटाइजेशन का कार्य शहर के प्रमुख इलाकों में शुरू करा दिया गया है। वहीं सैनिटाइजेशन के कार्य के लिए निगम परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित कर दी गई है।

# अधिकारियों संग पुलिस कमिश्नर ने किया दौरा

## बिना मास्क शहर में घूमने वालों पर दिए कार्रवाई के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने जिले के विभिन्न थाना और सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। उनके साथ अपर पुलिस आयुक्त, मुख्यालय पुष्पांजलि सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगे कोविड-19 हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।

दरअसल गौतमबुद्धनगर में कोरोना वायरस फिर विकराल होता जा रहा है। पिछले तीन दिन में रोजाना 200 से ज्यादा नए मरीज मिले हैं। ऐसे में डीएम सुहास एलवाई ने 17 अप्रैल तक नाइट कर्फ्यू की घोषणा की है। पुलिस कमिश्नर भी लगातार पुलिस अधिकारियों को जरूरी आदेश दे रहे हैं। इसी सिलसिले में वह स्वयं थाना सूरजपुर, बिसरख और नोएडा के सेक्टर-58 में स्थापित कोविड-19 हेल्पडेस्क का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर में आने वाले पीड़ितों और आगंतुकों को कोरोना महामारी के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा जागरूक करने के लिए पुलिस कर्मियों को आदेश दिया। उन्होंने थाने पर उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों द्वारा कोविड.19 को लेकर बरती जा रही सावधानियों के बारे में भी जानकारी ली। बाद में पुलिस कमिश्नर थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के लैबर चौक भी गए। इसके बाद उनका काफिला नोएडा के पुराने और भीड़भाड़ वाले सेक्टर-8 की बल्ली मार्केट पहुंचा। वहां बिना मास्क के घूम रहे लोगों को मास्क लगाने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया। बाद में उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया।


नोएडा में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर का निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर।

# सड़क पर घूम रहे युवक-युवती को महिंद्रा पिकअप ने रौंदा

### ● अस्पताल में एक की हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रविवार देर रात को नोएडा के सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने एक युवक और उसके साथ जा रही युवती को कुचल दिया है। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिसमें से युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों घायल युवक और युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नोएडा के सेक्टर-127 में रहने वाला एक युवक अपने पड़ोस में रहने वाली युवती के साथ रविवार देर रात नोएडा के सेक्टर-93 गेझा गांव से अपने घर की तरफजा रहा था। उसी दौरान रास्ते में सेक्टर-108 में स्थित कमिश्नर ऑफिस के पास महिंद्रा पिकअप गाड़ी ने दोनों को जोरदार टक्कर मारी। इस हादसे में दोनों युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दुर्घटना के बाद महिंद्रा पिकअप का चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई।

# लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम इलाके में पुलिस ने सोमवार को एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो अपने महंगे शौक पूरा करने के लिए केवल दिन में ही लूटपाट और झपटमार की वारदातों को अंजाम देता था। यह गिरोह वारदात के बाद भागने के लिए हाई स्पीड मोटरसाइकिल का प्रयोग करता था। पुलिस ने इस गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें वह सुनार भी शामिल है जो लूटे गए सामान को इन बदमाशों से कम दामों के लालच में खरीदता था।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशु जैन ने बताया कि चारो आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश हैं। पुलिस ने इनसे 9 सोने की चैन, 2 तमंचा और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

### गड्ढा मुक्त दावों की खुली पोल

# इंदिरापुरम में जनता ने भैंसा बुग्गी पर चढ़कर जताया विरोध


बदहाल सड़क को लेकर भैंसा-बुग्गी पर चढ़कर विरोध जताते इंदिरापुरम के निवासी।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश शासन ने राज्य की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त करने का दावा किया था लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभी भी सड़कें खस्ताहाल हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री व गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह के संसदीय क्षेत्र में सड़कों का हाल बेहाल है।

बदहाल सड़कों से त्रस्त पॉश इलाके इंदिरापुरम में भैंसा-बुग्गी पर चढ़कर लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि वर्षो से यहां सड़क टूटी है लेकिन कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। इंदिरापुरम के इस इलाके में करीब 25 हाईराइज सोसायटी हैं जिनमे हजारों परिवार रहते हैं। लोगों ने अपनी इस समस्या को लेकर कई बार प्राथमिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बताया मगर अभी तक इनकी समस्याओं का कोई हल निकला। बावजूद इसके इस इलाके की सड़कों का हाल बेहाल है।

वहीं कई बार अपनी शिकायतों को लेकर लोगों ने स्थानीय नेताओं को भी कई बार लिखित शिकायत दी हुई है। इस दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी इस प्रदर्शन में शामिल हो गए और प्रशासन विरोधी नारे लगाए।

# गौतमबुद्धनगर में 4 लोगों ने की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जनपद गौतमबुद्धनगर में अलग-अलग जगहों पर आत्महत्या के चार मामले सामने आए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र के नवादा गांव में रहने वाले पीयूष (21) ने मानसिक तनाव के चलते सोमवार तड़के अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। मीडिया प्रभारी ने बताया कि अन्य मामले में थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के सेक्टर 128 में रहने वाले ईदल पुत्र तेज सिंह ने रविवार देर रात को अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक कैब चालक था। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के मोरना गांव में रहने वाले मुकेश का शव शनिवार देर रात उनके घर में पंखे से लटकता पाया गया। बताया गया है कि मुकेश मानसिक तनाव से ग्रसित थे। अधिकारी ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र के बिसरख गांव में रहने वाले श्रवण कुमार साहू ने मानसिक तनाव के चलते शनिवार देर रात घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## 22 पेटी शराब बरामद

**नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस ने सोमवार को दुजाना गांव से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक कार में रखी 22 पेटी शराब बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर थाना बादलपुर पुलिस ने कार में रखकर ले जाई जा रही 22 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की है। सिंह ने बताया कि कार चला रहे नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# कॉलोनी में शराब ठेका खोलने पर लोगों ने किया हंगामा

### ● महिलाओं को घर से बाहर निकलने में हो रही परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आवासीय कॉलोनी वैशाली सेक्टर 4 में खुली अंग्रेजी शराब की दुकान का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध-प्रशर्दन किया। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग की नीति को लेकर नाराजगी भी जताई।

लोगों का कहना है कि दुकान के आसपास कई कॉलोनिया हैं। शराब की दुकान खुलने से यहां रहने वाले लोगों को खासी परेशानी हो रही है। यहां के पार्षद राजकुमार भाटी और मनोज गोयल ने भी आबकारी विभाग की नीति का खुलकर विरोध किया। मनोज गोयल ने कहा कि आबादी के बीच ठेका नहीं खोला जाना चाहिए और इसका खुलकर विरोध किया जाएगा। धरने का नेतृत्व कर रहे राजीव शर्मा ने आबकारी विभाग को खुली चुनौती देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में शराब के ठेके को नहीं चलने दिया जाएगा। शराब के ठेके की वजह से महिलाओं को बाहर निकलने आदि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन करने वालों में राजेश शर्मा, बॉर्बी, प्रदीप शर्मा, राघवेंद्र राघव सहित कई लोग मौजूद रहे।


वैशाली सेक्टर-4 के रिहायश इलाके में शराब ठेका खोलने का विरोध करते निवासी।

## संक्षिप्त समाचार


गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी का निरीक्षण करते डीएम और डीआईजी।

### मतगणना की तैयारियों के मद्देनजर किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** जनपद में तीन दिन बाद पहले चरण में होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी की रवानगनी व चुनाव उपरांत मतपेटियों को रखने व मतगणना की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए डीएम अजय शंकर पाण्डेय व डीआईजी-एसएसपी अमित पाठक ने गोविंदपुरम स्थित अनाजमंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतपेटियों को रखने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरे के साथ ही पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल भी तैनात किए जाने के निर्देश दिए। 15 अप्रैल को जिले में पहले चरण के तहत ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं। जिसके लिए साढ़े तीन हजार कर्मी लगाए गए हैं।


हादसे के बाद सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई तस्वीर।

### स्ट्रीट डॉग को कुचलने पर दर्ज कराई शिकायत

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद में एक दूध की डेयरी के ट्रक ने कुत्ते को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले से जुड़ा हुआ एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसके बाद ट्रक ड्राइवर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दूध की गाड़ी काफी तेजी से आ रही है और रोड पर बैठे हुए स्ट्रीट डॉग को कुचल देती है। जानवरों के लिए काम करने वाली संस्था पीपल्स फॉर एनिमल ने इस मामले में साहिबाबाद थाने में ट्रक ड्राइवर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में शिकायत दर्ज कराई है। संस्था की गाजियाबाद की अध्यक्ष सुरभि रावत का कहना है कि जब ट्रक के ड्राइवर और डेरी संचालक से इस बारे में जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने संस्था के लोगों के साथ भी गलत व्यवहार किया।

### ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुर रेलवे फाटक के पास सोमवार सुबह 64 वर्षीय शख्स की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गांव रोजा जलालपुर के रहने वाले धर्मवीर सोमवार सुबह खेड़ा धर्मपुर के पास रेलवे ट्रैक को पार कर रहे थे तभी वह तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि धर्मवीर आयुष विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी थे। सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहॉ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | श्री साकेत सत्यम (कर्जदार), सुशील कुमार श्रीवास्तव (सह-कर्जदार), कुमार अभिषेक वर्मा (सह-कर्जदार) LBDEL00002376035 | फ्लैट नंबर 32, एलआईजी ब्लॉक बी 18 पॉकेट 5 सेक्टर -35, दूसरी मंजिल रोहिणी, दिल्ली, 110085 क्षेत्र: 285 फीट | रू. 15,47, 391.5 (अप्रैल 06, 2021 तक) | रू. 11,10,000/- / रू. 1,11,000/- | मई 10, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मई 28, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **मई 27, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक-**मई 27, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **मई 27, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन. न. **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन. न. **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : अप्रैल 13, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# आग से 6000 से ज्यादा लोग हुए बेघर

## राशन में छिपाकर रखे रुपए ढूंढती रहीं लाचार महिलाएं

### ● बेटी की शादी के लिए रखी जमा रकम जलकर हुई राख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-65 में स्थित बहलोलपुर गांव में रविवार दोपहर लगी भीषण आग में करीब 500 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। आग के तांडव से 6000 से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। इस हादसे में दो बच्चियों की भी जलकर मौत हो गई थी। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दमकल की 17 से अधिक गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए 5 घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। तब जाकर आग पर काबू पाया गया।

हालांकि फौरी राहत देते हुए जिला प्रशासन ने अग्निकांड के पीड़ित लोगों को आर्थिक मदद मुहैया कराई। जलने से मरने वाली बच्चियों के परिवार को चार-चार लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। प्रथमदृष्टया माना जा रहा है कि पहले बिजली के तारों में आग लगी, फिर वहां से धीरे-धीरे पूरी झुग्गी में फैल गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

इस अग्निकांड में सबकुछ जलकर खाक हो गया। नुकसान तो सबका हुआ है। आग में यहां रहने वाले विपिन के छह लाख रुपये जल गए। जो उनके बहन-भाइयों की शादी के लिए उनके पिता ने उनके पास रखे थे। रविवार को विपिन के पिता एक रिश्तेदार के साथ दिल्ली में एक बच्चे की मौत में गए थे। जैसे ही उन्हें आग लगने की जानकारी हुई, वे फौरन वापस लौटे। मगर तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। अब उन्हें फिर बेटी की शादी की चिंता सताने लगी है। उनका कहना है कि अब विवाह में बड़ी मुश्किल होगी। बहलोलपुर अग्निकांड के बाद का नजारा बेहद मर्मांतक था। लोग राख में भी उम्मीद ढूंढ रहे थे। महिलाएं जले हुए राशन में रखे बचत के पैसे खोजती हुई नजर आईं।

हादसे की पीड़ित एक महिला ने बताया कि उन्होंने करीब 25 हजार रुपये चावल के बोरे के अंदर रखे थे। वह बार-बार चावल टटोल रही थीं। मगर उनका पैसा नहीं मिला। एक दूसरे पीड़ित ने बताया कि उनकी बाइक और 30 हजार रुपये जल गए। पीड़ितों का कहना है कि उनकी पूरी पूंजी और बचत जलकर खाक हो गई है। अब नए सिरे से जीवन शुरू करना होगा।


हादसे के बाद बचे खुचे सामान का समेटते झुग्गीवासी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तो और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# दिल्ली के 14 निजी अस्पताल बनेंगे कोविड सेंटर

## कई सरकारी और निजी अस्पतालों में और बढ़ाए जाएंगे कोरोना बेड : केजरीवाल

● पिछले सप्ताह 5000 बेड बढ़ाए गए, उनमें से अभी 50 फीसदी हैं खाली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

दिल्ली सरकार ने शहर के 14 निजी अस्पतालों को पूर्ण कोविड-19 अस्पताल घोषित कर दिया और उन्हें अगले आदेश तक गैर कोविड-19 मरीजों की भर्ती नहीं करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय के आदेश के मुताबिक साथ ही, 19 निजी अस्पतालों को कम से कम अपने 80 प्रतिशत आईसीयू बेड्स को कोराना वायरस संबंधी उपचार के लिए आरक्षित करने का निर्देश दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने अपोलो अस्पताल सरिता विहार, गंगा राम अस्पताल, होली फैमिली अस्पतल ओखला, महाराजा अग्रसेन अस्पताल पंजाबी बाग, मैक्स अस्पताल शालीमार बाग, फोर्टिस अस्पताल शालीमारबाग, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल साकेत, वेंकेटेश्वर अस्पताल द्वारका, श्री बालाजी एक्शन अस्पताल, जयपुर गोल्डन अस्पताल, रोहिणी सेक्टर-तीन, माता चानन देवी अस्पताल जनकपुरी, सरोज अस्पताल, मणिपाल अस्पताल व पुष्पवती सिंघानिया अस्पताल सकेत को पूरी तरह से कोविड अस्पताल घोषित कर दिया है।

इस आदेश के अनुसार 82 निजी अस्पतालों को कम से कम अपने 60 प्रतिशत आईसीयू बिस्तरोंको कोविड-19 मरीजों की खातिर आरक्षित करने को कहा गया है। इसके अलावा, 101 निजी अस्पतालों को अपने वार्ड के कम से कम 60 प्रतिशत आईसीयू बिस्तरों को कोविड-19 संबंधी उपचार के लिए आरक्षित करने का निर्देश राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के मद्देनजर दिल्ली सरकार सरकारी व निजी अस्पतालों में बेड बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों संग हुई बैठक में कई सरकारी और निजी अस्पतालों को फिर से पूरी तरह से कोविड अस्पताल में तब्दील कर करने का फैसला लिया गया है। साथ ही केंद्र सरकार के अस्पतालों में भी कोविड बेड बढाने के लिए दिल्ली सरकार संपर्क करेगी। सीएम ने दिल्ली वालों से कोविड के लिए जारी प्रोटोकाल का पालन करने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि बहुत जरूरी होने पर ही अस्पताल जाएं और पात्र लोग वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से दिल्ली में कोरोना की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने सरकारी और निजी अस्पतालों में उपलब्ध और मरीजों से भरे बेड की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बढ़ते कोरोना के मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि उन्होंने कोरोना के संक्रमण को काबू करने के साथ ही संक्रमित लोगों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराना है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताया कि कोविड मरीजों को किसी भी हालत में अस्पतालों में बेड की किल्लत नहीं होनी चाहिए। कोरोना की यह चौथी लहर पिछली लहर से अधिक खतरनाक है। कोरोना के केस दिल्ली में रोजाना नए रिकार्ड बना रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सरकारी और निजी अस्पतालों में युद्ध स्तर पर कोविड बेड बढ़ाने का निर्देश दिया।

## बहुत जरूरी हो, तभी घर से बाहर निकलें : जैन



**नई दिल्ली।** कारोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने लोगों से बहुत जरूरी होने पर घर से बाहर निकलने का अनुरोध किया है। साथ महामारी को फैलने से रोकने में सहयोग देने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जरूरत के अनुसार, दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर अस्थाई कोविड केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

जैन ने कहा कि दिल्ली में सोमवार को 11491 केस आए और सकारात्मकता दर 9.43 से बढ़कर 12.44 फीसद पर पहुंच गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में दो ही चीजें हैं। एक आईसीयू और दूसरा वार्ड है। हर एक मरीज को वेंटीलेटर की जरूरत नहीं होती है। सिर्फ दो से तीन फीसद लोगों को ही वेंटिलेटर की जरूरत होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर वेंटिलेटर पर कोई मरीज है और उसे वेंटिलेटर की जरूरत नहीं भी है, तब भी उसे वेंटिलेटर बेड में दर्ज किया जाता है।

# युवाओं पर कोरोना महामारी की चौथी लहर की मार ज्यादा

## विशेषज्ञों ने कहा-वर्तमान स्ट्रेन ज्यादा संक्रामक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 50 से कम उम्र के डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी भी आ रहे चपेट में

कोविड-19 महामारी की चौथी लहर के कारण बुखार का तापमान उच्च स्तर पर जा रहा है, संक्रमण ज्यादा तेजी से फैल रहा है और युवा आबादी को प्रभावित कर रहा है, खासकर 30 से 50 वर्ष उम्र वर्ग के लोगों को। यह जानकारी विशेषज्ञ समूह ने दी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चौथी लहर पहले की तुलना में ज्यादा खतरनाक है और उनके पास मौजूद आंकड़े के मुताबिक इस बार संक्रमित 65 फीसदी रोगियों की उम्र 45 वर्ष से कम है। दिल्ली और देश में पिछले कुछ दिनों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी हुई है और इससे चिकित्सा विशेषज्ञ हैरान हैं। कुछ डॉक्टरों का कहना है कि इस वर्ष ज्यादा संख्या में लोगों के संक्रमित होने का कारण यह हो सकता है कि वायरस का म्यूटेशन हुआ है और वर्तमान स्ट्रेन ज्यादा संक्रामक है।

अपोलो अस्पताल में वरिष्ठ कंसल्टेंट सुरनजीत चटर्जी ने कहा, युवा आबादी काम करने के लिए बाहर जाती है, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करती है, उनका दूसरे के साथ संपर्क में आने की संभावना ज्यादा रहती है। कई लोग अब भी मास्क नहीं पहन रहे हैं और सामाजिक दूरी का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे मामलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले वर्ष जून, सितंबर और नवंबर की तुलना में मृतकों की संख्या अब भी काफी कम है। चटर्जी खुद भी कोविड-19 से संक्रमित हुए थे।

उन्होंने कहा कि 40 और 50 वर्ष उम्र वर्ग के डॉक्टर और अन्य युवा स्वास्थ्यकर्मी वर्तमान लहर में ज्यादा संक्रमित हो रहे हैं जबकि उनमें से अधिकतर ने कोविड-19 टीके की दोनों खुराक ली है। संक्रमण की चौथी लहर में दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में 37 चिकित्सक संक्रमित हुए हैं। इनमें से पांच को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। यह जानकारी पिछले बृहस्पतिवार को अस्पताल के सूत्रों ने दी थी।

## रात्रि कर्फ्यू उल्लंघन मामले में कैफे मालिक पर केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के कालकाजी क्षेत्र में रात्रि कर्फ्यू संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में एक कैफे एवं बार मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इन आरोपों से इनकार किया कि रविवार की रात छापेमारी के दौरान कुछ लोगों से मारपीट की गई।

जानकारी के अनुसार कालकाजी के एसडीएम के साथ मिलकर रविवार रात लगभग 11 बजे संयुक्त रूप से चुंबकिया कैफे एवं बार पर छापेमारी की गई, जहां रात्रि कर्फ्यू का उल्लंघन कर लोग एकत्रित हुए थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व) आर पी मीणा ने कहा, रात्रि कर्फ्यू के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर आईपीसी की धारा 188 (लोकसेवक की तरफ से लागू आदेश का उल्लंघन) के तहत रेस्तरां मालिक पर मामला दर्ज किया। दिल्ली सरकार ने महानगर में छह अप्रैल से 30 अप्रैल तक रात दस बजे से सुबह पांच बजे तक रात्रि कर्फ्यू लगाया है।

कैफे एक सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के बेटे द्वारा संचालित किए जाने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर पुलिस ने पाया कि वर्तमान में एसीपी के बेटे का कैफे से कोई संबंध नहीं है और न ही छापेमारी के दौरान वह वहां मौजूद थे। कैफे मालिक से पूछताछ में पता चला कि 2019 में जब यह खुला था तब एसीपी के पुत्र इससे जुड़े हुए थे।

## रमजान का चांद नहीं दिखा, पहला रोजा कल

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत देश के किसी भी हिस्से में सोमवार को रमजान का चांद नहीं दिखा, लिहाजा पहला रोजा बुधवार को होगा। दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने पुष्टि करते हुए कहा कि रमजान का चांद नजर नहीं आया है। इसलिए पहला रोजा 14 अप्रैल यानी बुधवार को ही होगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इस्लामी कलेंडर के आठवें महीने शाबान का 30वां दिन है।

जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, असम कर्नाटक और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों से संपर्क किया गया। कहीं से भी चांद नज़र आने की खबर नहीं मिली है।

### छठा सीरो सर्वे जारी

# हर वार्ड से लिए जाएंगे सौ नमूने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कोरोना के खिलाफ एंटीबॉडी का पता लगाना

कोविड-19 मामलों में चिंताजनक वृद्धि के बीच सीरोलॉजिकल सर्वेक्षण का छठा दौर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हुआ जिसका उद्देश्य लोगों में कोरोना वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी की मौजूदगी का पता लगाना है। इस कवायद के तहत 272 वार्डों से 28,000 नमूने एकत्रित किए जाएंगे, यानी हर कए वार्ड से करीब 100 नमूने। दिल्ली की आबादी 2 करोड़ से अधिक है जो 11 जिलों में फैली हुई है।



सूत्रों ने कहा कि सीरो सर्वे के छठे दौर में प्रतिभागियों के टीकाकरण इतिहास को भी संज्ञान में लिया जाएगा। पहला सीरो सर्वे दिल्ली सरकार द्वारा पिछले साल 27 जून से 10 जुलाई तक नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) के सहयोग से किया गया था। इस कवायद के तहत 21,387 नमूने एकत्र किए गए थे और यह पाया गया था कि लगभग 23 प्रतिशत प्रतिभागी कोरोना वायरस के सम्पर्क में आए हैं।

सीरो सर्वेक्षण के पांचवें दौर के नतीजों में शहर की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी में कोरोना वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी पाए गए थे।

जनवरी में समाप्त हुए सर्वेक्षण के तहत शहर के विभिन्न जिलों से 25,000 से अधिक लोगों से नमूने एकत्र किए गए थे। दिल्ली में रविवार को कोविड-19 के 10,774 मामले सामने आए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निवासियों को चेतावनी जारी की कि उन्हें बहुत जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आतिशी वैश्विक संस्था आईसीएलईआई की उपाध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली विधानसभा की पर्यावरण समिति की अध्यक्ष आतिशी को सोमवार को द इंटरनेशनल काउंसिल फॉर लोकल एनवायरनमेंट इनिशिएटिव (आईसीएलईआई) का वैश्विक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईसीएलईआई का 126 देशों के 1750 से अधिक शहरों में नेटवर्क फैला हुआ है। वैश्विक संगठन बेहतर भविष्य के लिए संयुक्त राष्ट्र के बहुपक्षीय पर्यावरण समझौतों को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। आईसीएलईआई के अध्यक्ष फ्रैंक कॉनी, संयुक्त राज्य अमेरिका में डेस मोइनेस के मेयर हैं। इसके अलावा स्वीडन के माल्मो के मेयर कैटरीन जममेह और फिनलैंड के तुर्कू के मेयर मिन्ना आर्वे उपाध्यक्ष हैं।

### अवैध निर्माण ढहाने की एनजीटी ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दक्षिण दिल्ली के जौनपुर और डेरा मंडी वन इलाके में हुए अवैध निर्माण को ढहाने के अपने आदेश पर पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायाधीश ए के गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अतिक्रमण को ढहाने संबंधी निर्देश वापस नहीं लिए जा सकते क्योंकि वहां अतिक्रमण है या नहीं इस मुद्दे पर अभी वैधानिक प्राधिकारों को कोई निर्णय लेना है। पीठ ने कहा, चूंकि अधिकरण ने व्यक्तिगत मुद्दों के समाधान की प्रक्रिया शुरू नहीं की है और वैधानिक प्राधिकारों को केवल कानून के आदेश का पालन करने का निर्देश किया है,ऐसे में अगर आवेदनकर्ता असंतुष्ट हैं तो वे उन आदेशों के खिलाफ उचित वैधानिक उपाय करने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसे वह असंतुष्ट हैं। एनजीटी ने पूर्व में दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी के जौनपुर और डेरा मंडी वन इलाके में किए गए अवैध निर्माण को ढहाने का आदेश दिया था और कहा था कि अतिक्रमण को मंजूरी दे कर वन कानून को पराजित नहीं किया जा सकता। अधिकरण ने इस प्रतिवेदन पर गौर किया कि 18 अगस्त 2020 को प्रस्तावित ढहाने का काम नहीं किया जा सका क्यों पुलिस बल मौजूद नहीं था जबकि उन्हें ढहाने की कार्रवाई वाले दिन पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने की जानकारी पहले ही दे दी गई थी।

### मिस कॉल से जाने ओबीसी आयोग की योजनाएं

**नई दिल्ली।** एक मिस कॉल पर मिलेगी ओबीसी आयोग की योजनाओं की जानकारी। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने सोमवार अन्य पिछड़ा आयोग कार्यालय में एक मिस काल नंबर जारी किया है। इस नंबर 8447004400 पर मिस काल करके अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग दिल्ली सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ले सकेंगे। आयोग के चेयरमैन चौधरी हरिओम सिंह डेढ़ा ने बताया कि आयोग की ओर से सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में से हर विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा नामांकित पांच लोगों की सलाहकार समिति बनाई है। समिति के बारे में विधायकों को सूचना दे दी गई। इस तरह 350 लोगों का कार्यबल जल्दी ही तैयार हो जाएगा। इसके बाद ये लोग विधानसभा क्षेत्रों में जाकर लोगों को पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करेंगे। इस मौके पर आयोग के सदस्य हरीश चौधरी और सीमा गुप्ता भी मौजूद रहे।




### नवरात्रि के दौरान मंदिरों में दर्शन की सीमित सुविधाएं

**नई दिल्ली।** कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ने के बीच दिल्ली के कुछ प्रमुख मंदिरों ने श्रद्धालुओं के लिए सीमित दर्शन सुविधाएं प्रदान करने और ई-पास जारी करने का फैसला किया है तो तथा कुछ मंदिर मंगलवार से शुरू हो रहे नौ दिन के पर्व में भक्तों के लिए बंद रहेंगे।

दिल्ली में छतरपुर, कालकाजी और झंडेवालान समेत कुछ देवी मंदिरों में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन करने आते हैं। हालांकि इस वर्ष मंदिरों ने या तो सीमित तरीके से दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने का या कुछ मंदिर प्रबंधनों ने नौ दिन तक बंद रखने का फैसला किया है। सरकार ने कोरोना वायरस के मौजूदा हालात को देखते हुए पिछले सप्ताह सभी धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक लगा दी थी। इसी क्रम में कालकाजी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को मंदिर की वेबसाइट से ई-पास डाउनलोड करना होगा। मंदिर के एक प्रवक्ता ने कहा कि इससे मंदिर प्रबंधन को भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# बंद दरवाजे से ड्राइवर का इशारा, बस में जगह नहीं

## *50 फीसदी क्षमता के साथ चलाने के आदेश के पहले दिन यात्रियों के स्टैंड पर करना पड़ा इंतजार*

**पायरियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिल्ली सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद सोमवार को कार्यालयों, मेट्रो और बस सेवाओं में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ काम किया गया। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने शनिवार रात को आदेश जारी कर सभी प्रकार के एकत्रीकरण पर पाबंदी लगा दी थी।

इसके अलावा विवाह समारोह तथा अंतिम संस्कार में लोगों की संख्या घटाने, सार्वजनिक परिवहन को आधी क्षमता के साथ संचालित करने और सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति घटाने का निर्देश दिया गया था। प्रतिबंधों के एक दिन बाद बसों और मेट्रो में लोगों की संख्या घटा दी गई जिससे बस और मेट्रो स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई। परिवहन अधिकारियों ने कहा कि लोग खुद सावधानी बरत रहे हैं फिर भी वे बसों में बैठने की क्षमता से आधी संख्या में यात्रियों को ले जा रहे हैं। दिल्ली परिवहन निगम के एक अधिकारी ने कहा, कई बसों में कुछ एक यात्रियों के ही सफर करने की खबर मिली है। हालांकि, यात्रियों की संख्या में पाबंदी के कारण कुछ लोगों को बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ा। कुछ रास्तों को छोड़ दें तो बसें कुछ यात्रियों को ही लेकर जा रही हैं या खाली जा रही हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने कहा कि वह कोच या प्लेटफॉर्म पर भीड़भाड़ नहीं होने दे रहे हैं। डीएमआरसी के एक अधिकारी ने कहा, पिछले साल सितंबर से सेवा शुरू होने के बाद से हमने कई संक्रमण रोधी कदम उठाए हैं।

# लालकिला हिंसा : वांछित लक्खा के चचेरे भाई को हिरासत में नहीं लिया : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सोशल मीडिया पर वायरल गुरदीप उर्फ मुंडी के पकड़े जाने की खबर पर स्पष्टीकरण

पंजाब में दिल्ली पुलिस द्वारा गुरदीप सिंह उर्फ मुंडी को पकड़े जाने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आरोप हैं कि पुलिस ने उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा और उसकी पिटाई की। इसे लेकर पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने केवल गुरदीप सिंह से पूछताछ की थी। उसे ना तो गिरफ्तार किया गया और ना ही हिरासत में लिया गया है। उससे फरार चल रहे लक्खा सिधाना को लेकर पूछताछ की गई थी जिसकी लाल किला हिंसा मामले में तलाश है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, उसे पता चला है कि गुरदीप सिंह उर्फ मुंडी को पंजाब में दिल्ली पुलिस की एक टीम द्वारा हिरासत में लेने के बारे में सोशल मीडिया पर आरोप लगाया जा रहा है और दुष्प्रचार किया जा रहा है। उसने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस पर हिंसा के सिलसिले में कई मामले दर्ज किए गए हैं, काफी संख्या में संदिग्धों से पूछताछ की गई है और दिल्ली एवं कई अन्य राज्यों के करीब 160 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## *दीप सिद्धू की जमानत पर कोर्ट का फैसला सुरक्षित*

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के दिन लालकिला परिसर में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार अभिनेता-कार्यकर्ता दीप सिद्धू की जमानत याचिका पर दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश नीलोफर आबिदा परवीन ने कहा कि सिद्धू की जमानत याचिका पर 15 अप्रैल को फैसला सुनाया जाएगा।

सिद्धू के वकील ने अदालत से कहा कि केवल मौजूदगी ही उनके मुवक्किल को गैर कानूनी रूप से एकत्र होने का आरोपी नहीं बना देती और वह एक ईमानदार नागरिक है, जो प्रदर्शन का हिस्सा था। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश लोक अभियोजक ने दावा किया कि सिद्धू हिंसा करने तथा राष्ट्रीय ध्वज का निरादर करने के उद्देश्य से प्रदर्शन में शामिल हुआ था और गैर कानूनी रूप से लोगों के एकत्र होने में उसकी मुख्य भूमिका थी।

# पैसे के लिए पिता को मार डालने का आरोप, युवक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

दक्षिण दिल्ली के फतेहपुरी बेरी इलाके में पैसे देने से इंकार करने पर पिता की हत्या करने के आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बेटा बलवान ने अपने पिता मनोहर लाल पर चाकू से कई बार हमला कर वारदात को अंजाम दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान पिता ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने कहा कि यह घटना रविवार को भीम बस्ती के पास उस समय हुई, जब पिता के पैसे देने से इंकार करने पर पिता-पुत्र में बहस हुई और बाद में बलवान ने कथित तौर पर पिता पर चाकू से कई वार किए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल अवस्था में लाल को एम्स के ट्रामा सेंटर ले जाया गया था, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। छानबीन जांच के दौरान सामने आया कि लाल के पैसे देने से मना करने पर नशे में धुत बेटे ने उन पर हमला किया था।

# एनसीबी ने पकड़ी 30.5 लाख रुपए की प्रतिबंधित दवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● डार्कनेट के जरिए होती थी खरीद फरोख्त, चार धरे

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बड़ी कामयाबी मिली है। एनसीबी की टीम ने उत्तर प्रदेश के बलिया, आगरा और दिल्ली में आरोपियों के ठिकाने पर छापेमारी करीब 30.5 लाख की प्रतिबंधित दवाएं और कफ सिरप जब्त कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सारी दवाइयां अवैध तरीके से तस्करी कर विदेश भेजी जा रही थीं। खास बात है कि दवाओं की खरीद फरोख्त डार्कनेट के जरिये की जा रही थी।

एनसीबी के उपनिदेशक केपीएस मल्होत्रा ने सोमवार को बताया कि इस अभियान में अभी तक 30.5 लाख नशीली दवाएं, 70,000 कोडीन वाला कफ सिरप और 14.895 किलोग्राम एम्फेटामाइन दवा बरामद की जा चुकी है। दिल्ली जोन की इकाई ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और उत्तरखंड में कई स्थानों पर छापेमारी की और चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

इन लोगों की पहचान के अग्रवाल, के गोयल, सोमदत्त और मनीष के रूप में हुई है। चारों आरोपी प्रतिबंधित दवाओं की अवैध तरीके से खरीद फरोख्त कर तस्करी के जरिये अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप तथा अन्य देशों में भेजता था।

# चांदनी चौक क्षेत्र में दोबारा न हो अतिक्रमण

## हाईकोर्ट ने अधिकारियों को चेताया, पुनर्विकास पर की गई मेहनत बेकार न चली जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि चांदनी चौक क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण न हो जहां पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि अधिकारियों द्वारा किया गया अच्छा काम व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने कहा, अधिकारी शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी) के अध्यक्ष द्वारा दी गई समयसीमा का पालन करेंगे। दोबारा अतिक्रमण नहीं होगा और अच्छा काम व्यर्थ नहीं जाएगा। पीठ इस मामले में अगली सुनवाई 18 मई को करेगी। अदालत का यह निर्देश एसआरडीसी अध्यक्ष के इस प्रतिवेदन पर आया कि उन्होंने शहरी विकास मंत्री की अध्यक्षता में नौ अप्रैल को हुई बैठक का विवरण रखा है और अधिकारियों को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए समयसीमा और निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। एसआरडीसी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता नौशाद अहमद खान ने कहा कि क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण हो गया है। अदालत ने उनसे पूछा कि क्या एसआरडीसी अधिकारियों को निर्देश देने में खुद सक्षम नहीं है।

खान ने इस पर कहा कि परियोजना में 16 से अधिक सांविधिक प्राधिकार शामिल हैं और उन सबके बीच तालमेल लगभग असंभव है। इस वजह से एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई थी जो उन सबसे बात करता रहा है और अदालत को घटनाक्रमों से अवगत भी कराता रहा है। उन्होंने कहा कि मामले में अदालत के नियमित ध्यान देने से परियोजना अपने तार्किक अंजाम के करीब है।

चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता संजीव रल्ली ने कहा कि परियोजना में पिछले दो साल से विलंब हो रहा है और अधिकारियों का कठिन परिश्रम बेकार जा रहा है।

# कचरा स्थल का नियमों के अनुरूप होना जरूरी : एनजीटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● अधिकरण ने समिति गठित कर इस मुद्दे पर बैठक करने का दिया निर्देश

एनजीटी ने कहा है कि दिल्ली के कचरा स्थलों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अनुरूप बनाए जाने की आवश्यकता है। अधिकरण ने एक समिति गठित कर इस मुद्दे पर बैठक करने का निर्देश दिया है।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए के गोयल की अगुवाई वाली पीठ द्वारा गठित समिति में सचिव, शहरी विकास दिल्ली, सीपीसीबी, डीपीसीसी और स्थानीय निकायों को शामिल किया गया है। पीठ ने कहा, इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली शहरी विकास सचिव कर सकते हैं। समन्वय और अनुपालन की नोडल एजेंसी सीपीसीबी और डीपीसीसी होंगे।

इस बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार आगे कदम उठाए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर सीपीसीबी सभी राज्यों केंद्रशासित प्रदेशों में लागू करने के लिए उचित मानक संचालन प्रक्रिया जारी कर सकता है। अधिकरण ने करोल बाग के बापा नगर में मिलिटरी रोड से कचरा नहीं हटाए जाने के खिलाफ दिल्ली निवासी अनुभव की याचिका पर सुनवाई के दौरान निर्देश दिया।

# उद्यमियों की समस्याओं के समाधान को गुरुग्राम में स्थापित होगा फ्रंट ऑफिस

## डीएचबीवीएन के हिसार मुख्यालय में नहीं भेजे जाएंगे गुरुग्राम के मामले

## बिजली मंत्री ने गुरुग्राम के उद्यमियों के साथ की बैठक



गुरुग्राम में उद्यमियों के साथ बैठक करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बिजली** मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम के उद्यमियों की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए गुरुग्राम में ही फ्रंट ऑफिस स्थापित किया जाएगा। यहां के मामले हिसार स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्यालय पर नहीं भेजे जाएंगे। यह घोषणा उन्होंने सोमवार को यहां लोक निर्माण विश्राम गृह में गुरुग्राम जिला की विभिन्न इंडस्ट्रीयल एसोसिएशनों के साथ हुई बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, फरीदाबाद और धारूहेड़ा औद्योगिक हब हैं, जहां से बिजली कंपनियों को राजस्व मिलता है। इसलिए बिजली निगम भी उद्यमियों की समस्याओं का हर संभव समाधान करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक या उनका प्रतिनिधि और 15 दिन में वे स्वयं गुरुग्राम में उद्योगों को बिजली आपूर्ति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने उद्यमियों को विश्वास दिलाया कि वे उनकी बिजली संबंधी समस्याओं को समझ चुके हैं। अब उनका समाधान करवाने की दिशा में काम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगले तीन महीनों में गुरूग्राम में बिजली संबंधी शिकायतों के निपटारें (ग्रीवेंस रिडैऊसल सिस्टम) में सुधार किया जाएगा। आधी से ज्यादा समस्याओं का समाधान अगले एक महीने में ही हो जाएगा, जिसे उद्यमी खुद महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगो के बिजली बिल ई-मेल के जरिए भेजे जाएंगे जिनकी अदायगी करने के लिए उन्हें 7 कार्य दिवस दिए जाएंगे, जिसमें वे दिन शामिल नहीं होंगे जिन दिनों में बैंको का अवकाश होता है। उद्यमियों की मांग पर बिजली मंत्री ने कहा कि उद्योग में कितनी बिजली की खपत हुई, कितना बिल भरा गया आदि से संबंधित डाटा ऑनलाईन उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए कॉमर्शियल लॉकबुक ऑनलाईन बनाई जाएगी जहां से उद्यमी अपने उद्योग का बिजली संबंधी डाटा देख पाएंगे। ऐसा करने से उद्योगो को पिछली बकाया राशि लंबित होने के नाम पर एक दम से ज्यादा राशि का बिल मिलने की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिजली निगम या हरियाणा बिजली नियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले सर्कुलर भी औद्योगिक एसोसिएशनों को भेजे जाएंगे, ताकि उन्हें नियमों की पूरी जानकारी रहे। बिजली मंत्री ने यह भी कहा कि जिन उद्योगो के ज्यादा राशि के बिल बकाया हैं और वे बंद हो चुके हैं। ऐसे उद्योगों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से सलाह करके कोई स्कीम लाई जाएगी, ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में नियुक्त बिजली अधिकारियों की अगले तीन महीनों में परफोर्मेंस देखी जाएगी, जो काम नहीं करेंगे उन्हें यहां से बदला जाएगा।

मीटर रीडिंग नहीं लिए जाने की शिकायत पर बैठक में उपस्थित बिजली निगमों के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास ने कहा कि मीटर रीडिंग की फोटो लेकर बिल के साथ भेजी जाएगी, ताकि घर बैठे कुछ भी अनाप-शनाप रीडिंग भरकर बिल ना भेजे जाएं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उच्च संप्रेषण (एचटी) रीडिंग सिस्टम से डाउनलोड करके ही बिल भेजने की व्यवस्था है। श्री दास ने यह भी कहा कि एक महीने के अंदर-अंदर वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर बिजली बिल देना सुनिश्चित किया जाएगा और यदि उपभोक्ता का मीटर खराब है तो उसे भी तत्काल बदला जाएगा।

## अगले तीन माह में बिजली मामलों में गुरुग्राम की बदल देंगे तस्वीर : रणजीत चौटाला



बैठक में बोलते बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने सोमवारको कहा कि अगले तीन महीनों में बिजली के मामले में गुरुग्राम की तस्वीर बदल देंगे। यह परिवर्तन यहां के लोग महसूस भी करेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित आधी से ज्यादा समस्याओं को हम अगले एक महीने में ही दूर करने की कोशिश करेंगे। अगले एक सप्ताह में गुरुग्राम में युद्ध स्तर पर काम होता दिखाई देगा।

उन्होंने रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) की बिजली से संबंधित शिकायतें सुनी और उनका समाधान करवाने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली निगम के दो वरिष्ठ अधिकारी अगले 3 दिन तक गुरुग्राम में ही रहकर उद्यमियों तथा आरडब्ल्यूए की समस्याएं सुनेंगे और हल हो सकने वाली समस्याओं पर प्रबंध निदेशक बलकार सिंह से स्वीकृति लेकर उनका समाधान करवाएंगे और आवश्यकता पड़ी तो अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास या स्वयं उनसे बात करेंगे।

बिजली मंत्री ने कहा कि एक महीने के बाद वे इसी प्रकार की बैठक दोबारा यहां करेंगे। एडवांस कजम्पशन डिपोजिट (एसीडी) के बारे में बिजली मंत्री ने कहा कि यह नियम हरियाणा बिजली नियामक आयोग का है और यह राशि एक मुश्त ना लेकर चार आसान किस्तों में लेने के लिए आयोग से आग्रह किया जाएगा। दो बिलिंग साईकिल की औसत के आधार पर उपभोक्ता से अग्रिम राशि सिक्योरिटी के तौर पर जमा करवाने की व्यवस्था को एसीडी कहा जाता है। अगर उपभोक्ता बिजली निगम का डिफाल्टर हो जाता है तो उस सिक्योरिटी राशि से बिल की भरपाई की जा सकती है। बिजली निगम के अतिरिक्त मुख्य सचिव पी के दास के अनुसार आयोग का एक नियम यह भी है कि बिजली जाने के बाद यदि कुछ घंटो में बिजली बहाल नहीं हो पाती है तो निगम उस उपभोक्ता को पैसे भी देगा।

# थैलीसीमिया पीड़ितों और गर्भवती महिलाओं के लिए लगा रक्तदान शिविर



रेडक्रॉस सोसायटी में आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों को सम्मानित करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## शिविर में 51 युवाओं ने किया रक्तदान

**रक्तदान** जीवनदान युक्ति को सार्थक करने के उद्देश्य से जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं सिद्धि फाउंडेशन की ओर से रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दिया जाएगा। शिविर में 51 युवाओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डा. यश गर्ग के मार्गदर्शन में चंडीगढ़ से आए दिव्यांगजन के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम रेडक्रास सोसायटी में सिद्धि फाउन्डेशन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में महिलाओं की भागीदारी भी काबिले तारीफ है। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिव्यांगजन के कार्यो के लिए सोसायटी जो भी कार्य करती है, वह व्यक्तिगत रूप से करती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन के लिए बेरियर फ्री कार्य के लिए काम करने वाली राज्य भर में गुरुग्राम रेडक्रास सोसायटी पहली संस्था है, जिन्होंने गुरुग्राम में दिव्यांगजन के लिए बेरियर फ्री अभियान शुरू किया और सर्वे करवाया। इस अवसर पर उन्होंने जिले भर में आए विभिन्न सामाजिक संगठनों, उनके प्रतिनिधियों को रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सोसायटी के साथ मिलकर यदि सामाजिक संगठन काम करेगें तो अन्य जिलों के लिए एक उदाहरण हो सकता है। उन्होंने कहा कि अब दिव्यांगजन किसी भी प्रकार की शिकायत ऑनलाईन भी कर सकता है। दिव्यांगजनों के लिए सरकार की बहुत बड़ी योजना भी है, जिनका लाभ दिव्यांगजन बहुत बडे स्तर पर उठा सकते है।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आयुक्त को सुझाव दिए और दिव्यांगजन के जीवन में आने वाली बाधाओं के बारे में विस्तार से बताया। आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र भेंटकर एवं बेज लगाकर सम्मानित किया।

## एक और विवाहिता चढ़ी दहेज की बलि

**होडल।** दहेज के लोभी सुसराल वालों ने शादी के आठ-नौ महीने बाद ही एक विवाहिता को जहर देकर दहेज की बलि चढा दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक महिला के परिजन पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने महिला के शव का पलवल स्थित सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने मृतक महिला के अंकल की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जांच अधिकारी एएसआई मनोज ने जानकारी में बताया कि गांव औरंगाबाद निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने अपनी भतीजी सोनिया की शादी 27 जून 2020 को गांव खिरबी निवासी सुरेश के साथ की थी।

## 134ए के तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया बंद होने पर उपमुख्यमंत्री का आभार जताया

कैलाश मंगला। होडल



हरियाणा प्राइवेट स्कूल शोसल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य पत्रकारों से बातचीत करते।

**134ए** के तहत प्राइवेट स्कूलों में होने वाली दाखिला प्रक्रिया बंद होने पर हरियाणा प्राइवेट स्कूल शोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रैस वार्ता कर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन की प्रेस वार्ता का आयोजन होडल विश्राम गृह में प्रधान देवेंद्र सौरोत की अध्यक्षता में हुआ।

हरियाणा प्राइवेट स्कूल शोशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत व हेतराम सौरोत ने पत्रकारों से बातचीत कर जानकारी में बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के होडल आगमन पर एसोसिएशन के सदस्यों ने उसके समक्ष मांग रखी थी कि प्राइवेट स्कूलों में 134ए के तहत होने वाले दाखिला योजना प्राइवेट स्कूलों में बंद कर उन बच्चों के दाखिले सरकारी स्कूलों में की जाए क्योंकि यह योजना हरियाणा प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में कहीं भी लागू नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री चौटाला ने उनकी मांग को मानते हुए तुरन्त प्रभाव से इस 134ए दाखिला प्रक्रिया को पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि मांग के पूरे होने के बाद एसोसिएशन के सदस्यों ने दुष्यंत चौटाला के दिल्ली स्थित कार्यालय पर पहुंचकर उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। इसके अलावा एसोसिएशन के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष यह भी मांग की कि कोरोना महामारी के चलते कुछ दिन और स्कूलों को खोलने की इजाजत दी जाए जिससे की विधार्थियों के पेपर व पढ़ाई पूरी हो सके जिसपर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी कुछ दिनों में कोरोना महामारी के केशों की संख्या कम होती है तो सरकार जल्दी स्कूलों को खोलने की इजाजत दी जाएगी।

# कृष्णा रसोई की वर्षगांठ पर हेल्थ पार्क जनता को समर्पित : नवीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**पिछले** दो साल से गरीब बच्चों को साप्ताहिक भोजन उपलब्ध कराने वाली संस्था कृष्णा रसोई की ओर से सेक्टर-52 आरडी सिटी में हेल्थ पार्क का निर्माण किया गया है। संस्था की दूसरी वर्षगांठ पर यह पार्क बीजेपी युवा नेता एवं कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने जनता को समर्पित किया। इसी पार्क में नगर निगम की ओर से ओपन जिम भी लगाया गया है।

इस मौके पर नवीन गोयल ने कहा कि कृष्णा रसोई अपने आप में एक ऐसा काम कर रही है, जो कि आसान नहीं है। किसी भी कार्य की शुरुआत तो की जा सकती है, लेकिन उसे लम्बे समय तक चलाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज में अपना एक अलग मुकाम हासिल करती हैं। समाजसेवा के लिए जज्बा होना बहुत जरूरी है। उन्होंने संस्था के संचालक संदीप गुप्ता और रिषी अग्रवाल के इस कदम की सराहना की। उन्होंने संस्था की ओर से हेल्थ पार्क को लेकर कहा कि यह पार्क लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा।

## चोरों ने अलग-अलग जगह दिया दो वारदातों को अंजाम

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र के अंतर्गत से एक बाइक व पशु चिकित्सालय चार पंखे चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार गांव रायदासाक निवासी प्रदीप ने चांदहट थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि वह वैटनरी लाइव स्टॉप डबलपमेंट अस्टिंस (वीएलडीए) के पद पर कार्यरत है और उसके पास गांव लालगढ़ स्थित पशु चिकित्सालय का एडिशनल चार्ज है। इसी प्रकार चोर गांव कुशलीपुर निवासी अधिवक्ता पवन कुमार की बाइक को शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर चौक के पास से चोरी कर ले गए।

# टीका उत्सव में कराएं टीकाकरण : सुधीर सिंगला

## सेक्टर-31 पॉलीक्लीनिक में किया कोरोना वेक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-31 में कोरोना टीकाकरण कैंप के शुभारंभ अवसर पर मौजूद विधायक सुधीर सिंगला और अधिकारियों की देखरेख में वैक्सीन लगवाते लोग।

**गुड़गांव** के विधायक सुधीर सिंगला ने सोमवार को सेक्टर-31 स्थित पॉलीक्लीनिक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीका उत्सव के तहत कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से अपील की कि सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार 45 साल या इससे अधिक उम्र के लोग वैक्सीन लगवाएं, ताकि कोरोना का खतरा कम हो सके।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, एसएमओ नीना गठवाल, बीजेपी नेता अमित गोयल व स्वास्थ्य विभाग से अन्य स्टाफ मौजूद रहा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि 11 से 14 अप्रैल तक टीका उत्सव मनाया जा रहा है। कोरोना महामारी को मात देने के लिए अधिक से अधिक टीकाकरण हमें सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। इस तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें। कोरोना से बचाव को बहुत ही सावधानी बरतनी है। सामाजिक दूरी बहुत जरूरी है। इसके अलावा मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग करना ना भूलें। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन में अधिक से अधिक लोग आएं। 45 साल की उम्र से अधिक लोगों के लिए सरकार ने वैक्सीनेशन को व्यापक पैमाने पर शुरू कर रखा है। सभी नागरिकों का सरकार, प्रशासन का सहयोग चाहिए। तभी इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि हम एक-दूसरे को वैक्सीनेशन के लिए भी जागरुक करें, ताकि नियमों के मुताबिक सभी को वैक्सीन लगाई जा सके। विधायक ने बताया कि सिविल लाइन स्थित उनके कार्यालय के अलावा अन्य कई स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए कैंप लगाए गए हैं। वहां भी लोग पहुंचकर कोरोना की टीका लगवा सकते हैं। यह निशुल्क है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगवाने के बाद भी हमें सभी सावधानियां ऐसे ही बरतनी हैं। बुजुर्गों को जहां तक हो सके, घर में ही रखें। क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता उम्र के साथ कम होती जाती है। बीमारियां उन्हें जल्दी लगने का खतरा रहता है। इसलिए यह सावधानी बरतनी जरूरी है। विधायक सुधीर सिंगला ने यहां पहुंचने वाले लोगों से भी कहा कि वे यहां सामाजिक दूरी बनाकर रखें। ऐसा ना हो कि हम इलाज कराने आएं और बीमारी लेकर जाएं। सामाजिक दूरी बहुत जरूरी है। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। दोनों ही वैक्सीन सुरक्षित हैं और लाभकारी हैं। वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों को नि:संकोच आगे आना चाहिए।

## खाद के बढ़े दाम सरकार तुरंत वापस ले : सतीश जैन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**खाद** के मूल्य में अप्रत्याशित बढ़ोतरी, गेहूं खरीद में नमी के नाम पर लूट, मेरी फसल मेरा ब्यौरा की पूर्ण विफलता, बढ़ती महंगाई एवं प्रदेश में चरम पर बेरोजगारी के खिलाफ इंडियन नेशनल लोकदल गुरुग्राम इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) सतीश जैन के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम प्रेषित ज्ञापन उपायुक्त गुरुग्राम को सौंपा।

सतीश जैन ने बताया कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण डीएपी खाद में प्रति बैग 700 रुपये की अप्रत्याशित वृद्धि करके किसान की कमर को आर्थिक तौर पर तोड़ने का काम किया है। कृषि लागत बढ़े हुए डीजल, बीज, कीटनाशक दवा, कृषि मजदूरी के दृष्टिगत आसमान छू रही है। भारतीय जनता पार्टी का किसानों से स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार लागत पर 50 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद का वायदा टूट चुका है। 2022 में किसान की आय दुगनी होना दूर की कोड़ी प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि ताजा आंकडों के मुताबिक बेरोजगारी दर 28.1 प्रतिशत है। जिससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों वजह से महंगाई तथा बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है। प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी को सरकार की गलत नीतियों का परिणाम बताया। हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी दर 28.1 प्रतिशत के साथ राष्ट्र में प्रथम स्थान पर है। इंडियन नेशनल लोकदल के शासनकाल में विकसित मिलेनियम एवं साइबर सिटी गुरुग्राम से वर्तमान सरकार की गल्त नीतियों के कारण सेंकड़ों बड़े उद्योग पलायन कर चुके है और हजारों पलायन करने की तैयारी कर रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## यशिका ने ताईक्वांडो प्रमोशन टेस्ट में येलो ग्रेड किया हासिल



**गुरुग्राम।** यहां की 8 वर्षीय बच्ची यशिका रोहिल्ला ने नई दिल्ली में ताईक्कांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रमोशन टेस्ट में येलो ग्रेड हासिल किया है। इंटरनेशनल ताईक्कांडो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्रन बालान द्वारा यशिका रोहिल्ला को ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। रविवार को ताईक्कांडो एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली के चाणक्यपुरी क्षेत्र में स्थित नेहरू पार्क में गेडिंग के लिए ताईक्कांडो प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया था, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न शहरों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गुरुग्राम की 8 वषीज्य छात्रा यशिका रोहिल्ला तीसरी कक्षा की छात्रा हैं, जो पिछले 3-4 माह से ताईक्कांडो का अभ्यास कर रही है। उनके कोच अमित कुमार, जो कि ताईक्कांडो में ब्लैक बैल्ट हैं, उनके सानिध्य में यशिका रोहिल्ला ताईक्कांडो सीख रही हैं। यशिका रोहिल्ला के पिता एसएस रोहिल्ला नगर निगम गुरुग्राम में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। यशिका रोहिल्ला के अनुसार वे सेल्फ डिफेंस के तहत मार्शल आर्ट में निपुण बनकर ताईक्कांडो में भारत के लिए खेलने का लक्ष्य रखती हैं। यशिका के कोच अमित कुमार के अनुसार ताईक्कांडो एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंटरनेशनल ताईक्कांडो फेडरेशन से मान्यता प्राप्त एसोसिएशन है। इस एसोसिएशन द्वारा सेल्फ डिफेंस मिशन के तहत विशेषकर बच्चों को मार्शल आर्ट में निपुण बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## जैन मंदिर की प्रबंधन कमेटी की पुरानी कार्यकारिणी फिर चुनी



**गुरुग्राम।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर की प्रबंधन कमेटी का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को ही सर्वसम्मति से चुन लिया गया। इस चुनाव में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के पूर्व निदेशक डा. एनके जैन को चुनाव अधिकारी निशुक्त किया गया। मंदिर की प्रबंधन कमेटी के चुनाव के लिए सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया। यहां हाउस के समक्ष चुनाव का विषय रखा गया। चुनाव अधिकारी डा. एनके जैन के मुताबिक कोई भी सदस्य यहां चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हुआ। साथ ही कुछ सदस्यों ने पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नाम का ही अनुमोदन करके उन्हें अगले 2 वर्ष के लिए चुनने की सलाह दी। इसके बाद निर्विरोध पूरी कार्यकारिणी को अगले 2 वर्ष के लिए चुन लिया गया। प्रवक्ता अभय जैन के मुताबिक नरेश जैन धनकोट को प्रधान, रविंद्र जैन उप-प्रधान, अशोक कुमार जैन महासचिव, जैनेंद्र जैन सह-सचिव, खजांची शैलेंद्र जैन कार्यकारिणी में शामिल हैं।

## अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

**पलवल।** कैंप थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी यादराम के अनुसार उन्हें मुखबिर की सूचना पर एएसआई धर्मपाल व हेड कांस्टेबल संदीप के नेतृत्व में टीम गठित कर रेलवे रोड पर नाकाबंदी की। एक युवक नाके पास पुलिस को देख भागने लगा। टीम ने उसे काबू कर तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश निवासी गांव भवाना (हसनपुर) बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मारपीट व धमकी देने के दो मामलों में आठ पर केस दर्ज

**पलवल।** अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत लाठी-डंडों से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के दो मामले प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर आठ नामजद व आठ-दस अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार गांव लाड़ियाका निवासी केशव ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक अप्रैल को ट्रैक्टर से गांव सैलोंटी में जेरनेटर छोड़कर घर आ रहा था। उसी दौरान गांव निवासी प्रसादी, रमेश, सुरेश, देवा और महेंद्र ने रास्ते में रोककर मारपीट कर दी। सूचना मिलते ही भाई सुनील मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की। परिवार के सदस्य मौके पर आ गए बीच-बचाव कर घर ले गए। उसके कुछ देर बाद आरोपियों ने अपने साथी गांव रायदासका निवासी संजय, नरेश आदि लोगों के साथ परिवार पर हमला कर दिया। इसी प्रकार गांव कुशलीपुर निवासी जितेंद्र ने कैंप थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि दस अप्रैल को वह गांव के महाबीर चौक पर मौजूद था। उसी दौरान गांव निवासी संदीप ने बताया कि आपके भाई राजकुमार को गांव असावटा निवासी अक्षय अपने साथ ले गया है और आठ-दस अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी लाठी-डंडा, सरिया से पिटाई की है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## उधार लिए रुपये चुकता नहीं कर पाने पर जहर खाकर जान दी

**पलवल।** उधार लिए हुए रुपये चुकता नहीं कर पाने पर एक व्यक्ति ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। शहर थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर एक नामजद व 2 अन्य आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार पलवल के ढेर मोहल्ला निवासी ऊषा ने शिकायत दर्ज कराई है कि पति शिवओम ने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व गांव धामाका निवासी अंकित रावत से 30 हजार रुपये उधार लिए थे। पीड़िता का पति अंकित के कहने पर रेहड़ी लगाता था। पीड़िता के पति ने 20 हजार रुपये अंकित रावत को वापस दे दिए और बकाया दस हजार रुपये रह गए थे। जिसके बाद पीड़िता का पति अंकित को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से देने लगा। लेकिन अंकित बार-बार घर आकर गाली-गलौज कर सारे रुपये वापस करने की बात कहने लगा और नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। आठ अप्रैल को अंकित ने अपने ताऊ के लड़के के साथ पीड़िता के पति शिवओम की पिटाई की। दस अप्रैल की शाम छह बजे जहर खाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक माह में अपना रिकॉर्ड दुरुस्त करें एजेंसियां: सुनीता यादव

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम में आऊटसोर्स स्टाफ उपलब्ध करवाने वाली एजेंसियों के पीएफ एवं ईएसआई की जांच के लिए गठित कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को डिप्टी मेयर सुनीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी मेयर ने नगर निगम के चीफ अकाऊंट ऑफिसर सुमंत कुमार को निर्देश दिए कि वे एक माह के भीतर एजेंसियों के एस्क्रो अकाऊंट खुलवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पीएफराशि की जांच के लिए पीएफ कमिशनर को पत्र लिखा जाए। उन्होंने एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निदेश दिए कि वे नगर निगम में आऊटसोर्स आधार पर लगे कर्मचारियों को प्रति माह सेलरी स्लिप उपलब्ध करवाएं। इसके साथ ही पूरा रिकार्ड एक माह के अंदर दुरूस्त करें। अगर एक माह में इन सभी निर्देशों की पालना नहीं की जाती है तो अगली बैठक में पूरे मामले की जांच के लिए स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को शिकायत भेजी जाएगी। बैठक में नगर निगम के एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई, निगम पार्षद रविन्द्र यादव व चीफ अकाऊंट ऑफिसर सुमंत कुमार सहित स्थापना शाखा व लेखा शाखा के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अलावा मैनपावर प्रदाता एजेंसी एमआईटूसी व आरएस इंटरप्राईजेज के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद हुए।

## उपायुक्त ने तीन कोविड रथों को हरी झंडी दिखाई

**पलवल।** पलवल लघु सचिवालय में जिला उपायुक्त नरेश नरवाल ने आज टीका उत्सव अभियान का रीबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिले में कोविड़ 19 के प्रति लोगों को जागरूकता के लिए तीन कोविड़ रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला सिविल सर्जन डा.ब्रहमदीप सिहं व जिला टीकाकरण अधिकारी डा. योगेश मलिक भी मौजूद थे। उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि देश भर में कोरोना की लहर दोबारा शुरू हो गई है। पलवल जिले में भी कोरोना के केसों में बढ़ोत्तरी हो रही है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 13 अप्रैल, 2021



# इस्तेमाल न होने वाले सामान से बनाई आर्ट एंड क्राफ्ट

**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था मिशन जागृति के द्वारा बल्लभगढ़ की तिरखा कॉलोनी की गली नंबर एक में स्थित कौशल विकास आत्मनिर्भर केंद्र चलाया जा रहा है जिसमें 60 महिलाएं बेटियों को सिलाई कढ़ाई आर्ट एंड क्राफ्ट एवं योग के माध्यम से उनके कौशल का विकास किया जा रहा है।

मिशन जागृति महिला विंग की उपाध्यक्ष एवं आर्ट एंड क्राफ्ट कि कोऑर्डिनेटर लता सिंगला ने बताया कि इसी केंद्र में आर्ट एंड क्राफ्ट सीख रही बेटियों के सम्मान को अब लोग प्रशंसा कर रहे हैं एवं खरीद भी रहे हैं। घर का जो सामान हम बाहर फेंक देते हैं या जो कि प्रयोग में नहीं होता है उन



सामान को कितने बढ़िया तरीके से सजाकर आप अपने ड्राइंग रूम में रख सकते हो। क्यों अब उन समान को लोग खरीद रहे हैं और बेटियां जो आर्ट एंड क्राफ्ट सीख रही थी जो सिलाई कढ़ाई सीख रही थी वह अब आत्मनिर्भर हो रही हैं। आत्मनिर्भर कौशल विकास केंद्र की संचालक सुनीता रानी ने बताया कि इसी कड़ी में पहली आत्मनिर्भर की कमाई उन बेटियों को आज सौंप दी गई।

# लापरवाही: कचरे के ढेर में पड़ी हैं लाखों दवा की गोलियां

**कविता।** फरीदाबाद

**एक** तरफ सरकार बच्चों की अच्छी सेहत के लिए दी जाने वाली जीवन रक्षक दवाओं पर काफी पैसा खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर ये दवाएं कूड़े में डाली जा रही हैं। बीके सिविल अस्पताल परिसर की पुरानी इमारत में इस तरह की बहुत सारी दवाईयां कूड़े के ढेर में पाई गई। सभी दवाइयां सरकारी सप्लाई की हैं। पैकेटों पर हरियाणा गवर्नमेंट सप्लाई ऑनली लिखा हुआ था। साथ ही इनकी एक्सपायरी डेट भी लिखी थी।

जानकारी के मुताबिक सिर दर्द, उबकाई, उल्टी, दस्त और पेट दर्द की समस्या होने पर दी जाने वाली दवा की लाखों गोलियां और सैंकड़ों की संख्या में सीरप की बोतलें बीके सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद पुरानी खंडर इमारत में खुलेआम पड़ी हुई हैं। हालांकि यह दवाईयां अब





एक्सपायरी डेट की हो चुकी है। लेकिन फिर भी इन दवाओं को मेडिकल वेस्ट में नहीं डाला गया। यह दवाइयां यहां घूमने वाले आवारा पशुओं के लिए भी हानिकारक हो सकती हैं। इसमें दवाइयां और सीरप सभी मिक्स था।

यहां पड़ी सभी दवाइयां सरकारी सप्लाई की हैं। यहां कचरे व घूल में पड़ी इन दवाइयों का असर यहां घूमने वाले पशुओं पर हो सकता है। जिस तरह से इन दवाईयों को फेंका गया है, उससे लगता है मामला संबंधित अधिकारियों की जानकारी में है।

## ये सब मिला

**पायनियर** की तरफ से जब अस्पताल की पुरानी कंडम घोषित इमारत में सोमवार को जाकर देखा गया तो पाया कि अस्पताल की इमारत के मुख्य रास्ते को जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ा बैनर लगाकर बंद कर रखा है। पीछे के रास्ते से जाकर देखा गया तो एक कमरे में जिसमें दरवाजा नहीं था। धूल और गंदगी के बीच लाखों की संख्या में गोलियां (जो सिरदर्द, उबकाई, उल्टी, दस्त और पेट दर्द) यानी डायरिया में दी जाती हैं। सीरप की सैकड़ों बोतलें सील पैक पड़ी थीं। धूल फांक रही दवाइयां हालांकि एक्सपाईरी डेट की थीं, लेकिन इन्हें मेडिकल वेस्ट में डालने के बजाए कंडम इमारत में फेंका गया था। यदि यह दवाइयां यहां घूमने वाले किसी आवारा पशु का निवाला बन जाएं तो उसका क्या हाल होगा, इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।


# लापरवाही किसकी : रोज 10 फीसद स्कूलों के बच्चे आ रहे पॉजिटिव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए नाईट कर्फ्यू का ऐलान किया गया है। वहीं दूसरी तरफ जिले में उड़ाई जा रही कोरोना नियमों की धज्जियों के कारण आम पब्लिक परेशान हो रही है। सोमवार को 472 संक्रमित सामने आए। जिसमें नहरपार स्थित एक निजी स्कूल के करीब 35 बच्चे पॉजिटिव पाए गए हैं। आनन-फानन में स्कूल को बंद करने के आदेश दिये गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की मानें तो रोजाना आने वाले संक्रमितों में 10 फीसद बच्चे शामिल होते है।

## बरती जा रही लापरवाही

**जिले** में जहां एक तरफ राजनीतिक व अन्य सभाएं की जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ सोशल डिस्टेंसिंग की



धज्जियां बाजार, शादियों से लेकर घरों में होने वाले तीज त्योहारों समेत स्कूलों में जमकर उड़ाई जा रही है।

स्कूलों में भी बच्चों को सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क के अलावा ट्रैम्प्रेचर तक की जांच नहीं की जा रही है। स्कूलों द्वारा बरती जा रही लापरवाही से रोजाना जिले में 10 फीसद बच्चे कोरोना संक्रमण के शिकार हो रहे है। बताया जा रहा है कि सोमवार से पहले भी कुछ स्कूलों के बच्चे पॉजिटिव आ चुके है।

## दिया जा रहा बढ़ावा

**स्कूलों** में जहां एक तरफ नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ स्कूल संचालकों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे बच्चे पॉजिटिव आ रहे है। वहीं देखा जाए तो पिछले वर्ष अक्टूबर व नवंबर में कोरोना संक्रमण अनियंत्रित हो गया था। परिवार के सदस्य सभी संक्रमित हो रहे थे। इनमें बच्चे भी शामिल थे। पांच महीने बाद फिर से वहीं स्थिति होने लगी हैं। कोरोना संक्रमण एक बार फिर से परिवार के सभी सदस्यों को प्रभावित का रहा है।

## ये है कारण

**बढ़ती** मरीजों की संख्या का मुख्य कारण बाजारों में भीड़, शारीरिक दूरी का पालन नहीं करना और मास्क लगाना आवश्यक नहीं समझना है। लोग जाने अनजाने में अपने साथ कोरोना संक्रमण घर ले जा रहे हैं और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बच्चों में भी संक्रमण फैला रहे हैं। कोरोना की इस स्थिति को देखते हुए लोगों को और अधिक सजग होने की आवश्यकता है।

सभी के लिए मास्क एवं शारीरिक दूरी का पालन करना बहुत ही आवश्यक हो गया। वहीं यदि किसी परिवार का एक सदस्य संक्रमित है तो उससे दूसरे और बच्चों तक संक्रमण पहुंच रहा है।

# फैसले का स्वागत, मगर उपभोक्ताओं को मिले पूर्ण राहत : अशोक अरोड़ा

**फरीदाबाद।** नगर निगम के पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा ने मुख्यंत्री द्वारा अग्रिम खपत राशि चार किश्तों में लिए जाने के फैसले का स्वागत किया, मगर साथ ही कहा कि अगर मुख्यमंत्री सिक्योरिटी वसूले जाने के इस फैसले को वापस ले लेते तो दोगुणी खुशी होती।

श्री अरोड़ा ने मुख्यमंत्री से मांग की, कि बिजली निगम केवल डिफाल्टर कस्टमरों से ही अग्रिम खपत राशि वसूले। सिक्योरिटी को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता में स्पष्ट किया था कि बिजली निगम ने उन लोगों पर जोकि बिजली का बिल भरते नहीं थे, मीटर कट जाते थे और फिर नए नाम से मीटर कनेक्शन ले लेते थे। इसको देखते हुए बिजली निगम ने उपभोक्ताओं से अग्रिम खपत राशि सिक्योरिटी के रूप में जमा करने का फैसला लिया है। इसका उपभोक्ताओं को इंटरेस्ट भी नहीं मिलता है। मगर, मैं मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि क्या 1-2 प्रतिशत ऐसे डिफाल्टरों की वजह से सभी



उपभोक्ताओं से अग्रिम खपत राशि वसूला जाना न्यायोचित है। जो उपभोक्ता हर माह बिजली बिल भर रहा है और नया कनेक्शन लेते समय वो सिक्योरिटी भी जमा कराते हैं, फिर ऐसे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने का क्या तात्पर्य है। श्री अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सिक्योरिटी राशि 4 किश्तो में ले जाने की बात की है, मगर कोरोना काल में जब उपभोक्ताओं की जेब पहले ही खाली है। स्कूल सैशन शुरू हो चुके हैं, बच्चों के दाखिले कराने के लिए लोगों को मशक्कत करनी पड़ रही है।

# तिगांव सीएचसी पर लगा कोविड टीकाकरण शिविर



**फरीदाबाद।** कोरोना की लड़ाई हम सबको मिलकर लड़नी है। जिसके लिए सभी को सतर्क होकर कॅरोना वैक्सीनेशन अभियान में शामिल होकर सबको टीकाकरण अभियान का हिस्सा बनाना होगा, तभी हम मिलकर वैक्सीनेशन से मिलने वाले लाभ व कोरोना के बुरे प्रभावों से खुद को बचा सकते हैं।

यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर में आज के गांव तिगांव की सीएचसी मे आयोजित टीकाकरण अभियान के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आमजन वह ग्रामीण अंचल में रह रहे लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुए लोग कॅरोना वैक्सीनेशन लगवाने से न तो डरे, ना ही किसी तरह का कोई एतराज व परहेज करें, बल्कि ऐतिहातन तौर पर कोरोना वैक्सीनेशन खुद भी करें और अपने परिवार वालों को भी करवाएं। उन्होंने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सभी धार्मिक ,सामाजिक, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने अपने स्तर पर कॅरोना के टीकाकरण अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक करें।

# बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल हरियाणा के नाम इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने बढ़ती मंहगाई के खिलाफ ज्ञापन दिया। इंडियन नेशनल लोकदल ने पत्र में लिखा है कि हरियाणा में बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी परेशानी का कारण बन रही है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आज पेट्रोल-डीजल के दाम भी आसमान को छू रहे हैं जिससे फसलों के लागत मूल्य में भारी वृद्धि हुई है। सरकार एक तरफ तो किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है और दूसरी और कृषि इनपुट जैसे डीजल, कीटनाशक दवाईयां, उपकरण इत्यादि की कीमतों में भारी वृद्धि की गई हैं जिससे किसान की आय दोगुनी कैसे होगी।

सर्वविदित है कि प्रदेश में महंगाई चरम सीमा पर है तथा बेरोजगारी में हरियाणा लगातार देश में पहले स्थान



पर चल रहा है। ताजा आंकडों के मुताबिक बेरोजगारी दर 28.1 प्रतिशत है जिससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों वजह से महंगाई तथा बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है जिसकी वजह से किसानों तथा आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। प्रदेश में सभी खरीद केन्द्रों पर बारदाने की भारी कमी के कारण गेहूं की पूरी खरीद नहीं पा हो रही है जिससे किसान परेशान है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को अपनी गेहूं कॉरपोरेट हाउसिज को बेचने के लिए विवश करना है। इसके साथ साथ प्राईवेट खरीद के लिए जिला अधिकारियों के माध्यम से आढ़तियों को मजबूर किया जा रहा है कि किसानों को कहा जाए कि वो अपना गेहूं अडानी के गोदाम जो ढांड के क्षेत्र में स्थापित है, ले जाया जाए, जहां बारदाने की जरूरत नहीं होगी।

ज्ञापन सौंपते समय पूर्व पुलिस अधीक्षक हरियाणा के राजसिंह मोर, जिलाध्यक्ष देवेंद्र चौहान, किसान सैल के अध्यक्ष धारामल, देवेंद्र तेवतिया, राज्य कार्यकारिणी सदस्य रूप चंद लाम्बा, जीत राम डागर, लेखराज डागर, महिला जिला अध्यक्षा जगजीत कौर पन्नू और सत्यवीर धनखड़ आदि उपस्थित रहे।

# 16 प्रशिक्षार्थी महिलाओं को मशीनें व प्रमाण पत्र बांटे

**फरीदाबाद।** जिले के गांव लडौली में कटिंग एवं टेलरिंग सिलाई सेंटर जिला रेडक्रॉस सोसायटी, रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल व सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से चलाया जा रहा है। कोर्स के समापन पर 16 प्रशिक्षार्थी युवतियों व महिलाओं को सिलाई मशीनें व प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

मौके पर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा रेडक्रास सोसायटी चंडीगढ़ शाखा की वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता, जबकि विशिष्ट अतिथि चेयरमैन, विधायक नयनपाल रावत, जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार, रेडक्रास के सह सचिव बिजेंद्र सौरोत, सहायक पुरुषोत्तम सैनी, कुमारी मधु भाटिया, लडौली गांव के सरपंच भूप सिंह, सिंगर कंपनी से दया व मीनाक्षी गोयल उपस्थित रहे। मौके पर सुषमा गुप्ता ने गांव में जरूरतमंद व सिलाई सीखने की इच्छुक युवतियों के लिए चलाया गया सेंटर बेहद सफल रहा जिसमें गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कोर्स पूरा किया।

# मंडियों में गेहूं और सरसों का हो रहा उठान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल के दिशा-निर्देशों और एसडीएम अपराजिता के मार्ग दर्शन में उपमंडल की अनाज मंडी और अन्य अनाज मंडियों और खरीद केंद्र पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सोमवार को फरीदाबाद ओल्ड, बल्लभगढ़, मोहना, तिगांव और फतेहपुर बिलौच खरीद केंद्र में अब तक 6 लाख 95 हजार 951 क्विंटल गेहूं की खरीद सरकारी एजेंसियों द्वारा की गई है। जबकि 83 हजार 370 क्विंटल गेहूं का उठान भी किया गया है। बल्लभगढ़ अनाज मंडी में सरसों की खरीद की जा रही है। सरकारी एजेंसियों द्वारा सरसों 4650 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं की 1975 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य, एमएसपी पर की जा रही है। जबकि सरसों प्राइवेट व्यापरियों द्वारा एमएसपी से अधिक दामों पर खरीदी जा रही है।

एसडीएम अपराजिता ने बताया कि सोमवार को गेहूं, जौ और सरसों फसलों की खरीद सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार की जा रही है। इसके लिए सरकार द्वारा द्वारा गेहूं 1975 रुपये, जौ 1600 रुपये व सरसों 4650 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों की गेहूं की फसल सरकार द्वारा निर्धारित न्युनतम समर्थन मूल्य



पर खरीदी जा रही है, जब सरसों की फसल को व्यापारियों द्वारा सरकार के न्युनतम समर्थन मूल्य से अधिक दामों पर 5 हजार रुपये से अधिक दामों पर प्रति क्विंटल की दर तक खरीदी जा रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं की खरीद के लिए चार एजेंसियां और जौ व सरसों की खरीद के लिए एक- एक सरकारी एजेंसी घोषित की गई है। एसडीएम अपराजिता ने बताया कि उपमंडल में एक अप्रैल से सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार किसानों की सरसों, जौ और गेहूं फसलों की जाने वाली खरीद की तैयारियां पूरी कर ली गई थी। इसके लिए कृषि विपणन बोर्ड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित अन्य खरीद एजेंसियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा- निर्देश भी दिए गए थे। उन्होंने बताया किसानों के लिए बिजली, पेयजल व्यवस्था, मंडी में साफ-सफाई, बारदाना, गेहूं की उतरवाई, झरवाई, तुलाई और उठान सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

साथ ही कोविड-19 के नियमों की पालना की जा रही है और वैश्विक महामारी करोना के बचाव के लिए भी किसानों को जागरूक किया जा रहा है। स्थानीय कृषि विपणन कमेटियों के कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बल्लभगढ़ अनाज मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद और मोहना अनाज मण्डी में जौ फसल की खरीद सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सरकारी एजेंसियों द्वारा की जानी है, परन्तु अब तक मण्डी में बिक्री के लिए जौ की फसल नही पहुंच रही है।

# अंबेडकर जयंती पर होगा सेमिनार का आयोजन

**फरीदाबाद।** भारत रतन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 130वीं जयंती की पूर्व संध्या पर नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में भारत का संविधान और अंबेडकर विषय पर करेगा सेमिनार आयोजित, सेमीनारों में पालिकाओ, परिषदो और निगमों के कर्मचारियों के साथ-साथ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित सभी विभागीय यूनियनों के कर्मचारी भी भागीदारी करेंगे।

प्रेस को यह जानकारी देते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघए हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि संघ की केंद्रीय कमेटी ने यह निर्णय लेते हुए फैसला किया है कि सेमिनारों को उत्साहवर्धक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के शीर्ष नेताओं को एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं संविधान के प्रखंड विद्वानों को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। शास्त्री ने बताया कि वर्तमान स्थिति में आए दिन दलितों एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व उत्पीडन् चरम सीमा पर है इससे मुक्ति केवल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का विचार और देश का संविधान दिलवा सकता है।

# लगातार बढ़ रहा खतरा : 472 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 50718

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

जिले में आज कोरोना की रफ्तार फिर तेज हो गई है। सोमवार को इस साल के सबसे अधिक 472 नए कोरोना मरीज पाए गए हैं। जिससे पॉजिटिव का कुल आंकड़ा 50718 पर पहुंच गया है। जबकि पिछले 24 घंटे में एक मरीज की मौत हो गई। वहीं 180 मरीजो को ठीक होने पर घर भेज दिया गया है। जिले में रिकवरी रेट 95.7 प्रतिशत पर हैं। जिले में एक्टिव केस 2024 है।

## यहां से पॉजिटिव

**जिले** में 472 पॉजिटिव में ईरोज गार्डन, आईपी कालोनी, सेक्टर-62, 65, 87,9, 31,भूड कालोनी, डबुआ कालोनी से 4-4 मरीज है। शिव कालोनी, चार्मवुड विलेज, सेक्टर-30, पर्वतीया कालोनी, से 5-5 मरीज है। ग्रीनवैली, धीरज नगर, सेक्टा-37, 63,18, 2, 70, 3, चावला कालोनी, अंखिर, से 3-3 मरीज है। सेक्टर-23, 28, 8, से 6-6 मरीज है। अशोका इंक्लेव, एनएच-1, सेक्टर-11, 82 से 8-8 मरीज है। सेक्टर-35, 47, 7, से 7-7 मरीज है। सेक्टर-19 से सर्वाधिक 18 मरीज है।



सेक्टर-16, सैनिक कालोनी, सेक्टर-88 से 12-12 मरीज है। सेक्टर-7 से 9 मरीज है। सेक्टर-49, सूरजकुंड, से 2-2 मरीज है। एनएच-3 से 11 मरीज है। एनएच-5, सेक्टर-89 से 15-15 मरीज है। सेक्टर-29, 86 से 10-10 मरीज है। ग्रीन फिल्ड कालोनी से 17 मरीज है। सेक्टर-10 से 13 मरीज है। सेक्टर515 से 18 मरीज है। सेक्टर-21, एनएच-दो से 14-14 मरीज है। एसजीएम नगर से 17 मरीज शामिल है। सेक्टर-85 से 9 मरीज है। बाकी अन्य एरियों से शामिल है।

## ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 599773 |
| अब तक पॉजिटिव | : 50718 |
| अब तक नेगेटिव | : 546880 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 2175 |
| कुल मौत | : 427 |
| अब तक ठीक | : 48054 |
| जिले में एक्टिव केस | : 2024 |

# संक्षिप्त समाचार

## जरूरी हिदायतों को मानते हुए खुले रखेंगे स्कूल : चन्द्रसेन शर्मा




**फरीदाबाद।** सेक्टर 56 राजीव कॉलोनी समयपुर रोड स्थित फौगाट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सैकड़ों स्कूल संचालकों ने भागीदारी की। प्रधान चन्द्रसेन शर्मा ने स्पष्ट कहा कि जरूरी हिदायतों को मानते हुए स्कूलों को खुला रखा जाएगा। शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी के बचाव के लिए सारी व्यवस्थाएं स्कूल प्रबंधन की ओर से बनाई जा रही हैं। सरकार के सभी नीति नियमावली को माना जा रहा है। फिर भी कोरोना के नाम पर केवल स्कूलों को ही निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन अब हम सभी अहतियात के साथ स्कूलों को जारी रखेंगे और इसके बारे में एक अनुरोध प्रदेश सरकार के सम्मुख रखेंगे। उन्होंने कहा कि अभिभावक, विद्यार्थीगण, अध्यापकगण व स्कूल संचालक कोई भी पक्ष इस बात के समर्थन में नहीं है कि विद्यालय की कोई भी कक्षा छुट्टी पर रहे। कोरोना के रहते हुए ही हमें जीना और आगे बढ़ना होगा। सभी स्कूल संचालकों ने एकमत से प्रधान की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कोविड गाइडलाइंस को मानते हुए बच्चों की पढ़ाई को जारी रखने की बात कही। मौके पर वाई के महेश्वरी, महामंत्री सतीश शर्मा, भरत शर्मा, दयाचन्द, ओमप्रकाश धनखड़, डॉ. सतीश फौगाट, नरेश गुप्ता, प्रदीप नागर, आरसी पाल, चौ वीरेंद्र सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पीएसआरआई हॉस्पिटल ने पांच विकेट से मैच जीता

**फरीदाबाद।** एनसीआर की पहली हेल्थकेयर क्रिकेट लीग की ट्रॉफी का तीसरा मैच विमहन्स हॉस्पिटल और पीएसआर आई हॉस्पिटल के बीच खेला गया। विमहन्स




हॉस्पिटल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पीएसआरआई हॉस्पिटल की टीम के सामने 19.2 ओवर में अपने सभी विकेट गवांकर 127 रन का लक्ष्य रखा। विमहन्स हॉस्पिटल रवि यादव ने 26 बॉल में 35 रन बनाए। कार्तिक सिन्हा ने 11 बॉल में 10 रन बनाये। पीएसआरआई हॉस्पिटल रोहित शर्मा ने चार ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। सुधीर राजपूत ने चार ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में पीएसआरआई हॉस्पिटल ने 18 ओवर में चार विकेट गवाकर मैच अपने नाम कर लिया। पीएसआरआई हॉस्पिटल सत्या रंजन ने 48 बॉल में 55 रन बनाये। सौरव सिंह ने 31 बॉल में 26 रन बनाये। विमहन्स हॉस्पिटल नीलमणि त्यागी ने चार ओवर में दो विकेट 16 रन दिए। पीएसआरआई हॉस्पिटल ने पांच विकेट से मैच जीता और रोहित शर्मा को मैन ऑफ द मैच दिया गया।


## रक्षिता ने जीता गोल्ड मेडल



**फरीदाबाद।** सारा ताइक्वांडो एकेडमी की रक्षिता चौहान ने नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल किया। छह से 11 अप्रैल तक चले नेशनल गेम्स में कॉमनवेल्थ स्टेडियम दिल्ली में तीसरी नेशनल सिख गेम्स का आयोजन हुआ। जिसमें अग्रवाल पब्लिक स्कूल की छात्रा रक्षिता चौहान ने 38 किलोग्राम के अंतर्गत सब जूनियर में गोल्ड मेडल जीता। कुंदन ग्रीन वैली स्कूल के प्रियांशु मिश्रा ने 25 किलोग्राम के अंतर्गत, सब जूनियर प्रीत रावत ने 29 किलोग्राम के अंतर्गत सब जूनियर ने सिल्वर मेडल जीतकर अभिभावकों, स्कूल टीचर और सारा ताइक्वांडो अकैडमी बल्लभगढ़ का नाम रोशन किया। इस मौके पर बच्चों के पिता गुलशन कुमार, राजेश कुमार, रामकुमार ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और आगे खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कोच शाहीन को प्लेयर्स के इस मुकाम तक लाने के लिए धन्यवाद किया।

## बबली सर्टिफिकेट ऑफ काइंडनेस अवॉर्ड से सम्मानित

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली को कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य और उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड बाइनेल फाउंडेशन ने सर्टिफिकेट ऑफ काइंडनेस अवॉर्ड से सम्मानित किया है। संस्था ने सुरेन्द्र शर्मा बबली को कोविड-19 के दौरान हुए लॉकडाउन पीरियड के दौरान सभी के लिए



पॉजिटिविटी की काइंडनेस चैन फैलाने के लिए यह अवॉर्ड दिया है। इसके अतिरिक्त इंटरनेशनल फोरेंसिक साइंस पूणे ने भी पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली को फोरेंसिक इंवेस्टीगेशन क्विज से सम्मानित किया है। ज्ञातव्य है कि पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कोविड-19 लॉकडाउन पीरियड के दौरान मानवता की सेवा के लिए तरह-तरह के कैम्पों का आयोजन किया वहीं लोगों को जागरूक भी किया। बबली ने लोगों को खाना वितरित किया वहीं मॉस्क एवं सैनीटाइजर वितरित कर उनकी सुरक्षा के प्रति सचेत किया। पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि मानवता की सेवा ही उनका उद्देश्य है और सदैव आमजन की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। आज का दौर कठिन है, पूर विश्व कोविड-19 जैसी कठिन परिस्थितियों से जूझ रहा है। ऐसे में हम सभी को सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा के उपाय बरतने की आवश्यकता है।

## ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए ईईएसएल से किया समझौता

**फरीदाबाद।** विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने और अनुसंधान एवं नवाचार के लिए ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं को बढ़ावा देने उद्देश्य से जेसी बोस




विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रमों की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इस समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से डीन, फैकल्टी आफ इंर्फोमेटिक्स एवं कम्प्यूटिंग तथा विश्वविद्यालय की केंद्रीय खरीद समिति (सीपीसी) के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया और ईईएसएल की ओर से निदेशक (परियोजना और व्यवसाय विकास) श्री वेंकटेश द्विवेदी ने किये। इस अवसर पर उप कुलसचिव मनीष गुप्ता, निदेशक इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा ईईएसएल से महाप्रबंधक (तकनीकी) प्रभात कुमार भी उपस्थित थे। प्रो. कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि समझौते के तहत ईईएसएल की तकनीकी सहायता से विश्वविद्यालय में ऊर्जा दक्ष तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जायेगा। यह विश्वविद्यालय को परिसर के भीतर ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऊर्जा दक्ष तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाकर विश्वविद्यालय की परिसर को 'ग्रीन कैंपस' के रूप में विकसित करने की योजना है।

# कोरोना की दूसरी लहर

## टीकों की कमी

**टीकों** की उपलब्धता से लेकर सुरक्षा तक अनेक मुद्दों के कारण कोरोना वैश्विक महामारी की दूसरी लहर ने भारत पर तगड़ी चोट की है। ऐसा लगता है कि जैसे भारत फिर से महामारी से संघर्ष के मामले में पहले वाले स्थान पर आ गया है और मुंबई में 70 से अधिक टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड टीके की खूराकें समाप्त हो गई हैं। देश के अन्य हिस्से, जैसे पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश भी टीकों की कमी का सामना कर रहे हैं। यह कमी इस तथ्य के बावजूद है कि देश में टीकाकरण के प्रति भारी हिचक है तथा टीकाकरण अभियान सबके लिए खुला नहीं है। यदि सरकार सभी नागरिकों को टीका लगाने का फैसला करे तो कोई भी अनुमान लगा सकता है कि कमी कितनी अधिक होगी। एक साल से अधिक समय पहले महामारी शुरू होने के समय भारत को खराब स्वास्थ्यरक्षा ढांचे तथा अस्पताल बिस्तरों, वेंटीलेटरों, स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों, सेनीटाइज़रों, दवाओं और महामारी से निपटने की जानकारी में कमी का सामना करना पड़ा था। लेकिन सरकारों और भारतीय उद्यमियों को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि अपनी 'जुगाड़ू' भावना के चलते हमने भारत में विनिर्माण में सारी कमियों का सामना किया और ऐसे बिंदु पर पहुंचे जहां हम पीपीई किटों, सेनीटाइज़रों, आदि का निर्यात करने लगे। जहां तक वैक्सीन का सवाल है, हमने दो वैक्सीनें तैयार कर दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया। वास्तव में भारत दुनिया के अनेक देशों को वैक्सीन बेचने या उपहार में देने लगा। यह सब हमारे अपने महत्वाकांक्षी देशव्यापी टीकाकरण अभियान के समानान्तर हुआ। महामारी की पहली लहर कमजोर पड़ने पर




इसने केन्द्र की वैक्सीन राजनय को काफी बढ़ावा दिया। दूसरी लहर आने तक लगता था कि सब कुछ नियंत्रण में है।

अब ऐसा लगता है कि जैसे हमने पहली लहर से कोई सबक नहीं सीखे और हमें अपरिहार्य रूप से आने वाली दूसरी लहर से निपटने के लिए बेहतर तैयारी करनी चाहिए थी। अनेक प्रमाणों से स्पष्ट है कि यह हमेशा पहली लहर से खराब होती है। अब हमें न केवल बिस्तरों व आक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि वैक्सीनों की भी कमी पड़ रही है। इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। महाराष्ट्र सरकार ने आरोप लगाया है कि केन्द्र गैर भाजपा शासित राज्यों के खिलाफ 'भेदभाव' कर रहा है और केन्द्र सरकार राज्यों की लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। देश में इस बात पर गरमागरम बहस जारी है कि टीकों के निर्यात के पहले सरकार को अपने सभी नागरिकों को टीका लगाना सुनिश्चित करना चाहिए। कुल मिला कर स्वतंत्र दुनिया का नेता अमेरिका ने भी उस समय तक सारे निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जब तक वह अपने सभी नागरिकों का टीकाकरण नहीं कर लेता है। वस्तुस्थिति चाहे जो हो, तथ्य यह है कि हम अपरिहार्य रूप से आने वाली दूसरी लहर के लिए तैयार नहीं थे और यह स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था, नीति निर्माताओं, नौकरशाही, केन्द्र, राज्यों तथा जनता की समग्र रूप से सामूहिक विफलता है। समस्या इससे और गंभीर हुई है कि कुछ यूरोपीय नियामक भारत में कोवीशील्ड ब्रांड नाम से उपलब्ध एस्ट्राजेनेका वैक्सीन तथा खून के थक्के जमने की कुछ विरल घटनाओं को आपस में जोड़ रहे हैं। हालांकि, कोवीशील्ड की सुरक्षा पर 'टीकाकरण के बाद विपरीत घटनाओं' पर गठित भारतीय समिति अध्ययन कर रही है, पर उसे अपना फैसला देने में अभी कुछ समय लगेगा। इस प्रकार वर्तमान समय में यह देखना होगा कि हमारी खोजी भावना किस प्रकार हमें इस समस्या से बाहर निकालने में सहायक होती है।

# श्रीलंकाई तमिलों व सिंहलियों में टकराव

श्रीलंकाई तमिलों व सिंहलियों में टकराव वाले मुद्दे का एक समाधान यह हो सकता है कि हम तमिलों को अंडमान भेजने पर तैयार हो जाएं।

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)





श्रीलंका के तमिलों और सिंहलियों के बीच टकराव की समस्या भारतीय उप-महाद्वीप की एक स्थाई समस्या है। एक पुरानी कहावत है कि 'एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकती हैं'। भारत में यह समस्या उस समय ज्यादा गंभीर हुई जब मुसलमानों के लिए पाकिस्तान तथा बाकी के लिए हिंदुस्तान में इसका विभाजन हो गया। एम.ए. जिन्ना का तर्क था कि हिंदू और मुसलमान दो अलग राष्ट्र हैं और वे एकसाथ नहीं रह सकते हैं। हालांकि, द्विराष्ट्र सिद्धान्त को आगे बढ़ाने वाले पहले नेता अलीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान थे। उत्तर प्रदेश के कुछ मुसलमानों का विश्वास था कि नया देश पाकिस्तान एक नया मदीना था। लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान में पूरब में रहने वाले बंगालियों को हेय दृष्टि से देखा जाता था क्योंकि वे बौने और काले थे। उनकी अर्थव्यवस्था का पहले दिन से शोषण शुरू हो गया। जिन्ना ने 1948 की शुरुआत में ढाका की यात्रा कर विश्वविद्यालय के छात्रों को साफ-साफ कह दिया कि उर्दू पाकिस्तान की राष्ट्रीय भाषा होगी। इस पर बांग्ला भाषा को कोई स्थान नहीं मिला जिस पर छात्र गर्व करते थे। इसके बाद पाकिस्तान के दोनों हिस्सों के बीच 1948 में ही तलवारें खिंच गईं और 1971 में पूरी तरह टकराव हो गया। यह नया मदीना समझे जाने वाले पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के 24 साल के भीतर हो गया। दिसंबर 1971 में पाकिस्तान के दोनों हिस्से अलग हो गए और बांग्लादेश का जन्म हुआ।

इस प्रकार भारत का तीन हिस्सों में विभाजन हो गया। अब सुनाई दे रहा है कि सिंध की जनता अलग देश चाहती है। इस अलगाववादी आंदोलन को 'जियो सिंध' का नाम दिया गया है। वे पंजाबियों के प्रभुत्व व उनके दमन के नीचे रहने को तैयार नहीं हैं। बलूचिस्तान में भी भारी असंतोष है जो आंशिक रूप से ब्रिटिश भारत का हिस्सा था और आंशिक रूप से वहां कलात की देशी रियासत का शासन था। पाकिस्तान द्वारा जबरन कब्जा करने के पहले 1948 तक कराची में इस देशी रियासत का दूतावास था। मुख्य शहर पेशावर वाले नार्थवेस्ट फ्रंटियर प्राविंस-एनडब्लूएफपी के पठान हमेशा अफगानिस्तान के सभी पठानों के साथ एकजुट होना चाहते थे और अब वे अपनी इस मांग पर बहुत जोर दे रहे हैं।

श्रीलंका में यह पुरानी समस्या है। 1964 में मैंने कोलम्बो की यात्रा की क्योंकि मेरे रिश्तेदार मुझे शहर के अपने समाज से मिलवाना चाहते थे जहां वे पिछले 32 साल से रहते और काम करते थे। चार दिन के मेरे प्रवास में यह सवाल उठा कि ब्रिटिश सीलोन कार्पोरेशन का अगला प्रबंध निदेशक कौन होगा।

यह कंपनी कानपुर की ब्रिटिश कंपनी बिंटिश इंडिया कार्पोरेशन जैसी थी जो 1960 के दशकारंभ तक बनी रही। मेरे ससुर ने कहा था कि स्थानीय तमिल रामास्वामी सबसे योग्य व्यक्ति थे, पर उनकी पदोन्नति की संभावना नहीं थी। यह महत्वपूर्ण पद एक सिंहल डीएम पेरेरिया को मिलने की आशा थी। कंपनी के तत्कालीन निदेशक मंडल में ज्यादातर अंग्रेज थे और उनका नेतृत्व एक विशिष्ट सज्जन सिंगलटन सालमन करते थे। कंपनी में हालांकि कोई पक्षपात नहीं था, पर कोलम्बो में उभरते परिदृश्य को देखते हुए रामास्वामी के आस्ट्रेलिया चले जाने की संभावना थी।

मेरे ससुर ने समझाया कि सिंहलियों की संख्या बहुत अधिक थी जो सहज भाव वाले तथा आनन्द मनाने वाले बौद्ध थे। उनको तमिलों से ईर्ष्या होती थी जो काम के प्रति ज्यादा गंभीर और ज्यादा सक्षम थे। उसी समय इन दोनों समुदायों के बीच खाई चौड़ी हो गई थी। देर-सवेर उनके बीच व्याप्त मतभेदों को फूटना ही था। तथ्य यह है कि तमिलनाडु की जनता में अपने श्रीलंकाई भाइयों के प्रति स्वाभाविक रूप से प्रेम की भावना है, लेकिन सिंहली समय-समय पर इसे भारतीय इरादों की तरह देखते रहे हैं। जब राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री थे तथा श्रीलंका का नेतृत्व राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने कर रहे थे, तब हमने तमिलों की सहायता के लिए आईपीकेएफ सेना भेजी थी। लेकिन तमिलों की सहायता के बजाय हमने केवल उनकी हत्या की और सिंहलियों को अकेले छोड़ दिया। इससे संकेत मिलता है कि भारत की सरकारों ने श्रीलंकाई मामलों को ठीक से नहीं समझा था।

> **कोलम्बो के शासकों ने नई दिल्ली के प्रति सज्जनता दिखाते हुए उससे मैत्रीपूर्ण व्यवहार का ढोंग किया, लेकिन वे समझते थे कि बहुत दूर का पीला महादेश या चीन उनके लिए भारतीय महादेश से कम खतरनाक था जो केवल उत्तर में उनसे 40 किलोमीटर दूर था। थोड़े समय के लिए उन्होंने आईपीकेएफ द्वारा सहायता की प्रशंसा की, पर इसके बाद वह उनकी सुदूर स्मृतियों का हिस्सा बन कर रह गई।**

हालांकि, कोलम्बो के शासकों ने नई दिल्ली के प्रति सज्जनता दिखाते हुए उससे मैत्रीपूर्ण व्यवहार का ढोंग किया, लेकिन वे समझते थे कि बहुत दूर का पीला महादेश या चीन उनके लिए भारतीय महादेश से कम खतरनाक था जो केवल उत्तर में उनसे 40 किलोमीटर दूर था। थोड़े समय के लिए उन्होंने आईपीकेएफद्वारा सहायता की प्रशंसा की, पर इसके बाद वह उनकी सुदूर स्मृतियों का हिस्सा बन कर रह गई। लेकिन श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह के उच्चीकरण तथा कोलंबो से गाले व सुदूर दक्षिण में राजमार्ग बनाने के लिए चीन से भारी कर्ज लेकर गलती की है। यदि श्रीलंका समय पर कर्ज नहीं चुकाता है तो ये चीनी संपत्तियां बन जाएंगी। इसके बावजूद कोलंबो नई दिल्ली के बजाय बीजिंग से और समझौते करना चाहेगा। यह मानसिकता अनन्त काल तक जारी रहने की संभावना है, जब तक भारत सिंहलियों को तमिलों से पैदा संदेह से मुक्ति दिलाने का कोई आमूल परिवर्तनकारी कदम नहीं उठाता है। भारतीय दृष्टिकोण से इस बात की आशंका है कि एक दिन चीनी श्रीलंका को अपना उपनिवेश बना लेंगे, भले ही यह आशंका चाहे जितनी दूरगामी लगती हो।

ऐसे में नई दिल्ली को क्या करना चाहिए? हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या हम इच्छुक श्रीलंकाई तमिलों को अंडमान प्रायद्वीपों के एक हिस्से में बसाने का प्रस्ताव कर सकते हैं। चार मिलियन लोगों का यह समुदाय मुख्यत: श्रीलंका के उत्तरपूर्वी जाफना क्षेत्र में तथा द्वीप के पूरब में कुछ बिखरे हुए टापुओं पर रहता है। 9,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वाले अंडमान की जनसंख्या केवल लगभग चार लाख है। हालांकि, सभी श्रीलंकाई तमिल यह प्रस्ताव नहीं स्वीकार करेंगे, लेकिन इच्छुक तमिलों के लिए श्रीलंका को प्रति व्यक्ति पुनर्वास, सुविधाओं व मुआवजे के रूप में 2 लाख रुपये का भुगतान कर सकता है। इसका अर्थ श्रीलंका का कुछ बिलयन खर्च होगा जो उसकी सबसे बड़ी समस्या के समाधान या उससे मुक्ति पाने के विचार से बहुत कम होगा। भारत को इससे अंडमान द्वीपों को बसाने का लाभ मिलेगा। इससे तमिल सुरक्षित रूप से अपना जीवन बिता सकेंगे, तमिलनाडु की जनता प्रसन्न होगी तथा भारत-श्रीलंका संबंध स्थाई रूप से आशंकाओं से मुक्त हो जाएंगे।

# राजनीति में पाखंड का बोलबाला

**दीपक सिन्हा**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



सहस्त्राब्दी के बेहतर हिस्से के लिए गुलाम होने के बाद, हम अस्तित्व के लिए एक बढ़े हुए वृत्ति रखते हैं जो हमारे पाखंडी व्यवहार में सबसे अच्छी तरह से परिलक्षित होता है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि, सिद्धांतों के अनुसार, नियमों और विनियमों के हमारे पालन, उनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के विपरीत आनुपातिक हैं, उन्हें केवल दूसरों पर लागू करना पसंद करते हैं और हमें नहीं। बढ़ते कोविड मामलों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रवैये पर नजर डालें। वह एक ओर, राज्य सरकारों और नागरिकों को बुनियादी सावधानियों का पालन नहीं करने के प्रति आगाह करते हैं, जबकि एक साथ चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए रवाना होते हैं, ऐसी रैलियां जिनमें दसियों हजारों लोगों की भीड़ होती है और लोग बिना मास्क पहने उनमें शामिल होते हैं। सच तो यह है कि पार्टी से जुड़े लोगों की परवाह किए बगैर सिर्फ वे या उनके सहयोगी पाखंडी नहीं बल्कि दूसरे राजनेता भी हैं। चल रहे राज्य चुनावों से जुड़े सभी लोग इस तरह के गैरजिम्मेदार व्यवहार के लिए दोषी हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को रोकने के लिए देश भर के नेताओं की ओर से होली या कुंभ जैसे आयोजनों में इस निरर्थक व्यवहार को देश भर के नेताओं की ओर से राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण उकसाया गया है।

उनका डर है कि अगर सामूहिक समारोहों पर अंकुश लगाया जाता है तो उन्हें ज़िम्मेदार ठहराया जाएगा क्योंकि यह समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि उनके विचार में, राजनेताओं के रूप में उनका करियर और प्रतिष्ठा दांव पर है। अफसोस की बात है, जबकि वे अच्छी तरह से हो सकते हैं, या प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ बन सकते हैं, एक बात जो वे कभी नहीं करेंगे वे नेता हैं। कभी-कभी महान व्यक्तिगत लागत पर, कठिन निर्णय लेने के लिए रीढ़ की आवश्यकता होती है, जब अवसर इतनी मांग करता है।

जाहिर है, सबसे अधिक प्रभावित ऐसे समारोहों में शामिल होने वाले लोग नहीं हैं, जो



हो सकता है कि स्वेच्छा से हों, लेकिन लोक सेवकों ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा जैसे कर्तव्यों के लिए अनिवार्य रूप से सह-विकल्प किया, जो अब वायरस का शिकार हो रहे हैं। वे और उनके परिवार लालच और व्यक्तिगत पीड़ा की वेदी पर बलिदान किए जा रहे हैं। निस्संदेह, यह चुनाव आयोग की बौद्धिक, प्रशासनिक और व्यावसायिक क्षमताओं पर भी खराब असर डालता है, जो उन्हें अनंत काल तक खींचने के अलावा कोई अन्य चुनाव कराने के लिए बेहतर तरीके से नहीं आ सकता है। बेशक, राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों पर उंगली उठाना सबसे आसान होता है, लेकिन दूसरों को भी उतना ही दोष लगता है जितना कि उस पाखंड के लिए। उदाहरण के लिए, सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में महिलाओं को सैन्य मंत्रालय में स्थायी कमीशन देने में देरी की ओर इशारा किया है, इसे रक्षा मंत्रालय के भीतर प्रणालीगत पूर्वाग्रह पर दोष दिया। जबकि निश्चित रूप से कुछ सच्चाई है कि यह क्या कहता है, यह एक जटिल मुद्दा है, विशेष रूप से मुकाबला भूमिकाओं में महिलाओं का प्रभाव। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि सेना का एकमात्र काम युद्धों को जीतना और हमें सुरक्षित रखना है और यह किसी भी तरह से समान अवसर वाला नियोक्ता नहीं है।

हालांकि लैंगिक मुद्दों पर सर्वोच्च न्यायालय के जोर की सराहना की जानी चाहिए, लेकिन अगर वास्तव में इस संबंध में कार्रवाई सुसंगत थी, तो इसकी विश्वसनीयता और मूल्य होगा। जानकारियों के अनुसार, 34 में से केवल दो महिला न्यायाधीश हैं जो सर्वोच्च न्यायालय का गठन करती हैं और इसकी स्थापना के बाद से केवल आठ महिला न्यायाधीश हैं।

यहां तक कि सैन्य क्षेत्र भी इस भयावह प्रवृत्ति से बचने में सक्षम नहीं है और इसके नेतृत्व ने इस संबंध में अपना रास्ता खो दिया है। यह कहते हुए कि चीन ने पूर्वी लद्दाख में हमारे क्षेत्र पर कब्जा नहीं किया है, यह अच्छी तरह से जानने के बावजूद कि हम अब अपनी दावा लाइनों तक के क्षेत्रों में गश्त नहीं कर सकते, सेना प्रमुख ने अपनी छवि और विश्वसनीयता को कम कर दिया है। इसके अलावा, उन्होंने सेवाओं की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। आज हम जहां हैं, उसका कारण निदान करना बहुत मुश्किल नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि 1893 में, स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में पहली विश्व धर्म संसद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा था : ''मुझे ऐसे धर्म से संबंधित होने पर गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति दोनों सिखाई है। हमारा मानना है कि न केवल सार्वभौमिक प्रसार में, बल्कि हम सभी धर्मों को सच मानते हैं। मुझे एक ऐसे देश पर गर्व है, जिसने सभी धर्मों और पृथ्वी के सभी देशों के शरणार्थियों और शरणार्थियों को शरण दी है।''

इस तथ्य के बावजूद कि मोदी खुद को स्वामी के प्रति समर्पित अनुयायी के रूप में देखते हैं, उन्होंने कभी भी करुणा या सहानुभूति को वास्तविक रूप में प्राप्त नहीं होने दिया। सभी इरादों और उद्देश्यों के लिए, हम अब एक गहन शून्य राशि के खेल में शामिल हैं, जहां विजेता सभी लेता है और हारने वालों को दरवाजा दिखाया जाता है; जहां केवल अंत मायने रखता है, साधन नहीं।

वह और जो लोग उसका अनुसरण करते हैं, उन्हें अभी तक यह एहसास नहीं है कि यह सब आपको अभी तक मिल सकता है और अंत में आपके पास इसका भुगतान करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## आप की बात

### घर पर ही रहें!

**कोरोनावायरस** संक्रमण पर पूर्ण प्रतिबन्ध हेतु कोविड गाइड लाइन का पालन किया जाना आवश्यक है तभी इस संक्रामक वायरस को रोका जा सकता है। वर्तमान के लिए आवश्यक सेवाओं के कार्यालयों को छोड़ कर अन्य कार्यालयों पर प्रतिबंध होना चाहिए। बजाए कर्मचारियों की संख्या कम करने के। इस भयावह वैश्विक महामारी से अंतराष्ट्रीय स्तर पर सब देश जूझ ही रहे है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को पैनडेमिक यानी महामारी घोषित कर दिया है। दुनिया भर में इस महामारी से कोहराम मचा दिया है। महामारी उस बीमारी को कहा जाता है जो एक ही समय दुनिया के अलग-अलग देशों में ,लोगों में फैल रही हो। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि वो कोरोना वायरस के लिए महामारी शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि वायरस को लेकर निष्क्रियता चिंताजनक है।जब आपदा का हमला हो तो निर्णय लेना आवश्यक लॉक डाऊन के समय पूर्णतया घर से बाहर ना निकलने का संकल्प,मास्क लगाए,हाथों को सेनिटाइज करे, दो गज की दूरी आदि से संक्रमण को काफी कम किया जा सकता है। क्योंकि ये मौत और जिंदगी का सवाल है। सतर्कता ही हमारी सुरक्षा है।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### कुपोषण एक समस्या

**अभी** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की रिपोर्ट के अनुसार पर्याप्त खाद उत्पादन के बावजूद लगभग 190 मिलियन भारतीय अल्पपोषित है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक तीसरा कुपोषित बच्चा भारतीय है। इसीलिए यह रिपोर्ट के बहुत ही भयावह और डरावनी है। पिछले साल महामारी के समय में जिस भुखमरी का सामना भारत ने किया उसमें हमें इजाफा हो रहा है तो यह एक बहुत ही चिंता का विषय है। विडंबना यह है कि इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थों का 40 प्रतिशत तक बर्बाद हो जाता है। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में भारत में एक बहुत गंभीर समस्या आ जाएगी। वर्ष 2020 में लॉकडाउन के शुरुआत 4 महीनों के दौरान अनाज का अधिशेष भंडार लगभग 60 लाख टन तक आ गया था जो भारत के गोदामों में सड़ता रहा जो कि इस कुपोषण था और भुखमरी का बहुत बड़ा कारण है विस्तृत रूप से अनाज का ना मिलना कहीं ना कहीं लोगों के लिए खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पूरा नहीं कर पा रहा है । इसके लिए हमें व्यापक रूप से परिवर्तन लाने होंगे आपूर्ति श्रृंखला को एक नई दिशा प्रदान करनी होगी जिससे कि हर किसी को खाद्य पदार्थ पहुंच सके और उनकी बर्बादी भी ना हो।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमता

### लापरवाही की हद

**कोरोना** की दूसरी लहर ने देश में हाहाकार मचा दिया है। लोग कोरोना के भय से मुक्ति पाने हेतु कोरोना वैक्सीनेशन के लिए आतुर है। ऐसी विकट व विषम परिस्थितियों भरे माहौल में उत्तर प्रदेश के शामली में कोरोना वैक्सीन की जगह एंटी रेबीज (कुत्ते के काटने पर लगने वाला) का इंजेक्शन 3 महिलाओं को लगा दिया जाना, तो घोर लापरवाही का अक्षम्य अपराध का प्रकरण है। आखिर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं समझते ? क्या ये कोरोना वैक्सीन व एंटी रेबीज में कोई अंतर नहीं समझते हैं ? कई जगह ऐसी घोर लापरवाही के आलम के समाचार आते हैं, इसके बाद भी चाल बेढ़गी है। कोई सबक व नसीहत नहीं। आम आदमी इस आस में दौड़ा जा रहा है कि वह वैक्सीन से अपनी जिंदगी की सुरक्षा कर सके! लेकिन दमघोटू (कु) व्यवस्था में लापरवाही का आलम है। यूपी सरकार को ऐसे लापरवाह कर्मियों का सख्त से सख्त संज्ञान लेना चाहिए ताकि अन्य कोई लापरवाही कर विभाग की छवि धूमिल ना करें।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**टीका** उत्सव, 11 से 14 अप्रैल के बीच टीकाकरण अभियान कोविड-19 महामारी के खिलाफ दूसरे बड़ी लड़ाई की शुरुआत का प्रतीक है।
– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**कूच** बेहर कांड पर दीदी मेरा इस्तीफा मांग रही हैं। यदि पश्चिम बंगाल की जनता यह मांग करती है तो मैं सिर झुकाकर ऐसा ही करने को तैयार हूं।
– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री





**विनाशकारी** कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए सीबीएसई परीक्षा आयोजित करने पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।
– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# लखनऊ व लालजी टंडन एक दूसरे के पर्याय थे: योगी

## ● दुबग्गा से चौक चौराहे तक सड़क तथा चौक चौराहे का नामकरण लालजी टण्डन चौराहा

## मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित लालजी टण्डन हाल का किया लोकार्पण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मंत्री तथा बिहार तथा मध्य प्रदेश के राज्यपाल रहे स्व लालजी टण्डन की जयन्ती पर अपने सरकारी आवास से चौक स्टेडियम स्थित नवनिर्मित लालजी टण्डन बहुउद्देशीय हाल का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने दुबग्गा से चौक चौराहे तक सड़क का नामकरण लालजी टण्डन मार्ग तथा चौक चौराहे का नामकरण लालजी टण्डन चौराहा किया। मुख्यमंत्री ने लालजी टण्डन को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि लखनऊ व स्व0 लालजी टण्डन एक दूसरे के पर्याय थे। लखनऊ में ही उनका जीवन रचता.बसता था। सम्भवत: आज यह पहला कार्यक्रम है जिसमें टण्डन जी अपने भौतिक काया के रूप में उपस्थित नहीं है, फिर भी उनकी विचारधारा हम लोगों के लिए आज भी पथ प्रदर्शन का कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी पार्टियों के लोग श्री लालजी टण्डन का सम्मान करते थे। उनकी विशेषता थी कि वे आजीवन एक ही विचारधारा, मूल्य व सिद्धान्तों पर अडिग रहे। वे अपनी विचारधारा व सिद्धान्तों से इतर अन्य विचारों का भी सम्मान करते थे तथा एक अभिभावक के तौर पर सबके प्रति सहयोगी रवैया अपनाते थे। यही कारण है कि प्रदेश के सभी दलों के लोग उनका सम्मान करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री टण्डन लखनऊ के बारे में एक चलता.फिरता पुस्तकालय थे। लखनऊ के व्यवसाय, राजनीति, विकास एवं समाज.दर्शन के सम्बन्ध में उनकी समग्र सोच थी। लखनऊ के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण था कि श्री लाल जी टण्डन के निधन पर हर वर्ग के लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त की थी। आज उनकी जयन्ती के अवसर पर कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए हम सभी अपने जनप्रिय मार्गदर्शक को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम कोविड.19 के नये स्ट्रेन की लहर के कारण मुख्यमंत्री आवास पर पूरे प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सम्पन्न हुआ है। उन्होंने सड़क और चौराहे के नामकरण हेतु नगर निगम को तथा बहुउद्देशीय हॉल के लिए खेल विभाग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व दिनेश शर्मा, नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन, चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना तथा विधान परिषद सदस्य स्वतंत्रदेव सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये। लखनऊ की महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ज्ञातव्य है कि चौक स्टेडियम में बहुउद्देश्यीय हॉल लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से खेल विभाग द्वारा निर्मित किया गया है। इस बहुउद्देशीय हॉल में 1,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। यह प्रदेश का पहला ऐसा बहुउद्देशीय हॉल है, जहां बॉक्सिंग सहित सभी इण्डोर गेम्स की सुविधा उपलब्ध है।

## गेहूं क्रय केन्द्रों का संचालन पूरी क्षमता से हो

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी ने निर्देशित किया है कि गेहूं क्रय केन्द्रों का संचालन पूरी क्षमता से किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत न हो। गेहूं खरीद के दौरान कोविड प्रोटोकाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गेहूं क्रय की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई के दृष्टिगत गो.आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के लिए भूसे की व्यवस्था सुगमता से की जा सकती है। इसलिए भूसा बैंक बनाने का कार्य तेजी से किया जाए। उन्होंने भूसा बैंक में भूसे के सुरक्षित भण्डारण के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएम** योगी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत 2078 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चैत्र नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्रि से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है। इसलिए धर्म अध्यात्म ज्योतिष के साथ साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सृजनात्मक ऊर्जा की आराधना का पर्व नवरात्रिए समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति होए नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए। वर्तमान समय की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने आमजन से अनुरोध किया है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु लोग नवरात्रि के दौरान घर में ही रहकर धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करें।

**चेटी चन्द पर सीएम की बधाई:** सीएम योगी ने चेटी चन्द भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान झूलेलाल जी ने सद्भाव और एकता का संदेश देकर समाज को एक नई राह दिखाई। वर्तमान परिवेश में भगवान झूलेलाल जी का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान समय की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने आमजन से अनुरोध किया है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु लोग चेटी चन्द भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर घर में ही रहकर धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न करें।

## सपा कल मनाएगी 'संविधान रक्षा दिवस' के साथ दीवाली

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 130वी जयंती पर समाजवादी पार्टी 14 अप्रैल को देशव्यापी 'संविधान रक्षा दिवस' के साथ दीवाली मनाएगी। सपा मुखिया के निर्देशों के मुताबिक प्रदेश के प्रत्येक जनपद और देशभर में कार्यकर्ता सायं समाजवादी पार्टी कार्यालय, अपने घरों पर, सार्वजनिक स्थल अथवा डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर दीपक जलाकर बाबा साहेब को श्रद्धा के साथ नमन करेंगे और संविधान को बचाने की शपथ लेंगे। अखिलेश यादव के अनुसार भाजपा के राजनीतिक अमावस्या के काल में वह संविधान खतरे में है, जिससे बाबा साहेब ने स्वतंत्र भारत को नई रोशनी दी थी, इसलिए डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर 14 अप्रैल को समाजवादी 'संविधान की रक्षा की शपथ' के साथ दीवाली मनाएंगे। सपा प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह बदले की भावना से काम कर रही है। बाबा साहेब ने संविधान में प्रतिष्ठा और अवसर की समता की जो गारंटी दी थी उसकी अवहेलना करते हुए अब भाजपा सरकार आरक्षण समाप्त करने की भी कोशिश में है। नफरत और समाज को बांटने की राजनीति चलाकर भाजपा ने पूरे समाज में ज़हर घोल दिया है। परस्पर विभेद और विद्वेष की ताकतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अत: सभी लोग बाबा साहेब की जयंती पर उनके द्वारा निर्मित संविधान के प्रति पुन: संकल्पशील होकर स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों की स्थापना और डॉ0 राममनोहर लोहिया के समता मूलक सिद्धांतों के अनुसरण के उद्देश्य से 14 अप्रैल 2021 को ष्संविधान रक्षा दिवसष् के साथ दीवाली भी मनायेंगे।

## नवरात्र पर्व पर सपा मुखिया ने दी बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नवरात्र पर्व पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा है कि इन दिनों मां दुर्गा के विविध रूपों की पूजा वस्तुत: मातृशक्ति की आराधना है। देवी तमाम शक्तियों का एकाकार रूप है। वह अन्याय और अनीति के विरूद्ध संघर्ष की भी प्रेरणा देती है। अखिलेश यादव ने कहा कि नवरात्र के नौ दिनों में व्रत से आत्मशुद्धि और स्वयं में शक्ति संचार की भी उपलब्धि होती है। इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर का भी प्रारम्भ होता है। कामना है कि यह नववर्ष सबके लिए मंगलमय हो। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने मुस्लिम भाईयों को रमजान पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि रमजानुल मुबारक माह में दूसरे लोगों से हमदर्दी और सब्र की सीख मिलती है। इस माह में अल्लाह अपनी रहमतों और बरकतों की बारिश करता है।

## सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ के बगहीडांड पुल के पास कार पलटने से हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की हुई मृत्यु पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। अखिलेश यादव ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# कृषकों का सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम करेगी सहकार भारती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में देश में नव संवत्सर से आरम्भ होने जा रहे भूमि सुपोषण एवं संरक्षण राष्ट्रीय जन अभियान को सफल बनाने में अनुषांगिक संगठन सहकार भारती बढचढ कर हिस्सा लेगी। सहकार अभियान के प्रथम दिन 13 अप्रैल को सहकार भारती सभी जनपदों में भूमि पूजन करेगी। संगठन अगले तीन माह में विभिन्न कृषक प्रशिक्षण संगोष्ठी कार्यशाला प्रदर्शनी जागरूकता कार्यक्रम आदि आयोजित करेगा और जैविक खेती से जुड़े किसानों को सम्मानित करेगा।

यह जानकारी सहकार भारती प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने दी। उन्होंने कहा कि अभियान का शुभारंभ 13 अप्रैल को चैत्र वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर संपूर्ण राष्ट्र में भूमि पूजन विधि से होगा। इस दिन सभी राज्यों जिलों ग्रामों एवं नगरों में विधिवत भूमि पूजन किया जाएगा। प्रथम चरण की कालावधि तीन माह यानी आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा तक होगीए जोकि 24 जुलाई को है। सहकार भारती प्रदेश के प्रत्येक जनपद में अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं सहकारी बंधुओं व किसानों के सहयोग से भागीदारी करेगी। संगठन अभियान के प्रथम चरण में भूमि सुपोषण को प्रत्यक्ष साकार करने वाले कृषकों को सम्मानित कर उनको प्रोत्साहित करेगा। डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीय कृषि चिंतनए भूमि सुपोषण एवं संरक्षणए इन संकल्पनाओं को कृषि क्षेत्र में पुन: स्थापित करना है। भारतीय कृषि चिंतन में भूमि को धरती माता कहा गया है। प्राचीन ग्रंथों में इसके उदाहरण मिलते हैं। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में उद्धत हैए ष्माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या: अर्थात भूमि हमारी माता और हम उसके पुत्र हैं। भूमि के पोषण की व्यवस्था करना हमारा कर्तव्य है। भूमि सुपोषण एवं संरक्षण कृषक मात्र का उत्तरदायित्व नहीं है बल्कि यह हम सबका सामूहिक उत्तरदायित्व है। यही इस अभियान की मुख्य संकल्पना है। डॉ जादौन ने कहा कि आधुनिक कालखंड में कृषि समेत अन्य क्षेत्रों में भूमि का स्थान मात्र एक आर्थिक स्रोत बनकर रह गया है। भूमि का सतत शोषण किया जा रहा है। अनुभवी किसानों व विशेषज्ञों के अनुसार कृषि लागत मूल्य निरंतर बढ़ रहा है। भूमि की उपजाऊ क्षमता घट रही है ऑर्गनिक कार्बन की मात्रा भी निरंतर घट रही हैए जिससे उत्पादन भी घट रहा है। भूमि की जल धारण क्षमता और जल स्तर अधिकांश स्थानों पर घट रहा है।



लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन को सेनेटाइज करते नगर निगम कर्मचारी

# प्रदेश में कोरोना से हालात गंभीर: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



## ● जांच रिपोर्टें 24 घंटे के बजाय 7 दिन में मिल रही है। बचाव के तौरतरीकों पर भी भ्रम की स्थिति

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण से भयावह हालात है। भाजपा सरकार ने पिछली घटनाओं से कोई सबक नहीं सीखा उसी अक्षम्य लापरवाही का नतीजा है कि सब तरफ अफरा तफरी मची हुई है। भाजपा सरकार ने अपनी वाहवाही के मेडल बटोरने में ही पूरा साल गुजार दिया और जनता को बिना इलाज मरने को छोड़ दिया है। इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या होगा कि मुख्यमंत्री 'टीका उत्सव' मना रहे हैं जबकि राजधानी लखनऊ की जनता 'चिता उत्सव' में डूबी है। अंतिम संस्कार के लिए कई दर्जन नए प्लेटफार्म बनाने पड़े हैं, विद्युत शवदाह गृह कम पड़ गए हैं और शवदाह के लिए लकड़ियां बाहर से मंगानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कैसी विडम्बना है कि कोरोना के दूसरे संक्रमण के दौर में उत्तर प्रदेश में न पर्याप्त दवाइयां मिल रही है नहीं ट्रैकिंग और टेस्टिंग की सुचारू व्यवस्था है। जांच रिपोर्टें 24 घंटे के बजाय 7 दिन में मिल रही है। बचाव के तौरतरीकों पर भी भ्रम की स्थिति है। प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा संक्रमित रविवार को मिले 67 मौते हुई। राजधानी लखनऊ में रविवार को 4444 मरीज मिले जिनमें 31 की मौत हो गई। गोरखपुर में कोरोना संक्रमण का रिकार्ड टूटाए एक दिन में 438 मरीज मिले 3 की मृत्यु हो गयी। अखिलेश ने कहा कि अंत्येष्टि के लिए लखनऊ में वेटिंग और टोकन की व्यवस्था के विचलित करने वाले दृश्य दिखाई दिए। बड़ी संख्या में डाक्टरए पैरामेडिकल कर्मचारी भी कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। सेनेटाइजेशन के लिए पर्याप्त मशीने नहीं है। कोविड.19 अस्पताल पहले से भी कम है। आईसीयू बेडों का अभाव कोढ़ में खाज पैदा कर रहा है। अनुमान है कि कोरोना की इस दूसरी लहर में दैनिक संक्रमण 1.70 लाख तक पहुंच जाएगा। 20 से 25 अप्रैल के बीच कोरोना के मामले चरम पर होंगे। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में संक्रमितों की तुलना में रिकवरी रेट पांच गुना से भी कम है। धीमी रिकवरी की वजह से सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़रही है। महज 19 प्रतिशत लोगों के ठीक होने की सूचनाएं हैं। तमाम शैक्षिक संस्थानों में शिक्षक कर्मचारी संक्रमित पाए गए है। अव्यवस्था के चलते बहुत से होम आइसोलेट मरीजों को अस्पताल जाने में भी लग रहा है।

# कोरोना महामारी की भयावहता को नजरंदाज कर रही है योगी सरकार

## कांग्रेस ने साधा प्रदेश सरकार पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** ने कहा है कि दूसरे चरण में कोरोना महामारी की भयावहता विकराल रूप धारण कर चुकी है। डबल म्यूटेन्ट वैरिएन्ट पहले से ज्यादा ताकतवर एवं संक्रामक हो गया है। 2020 में जहां एक संक्रमित व्यक्ति 5 लोगों को संक्रमण फैलाने की स्थिति में था वहीं यह संख्या अब बीस तक पहुंच गई है। ऐसे में संक्रमण तेजी से फैल रहा है और मृतकों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी हो रही है। यहां तक कि लखनऊ में पॉजिटिविटी दर पिछले के मुकाबले लगभग चार गुना बढ़कर 17.5 प्रतिशत हो चुकी है। वाराणसी जो कि प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है वहां 19 प्रतिशत के बेहद चिन्ताजनक स्तर तक पहुंच गया है। ऐसी विकट स्थिति के बाद भी सरकार आवश्यक व्यवस्थाएं करने में अब तक पूरी तरह से निष्क्रिय है। मुख्यमंत्री अभी भी चुनावी पर्यटन पर हैं। पूरी ऊर्जा बयानबाजी पर केन्द्रित हो गई है जिस कारण स्थिति भयावह हो गई है। शर्मनाक तो यह है कि कोरोना पीड़ित एक व्यक्ति को इलाज दिलाने के बजाए मुख्यमंत्री के आवास से चन्द कदमों की दूरी पर स्थित पेट्रोल पम्प पर बने फुटपाथ पर ही चारों ओर से रस्सी बांधकर पुलिस द्वारा आइसोलेट कर दिया गया। यह योगी सरकार का अमानवीय चेहरा दर्शाता है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने कहा कि बार-बार कांग्रेस पार्टी द्वारा टेस्टिंग, ट्रैकिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट व टीकाकरण में युद्ध स्तर की तैयारी की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद योगी सरकार कोरोना महामारी की भयावहता को अभी भी नजरंदाज कर रही है और कोरोना संक्रमण दर के मामले में उत्तर प्रदेश देश में चैथे नम्बर पर पहुंच गया है। हालात दिनों-दिन बद से बदतर होते जा रहे है। राजधानी में विद्युत शवदाह गृहों की लगभग न के बराबर उपलब्धता और लम्बी वेटिंग को देखते हुए लकड़ी की चिता पर अंतिम संस्कार की इजाजत दी गई, जिसके बाद नगर निगम द्वारा लकड़ी की भी अनुपलब्धता उजागर हो गई। बाद में आनन-फ ानन में अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी दूसरे जिलों से लकड़ी मंगानी पड़ी।

प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ जहां इलाज के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों से लोग पहुंचते हैं वहां पर कोरोना के गंभीर मरीजों के इलाज के लिए एल-3 बेडों की व्यापक कमी है। विगत वर्ष 2020 में केजीएमयू, राम मनोहर लोहिया, एसजीपीजीआई लखनऊ में 850 एल-3 बेडों की व्यवस्था की गई थी। इस बार महामारी की व्यापकता के बावजूद क्रियाशील बेडों की संख्या महज 495 ही हो पाई है। ऐसे में गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए सरकार को तत्काल एल-3 के 2 हजार बेडों की व्यवस्था सुनिश्चित करानी चाहिए।

पाण्डेय ने कहा कि सरकार को बिना देरी किये प्रदेश के सभी जनपदों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना की जांच की व्यवस्था और आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करानी चाहिए। जिससे कोरोना ग्रस्त लोगों की जांच हो सके और पीड़ित मरीजों का समुचित इलाज हो सके। कोरोना जांच का दायरा बढ़ाया जाए और 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के लोगों को भी कोरोना जांच और वैक्सीनेशन की व्यवस्था कराई जाए।




आलमबाग में बिना मास्क लगाए वाहन चालकों का चालान काटते पुलिस कर्मी

# फर्जी जांच रिपोर्ट को लेकर सरकार पर जमकर बरसे संजय सिंह, राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि कोरोना के कारण हालात लगातार भयावह होते जा रहे हैं। दूसरी ओर योगी सरकार यूपी के लोगों की जान से खिलवाड़ करने में जुटी है। कोरोना पर नियंत्रण के नाम पर सरकार फर्जी जांचें कराकर मरीजों की संख्या कम दिखाने की कोशिश में जुटी है। महामारी के दौरान सरकार का यह काम आपराधिक कृत्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। इस मामले में राज्यपाल को हस्तक्षेप करके पूरे प्रकरण की रिपोर्ट केंद्र को भेजनी चाहिए।

राज्यसभा सांसद संजय सिंह सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान फर्जी जांच रिपोर्ट को लेकर वह सरकार के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने एक ही मोबाइल नंबर पर 7343 जांचें होने का मामला उठाया। अमित मिश्र, कपिल आदि की शिकायतों का जिक्र करते हुए कोरोना के नाम पर हो रही फर्जी जांचों के प्रमाण दिए। कहा कि सरकार अस्पतालों में दो हजार बेड बढ़ाने का दावा कर रही है, जबकि अस्पतालों के बाहर मरीजों की लाइन लगी हुई है। आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारी दीपक त्रिवेदी को भर्ती होने के लिए आठ घंटे इंतजार करना पड़ा। आम आदमी को तीन से चार दिन इंतजार के बाद बेड नहीं मिल पा रहे हैं। सरकार फर्जी जांच और झूठे दावे करके लोगों को महामारी के इस दौर में गुमराह करने में जुटी हुई है। अस्पतालों में जांच के लिए लाइन लग रही है। जांच कराने पहुंचे लोगों की जांच नहीं हो पा रहीए उल्टे वो वहां से संक्रमित होकर लौट रहे हैं। जांच और भर्ती के लिए ही कतारें नहीं हैं, अगर कोई अपनी बीमारी से दम तोड़ गया तो श्मशान में भी कतार लगानी पड़ रही है। पिछले तीन चार दिन से यह मामला मीडिया की सुर्खियों में आया तो सोमवार को सरकार की ओर से लखनऊ के भैंसा कुंड श्मशान घाट पर 80 नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। संजय सिंह ने राजधानी के हालात का अहसास कराने के लिए लखनऊ के डीएम का बयान सुनाया कि लोग अब सड़कों पर मर रहे हैं। संजय सिंह ने कोरोना को लेकर व्याप्त लापरवाही पर योगी से सवाल किया।

# अनुसूचितजाति वर्ग के अपमान के खिलाफ पश्चिम बंगाल में भाजपा चलाएगी अभियान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में शेष बचे चार चरणों के मतदान के मद्देनजर भाजपा ने अपने चुनावी अभियान को और तेज करने का फैसला किया है और इस बार उसने तृणमूल कांग्रेस के एक नेता द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करने को मुद्दा बनाते हुए वहां की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन की रणनीति बनाई है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल खान ने पिछले दिनों कथित तौर पर अनुसूचित जाति के लोगों की तुलना भिखारियों से की थी। भाजपा महासचिव दुष्यंत गौतम के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को अनुसूचित जाति आयोग का दरवाजा खटखटाया और एक ज्ञापन सौंपकर सुजाता मंडल खान के खिलाफ कार्वाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल, हंसराज हंस और पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चे के अध्यक्ष लालसिंह आर्य भी शामिल थे।

तृणमूल कांग्रेस को दलित विरोधी करार देते हुए गौतम ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ भाजपा व्यापक विरोध प्रदर्शन अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा, उन्होंने (खान) जो कहा है वह बहुत ही अपमानजनक है। उन्होंने कहा था कि अनुसूचित जाति स्वभाव से भिखारी है। अनुसूचित जाति के लोग हमारी कल्याणकारी नीतियों की वजह से भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने जो कहा वह तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मानसिकता को दर्शाता है।

बनर्जी पर हमला करते हुए गौतम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति आयोग भी नहीं है कि लोग वहां जाकर शिकायत कर सके। मोदी सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है इसलिए उसे सभी का समर्थन मिल रहा है। इससे पहले भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को इस मामले की शिकायत निर्वाचन आयोग से भी की थी।

पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से कहा था कि खान की टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता, भारतीय दंड संहिता एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति (उत्पीड़न रोकथाम) अधिनियम का उल्लंघन हैं। प्रधानमंत्री अपनी चुनावी रैलियों में भी इस मुद्दे को जोरशोर से उठा रहे हैं और ममता बनर्जी सरकार को दलित विरोधी ठहरा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में मतदान संपन्न होना है। चार चरण के मतदान हो चुके हैं जबकि चार चरण अभी बाकी है। दो मई को चुनावी नतीजे आएंगे।

## मुंबई में शरद पवार के पित्ताशय का ऑपरेशन हुआ

**मुंबई।** मुंबई के एक निजी अस्पताल में सोमवार को राकांपा के प्रमुख शरद पवार के पित्ताशय का ऑपरेशन हुआ। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने इस बारे में बताया। पवार (80) को यहां के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।मलिक ने बताया, पार्टी अध्यक्ष शरद पवार साहेब के पित्ताशय का सोमवार को डॉ. बलसारा ने सफल लैप्रोस्कोपी ऑपरेशन किया। मलिक ने बताया कि पवार की स्थिति स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।इससे पहले 30 मार्च को राकांपा अध्यक्ष की पित्त वाहिका से एक पथरी निकालने के लिए अस्पताल में आपातकालीन एंडोस्कोपी सर्जरी की गई थी। इसके बाद उन्हें सात दिन तक आराम करने की सलाह दी गई थी। करीब 15 दिन बाद उनका ऑपरेशन होना था। इसलिए वह रविवार को अस्पताल में भर्ती हुए और आज सुबह ही उनका ऑपरेशन हुआपवार की पार्टी महाराष्ट्र में शिवसेना और कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सत्ता में है।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एम्स से छुट्टी पाने के बाद लोगों का अभिवादन करते हुए।

# जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल कराने के लिए संघर्ष जारी रखेगी पीडीपीः महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल कराने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के हल के लिए भारत और पाकिस्तान को बातचीत की मेज पर आना होगा। मुफ्ती ने यहां पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा, हम जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल कराने का अपना संघर्ष जारी रखेंगे....इसे समाप्त करने के आपके (सरकार) निर्णय को हम स्वीकार नहीं करते।

पूर्ववर्ती राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा भारत के संविधान ने दिया था। उन्होंने कहा, यह दर्जा चीन ने या पाकिस्तान ने नहीं दिया था। जब हम इसे बहाल करने की बात करते हैं तो सरकार को पीड़ा क्यों होती है? हम खास शर्तों पर भारत में शामिल हुए थे और उनमें से एक था अपनी पहचान की सुरक्षा करना। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि केन्द्र को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करना ही होगा। उन्होंने कहा, अगर आपको जम्मू कश्मीर के लोगों की परवाह है, तो आपको वह लौटाना होगा जो आपने हमसे छीना है। साथ ही मुफ्ती ने कहा कि जम्मू कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के हल के लिए भारत और पाकिस्तान को बातचीत करनी होगी।

उन्होंने कहा, अगर दोनों देश क्षेत्र में शांति चाहते हैं तो उन्हें सभी लंबित मुद्दों को हल करने के लिए एक साथ बैठना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाना चाहिए ताकि दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच के मुद्दों को हल किया जा सके। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करती हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन में भाग लेने पाकिस्तान जाएंगे....क्योंकि (पूर्व प्रधानमंत्री) अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि हम मित्र बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं।

# उच्चतम न्यायालय ने विमानवाहक पोत विराट को संग्रहालय में तब्दील करने की याचिका खारिज की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सेवा से बाहर किए गए भारत के विमानवाहक पोत विराट के संरक्षण और इसे संग्रहालय में तब्दील करने का अनुरोध करने वाली एक निजी कंपनी की याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि रक्षा मंत्रालय ने सेवा से बाहर किए गए विमानवाहक पोत के संरक्षण संबंधी निजी कंपनी एन्वीटेक मरीन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिवेदन को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीठ ने कहा, आप यह नहीं कर सकते हैं। बंबई उच्च न्यायालय ने आपको सरकार के समक्ष प्रतिवेदन देने को कहा। आपने वह किया। सरकार (रक्षा मंत्रालय) ने इसे खारिज कर दिया। आपको इसको चुनौती नहीं देनी चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चली कार्यवाही में, पीठ ने एन्वीटेक मरीन की प्रतिनिधि रुपाली शर्मा की इन दलीलों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि यह राष्ट्रीय खजाना है और इसे संरक्षित किए जाने की जरूरत है। पोत के खरीदार श्री राम ग्रुप की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा, उन्होंने रक्षा मंत्रालय का रुख किया। मंत्रालय ने ना कह दिया।

मामला यहीं समाप्त होता है। याचिका का निस्तारण किया जाए। सेंटॉर श्रेणी का विमानवाहक पोत, आईएनएस विराट ने मार्च 2017 में सेवा से बाहर किए जाने से पहले 29 साल तक भारतीय नौसेना में सेवा दी। विराट पिछले साल सितंबर में मुंबई से गुजरात के अलंग पोत तोड़फोड़ यार्ड में पहुंचा था और उसके तोड़ने की प्रक्रिया जारी है। विराट, भारत का दूसरा विमानवाहक पोत है जिसे तोड़ने की इजाजत दी गई है। इससे पहले 2014 में विक्रांत को मुंबई में तोड़ा गया था। गुजरात के भावनगर जिले के अलंग स्थित श्री राम ग्रुप ने पिछले साल जुलाई में एक नीलामी में 38.54 करोड़ रुपए में विराट को खरीदा था और पिछले साल दिसंबर में उसे तोड़ना शुरू कर दिया था। पीठ ने विराट को तोड़ने की स्थिति रिपोर्ट पर गौर करने के बाद निजी कंपनी से पूछा था कि जब युद्धपोत की वैध खरीद के बाद उसका 40 प्रतिशत हिस्सा तोड़ा जा चुका है, तब वह उसे संग्रहालय बनाने के लिए क्यों लेना चाहते हैं। इसपर कंपनी की प्रतिनिधि ने कहा था कि वह तोड़फोड़ की स्थिति का निरीक्षण करना चाहती हैं और कहा था कि दुनिया भर में ऐसे युद्धपोतों को संरक्षित रखा जाता है।

## तमिलनाडु में अन्नाद्रमुकनीत मोर्चा जीतेगा : भाजपा नेता

**तिरुपति ( आंध्र प्रदेश )।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष एल मुरुगन ने सोमवार को भरोसा जताया कि अन्नाद्रमुक नीत गठबंधन विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा। मुरुगन ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन 234 में से काफी सीटों पर जीत दर्ज कर तमिलनाडु में सरकार बनाएगा। जनमत सर्वेक्षणों (ओपिनियन पोल) में द्रमुक नीत गठबंधन को जीत मिलने की बात को दरकिनार करते हुए उन्होंने कहा कि दो मई को विधानसभा चुनावों के परिणाम के दिन सही तस्वीर राजग के पक्ष में होगी।

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110055

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**
**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | मोहम्मद अली हसन (कर्जदार), नरगिस परवीन (सह- कर्जदार) LBDEL00002378631 | फ्लैट नंबर 39, एलआईजी, चौथी मंजिल, ब्लॉक बी5, सेक्टर 34, पॉकेट 1, रोहीनी, नई दिल्ली 110085 क्षेत्र: 344 वर्ग फीट | रू. 13,69,491/- (अप्रैल 06, 2021 तक) | रू. 9,00,000/- / रू. 90,000/- | अप्रैल 16, 2021 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | मई 05, 2021 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मई 04, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ङ संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110055** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक-**मई 04, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग नई दिल्ली- 110055** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **मई 04, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।
सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन. न. **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन. न. **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : अप्रैल 13, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## जरूरत पड़ने पर लॉकडाउन लगाया जा सकता है: एदियुरप्पा

**बेंगलुरु** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने सोमवार को कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो लॉकडाउन लगाया जा सकता है। एदियुरप्पा ने बीदर में संवाददाताओं से कहा, लोगो को सोचना होगा, खुद अपनी भलाई की खातिर। वे सावधानी नही बरतते है तो हमें कठोर उपाय करने होंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम लॉकडाउन लागू करेंगे। राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी राज्य सरकार द्वारा किए गए उपायो को लेकर उनसे चर्चा की थी। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से कहा कि हमने ऐसे जिलो मे रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू किया है जहां संक्रमण के मामले बढ़ रहे है। एदियुरप्पा ने जोर दिया कि लोगो को मास्क अवश्य पहनना चाहिए और सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करने के साथ ही सैनिटाइजर का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, लोगों को स्वयं भी सावधानी बरतनी चाहिए। अगर वे सहयोग नही करते है तो हम सख्त उपाय करेंगे। मै चाहता हूं कि जनता हमारे साथ सहयोग करे। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री डॉ के सुधाकर ने बेंगलुरु में कहा कि सरकार लॉकडाउन लागू करने की इच्छुक नही है और लोगो से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा कि यदि लोग सहयोग करे तो कोरोना वायरस की दूसरी लहर को हराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि तकनीकी परामर्श समिति की ओर से लॉकडाउन की सिफारिश किए जाने की खबरो के बाद इसे लेकर अटकलें तेज हो गई है।

## विस्फोटकों के साथ वाहन खड़ा करने का मामले में गिरफ्तारी के बाद एपीआई काजी निलंबित

**मुंबई।** पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के सहकर्मी सहायक पुलिस निरीक्षक रियाज काजी को सोमवार को निलंबित कर दिया गया। एक दिन पहले ही एनआईए ने उन्हे उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटकों के साथ एसयूवी पाए जाने और इसके बाद मनसुख हिरन की हत्या की जांच के सिलसिले मे उन्हें गिरफ्तार किया था।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आयुध इकाई) वीरेंद्र मिश्रा ने काजी के निलंबन का आदेश जारी किया है, जिसमे कहा गया है कि वह कोई निजी काम नही कर सकते है और अगर इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी।काजी को हर शुक्रवार को स्थाई आयुध इकाई के समक्ष पेश होने का आदेश दिया गया है।राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रविवार को काजी को गिरफ्तार किया। एक अवकाश अदालत ने काजी को 16 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया था।

## गठन के लिए टीटीएडीसी ने पेश किया दावा

**अगरतला।** त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएडीसी) चुनाव में 28 में से 18 सीटो पर धमाकेदार जीत हासिल करने वाले तिपराहा स्थानीय प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन (टिपरा) ने नई परिषद के गठन के लिए दावा पेश किय है। टिपरा के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। टिपरा के अध्यक्ष प्रद्योत किशोर देव बर्मन के नेतृत्व में गठबंधन के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल रमेश कुमार बैस से रविवार शाम को मुलाकात की और नई परिषद के गठन का दावा पेश किया। जनजातीय परिषद में 30 सीटें होती है और 28 सीटों के लिए मंगलवार को चुनाव हुआ था जिसके नतीजे शनिवार को आए। बाकी दो सीटों के प्रतिनिधियों को राज्य सरकार के सुझाव पर राज्यपाल द्वारा मनोनीत किया जाएगा। देव बर्मन ने रविवार को राजभवन से बाहर आने के बाद संवाददाताओं से कहा कि टीटीएडीसी राज्यपाल के अधीन काम करती है और परिषद के गठन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित है। उन्होने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए सरकार तारीखों की घोषणा करेगी।

## विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया

**कोझिकोड (केरल)।** केरल सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को अझिकोड के विधायक एवं आईयूएमएल के नेता के एम शाजी के खिलाफ कथित रूप से आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने को लेकर मामला दर्ज किया। उनके दो आवासों पर छापेमारी चल रही है। सतर्कता विभाग के सूत्रों ने बताया कि कन्नूर में मलूरकुन्नू और चिरक्कल के पास विधायक के घर पर छापेमारी चल रही है। अदालत के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है। कोझिकोड की एक अदालत ने पिछले साल नवंबर में सतर्कता विभाग को विधायक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में मामला दर्ज करने का आदेश दिया था।

# तृणमूल कांग्रेस एनआरसी पर फैला रही झूठ, गोरखा समुदाय पर असर नही पड़ेगा : शाह

**कलिम्पोंगाधूपगुड़ी ( पश्चिम बंगाल )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनआरसी को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पहाड़ के लोगों के बीच झूठ फैलाकर डर पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि गोरखा समुदाय पर इसका असर नहीं पड़ेगा। कलिम्पोंग में एक रोडशो के बाद शाह ने कहा कि जब तक केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार है, गोरखा लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा, एनआरसी अभी लागू नहीं हुआ है लेकिन जब भी ऐसा होगा, एक भी गोरखा को जाने के लिए नहीं कहा जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, तृणमूल कांग्रेस गोरखा लोगों के बीच डर पैदा करने के लिए एनआरसी पर झूठ फैला रही है। शाह ने दावा किया कि दार्जिलिंग और कलिम्पोंग को लंबे समय से अत्याचार झेलना पड़ रहा है।

**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MC JHAJJAR | PROVIDING RCC PRECAST BOUNDARY WALL COMPLETE IN CONSTRUCTION & DEMOLITION JHAJJAR. | 12.04.2021 19.04.2021 | EMD 49980/- | https://etenders.hry.nic.in | 8930000765 sjsecymcjhajjar@gmail.com |
| 2 | FED. OF COOP. SUGAR MILLS LTD. KARNAL | PURCHASE AND INSTALLATION OF CCTV CAMERAS+3 OTHER WORK | 13.04.2021 27.04.2021 | 2 LACS | www.etenders.hry.nic.in | 8950143977 |
| 3 | HARTRON | INSTALLATION, MAINTENANCE OF CLOUD ENABLED DATA CENTERS WITH DR ON COLOCATION SPACE PROVIDED BY HARTRON AT VARIOUS LOCATIONS ACROSS THE COUNTRY ON BUILD OWN OPERATE MODEL | 15.04.2021 06.05.2021 | EMD 20 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2700580 rfptds.hartron@gmail.com |
| 4 | KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD | PROVIDING SKILLED/UNSKILLED /HIGHLY SKILLED MANPOWER THROUGH OUTSOURCING AGENCY | 13.04.2021 26.04.2021 | EMD 4 LACS | etenders.hry.nic.in | 9813264964 |
| 5 | MUNICIPAL COMMITTEE SAMPLA | PROVIDING OF VEHICLES ON MONTHLY BASIS IN THE OFFICE OF MUNICIPAL COMMITTEE SAMPLA | CLOSING DATE 15.04.2021 | 49500/- PER MONTH | www.etenders.hry.nic.in | 8930433040 sec.sampla@gmail.com |
| 6 | MC SONIPAT | SUPPLY OF THE HARA CHARA, BHUSSA AND PURALI FOR NANDISHALA IN VILLAGE KISHORA/KUMASPUR AND HARSANA MUNICIPAL CORPORATION, SONIPAT | CLOSING DATE 22.04.2021 | NIL | https://etenders.hry.nic.in | semcsonepat@gmail.com |
| 7 | HVPNL | PROVIDING OF OIL PLUGGING COMPOUND AND PLUGGING OF OIL LEAKAGE OF T/F T-1 100 MVA, 220/132 KV & T/F T-2 100 MVA, 220/132 KV BEARING SR. NO. S-29999 & S-30000(MAKE-AREVA) INSTALLED AT 220 KV SUBSTATION NUNA MAJRA (NIT NO. 02/2021-22/XEN/TS/RTK DATED.08.04.2021) | 08.04.2021 15.04.2021 | 4.18 LACS | www.hvpn.org.in | 01722583789 pro@hvpn.org.in |
| 8 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT OLD JHAJJAR | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 9 | HVPNL | CREATION OF ONE NO. 66 KV LINE BAY AT 220 KV S/STN., MEERPUR KURALI TO ACCOMMODATE THE 2ND CIRCUIT OF 66 KV MEERPUR KURALI - ALLAWALPUR D/C LINE. (NIT NO. 02/TS/PWL/2021-22 DATED: 08.04.2021) | 08.04.2021 28.04.2021 | 2.36 LACS | www.hvpn.org.in | 01722583789 pro@hvpn.org.in |
| 10 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT KAHANAUR | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 11 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT JHAJJAR ROAD ROHTAK | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 12 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT BUPANIA | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 13 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT HSIIDC KUNDLI | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 14 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT SONEPAT | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 15 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT BUTANA | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 16 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT MADLAUDA | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 17 | MUNICIPAL COMMITTEE NILOKHERI | EXPRESSION OF INTEREST FOR THE THIRD PARTY CONSULTANT FIRM/ INDIVIDUAL CONSULTANT FOR RECLAMATION WORK TO ASSISTS THE MC NILOKHERI IN SUPERVISING THE O&M OF THE PROCESSING FACILITY IN ACCORDANCE WITH MODEL RFP, AS PER GUIDELINES OF HON'BLE NGT AND DULB. | 12.04.2021 19.04.2021 | | https://etenders.hry.nic.in | 7015106879 secymc.nilokheri@hry.nic.in |
| 18 | UHBVN | PROVIDING RAIN WATER HARVESTING SYSTEM IN 33KV S/STN. COMPLEX AT MACHHRAULI | CLOSING DATE 23.04.2021 | 1.71 LACS | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 19 | HVPNL | MAINTENANCE OF INDOOR CABLE TRENCHES (I/C POWER CABLES) FOR PREVENTION FROM INGRESS OF WATER, FIRE & RATS/SNAKES ETC. BY BARRIER SCREEN WORK AT 220KV S/STN. HVPNL, SEC – 32, PANCHKULA. (NIT NO. 03/2021-22/XEN/TS/PKL DATED 09.04.2021) | 09.04.2021 19.04.2021 | 4.15 LACS | www.hvpn.org.in | 01722583789 pro@hvpn.org.in |
| 20 | HARYANA SEEDS DEV. CORPN. LTD. | REQUEST FOR PUBLICATION OF SHORT TERM RE-E-TENDER NOTICE FOR SUPPLY, INSTALLATION, COMMISSIONING & TESTING OF SEED TESTING LAB. EQUIPMENT FOR SEED TESTING LAB AT HSDC UMRI ( KKR). | 09.04.2021 22.04.2021 | 32.44 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8168607110 hsdcl@gmail.com |
| 21 | THE KURUKSHETRA-KARNAL COOPERATIVE MILK PRODUCERS UNION LTD. AT KURUKSHETRA | PROVIDING OF UNSKILLED, SEMI-SKILLED, SKILLED, HIGHLY-SKILLED SUPERVISORY MANPOWER IN VARIOUS SECTIONS IN MILK PLANT KURUKSHETRA AND MILK CHILLING CENTER KAITHAL + 1 OTHER WORK | 09.04.2021 26.04.2021 | 5 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01744-275544 milkunionkkr1@yahoo.co.in |
| 22 | UHBVN | FOR PROVIDING ONE NO. MAHINDRA BOLERO JEEP OR EQUIVALENT VEHICLE | CLOSING DATE 22.04.2021 | EMD 6000/- | www.uhbvn.org.in | xenopuhbvnsu2rohtak@gmail.com |
| 23 | UHBVN | TWO NO. BOLERO JEEP(OPEN FROM BACK SIDE) ARE REQUIRED ON HIRE BASIS FOR THE USE OF CITY SUB DIVISION UHBVN PANIPAT + 2 OTHER WORK | CLOSING DATE 23.04.2021 | 18000/- | www.uhbvn.org.in | 01802652352 |
| 24 | MC,PANCHKULA | REPAIR AND RENOVATION OF PARK NEAR HOUSE NO 1228, SECTOR 19,WARD NO 8, PANCHKULA+12 OTHER WORK | 09.04.2021 26.04.2021 | 99 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9050060000 xenmcpkl@gmail.com |
| 25 | THE AMBALA DISTT. COOP, MILK PRODUCERS UNION LTD | SUPPLY OF TEST -O-MILK STRIPS FOR DIFFERENT TESTS | 16.04.2021 05.05.2021 | 1.80 LACS | www.vitaindia.org.in | 9729875323 milkplant@vitaambala.com |
| 26 | HARYANA STATE WAREHOUSING CORPORATION | APPOINTMENT OF FIRM OF CHARTERED ACCOUNTANT/LLP FOR CONDUCTING THE INTERNAL AUDIT OF HSWC FOR THE FINANCIAL YEARS 2014-15, 2019-20, 2020-21 & 2021-22. | 12.04.2021 23.04.2021 | AS PER TENDER | etenders.hry.nic.in | 01722587200 secyhwc@hry.nic.in |

**FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in** R. O. NO. 2559

# जरूरत के मुताबिक हो टीकाकरणः सोनिया



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि उम्र की बजाय जरूरत के हिसाब से टीकाकरण का विस्तार किया जाए, राज्यों में संक्रमण की स्थिति के मुताबिक टीके उपलब्ध कराए जाएं तथा दूसरी कंपनियों के टीकों को आपात स्थिति में उपयोग की अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में यह भी कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए उठाए जा रहे सख्त कदमों के मद्देनजर गरीबों को छह हजार रुपए की मासिक मदद मुहैया कराई जाए। सोनिया ने शनिवार को हुई कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल बैठक का हवाला देते हुए पत्र में कहा, टीका एक बड़ी उम्मीद है। दुख की बात है कि ज्यादातर राज्यों में तीन से पांच दिन का ही टीका बचा हुआ है। ऐसे में हमें टीके को यहां बनाने की गति तेज करने के साथ ही अन्य कंपनियों के टीके को आपात स्थिति में उपयोग की अविलंब मंजूरी देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उम्र की बजाय जरूरत के मुताबिक टीके की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा राज्यों को भी संक्रमण की स्थिति और आगे के अनुमान के आधार पर ही टीके उपलब्ध कराए जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री से यह आग्रह भी किया कि कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए सभी जरूरी चिकित्सा उपकरणों, दवाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे को जीएसटी से मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि संक्रमण की स्थिति को देखते हुए रात्रिकालीन कर्फ्यू जैसे सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और ऐसे में गरीब एवं कमजोर तबके के लोगों को छह हजार रुपए की मासिक आर्थिक मदद दी जाए।

## स्पूतनिक वी को लेकर कांग्रेस का कटाक्ष

**● अयोग्य सरकार ने कुछ सीख तो लीः सुरजेवाला**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय औषधि प्राधिकरण की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा रूस के कोविड रोधी टीके स्पूतनिक वी के आपात उपयोग की मंजूरी की सिफारिश किए जाने को लेकर सोमवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस अयोग्य सरकार ने कुछ तो सीख ली। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि दूसरे देशों के टीकों को भी मंजूरी दी जाए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने उन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि कांग्रेस नेता विदेशी कंपनियों के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने स्पूतनिक वी के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने की सिफारिश की है।भारत का औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) इस सिफारिश पर अंतिम निर्णय लेगा। यदि इस टीके को मंजूरी मिल जाती है तो यह भारत में उपलब्ध तीसरा कोविड-19 रोधी टीका होगा। इसको लेकर राहुल गांधी ने सोमवार को ट्वीट किया, एक सीधा-सा लेटर,उसमें जन की बात...विपक्ष के सुझाव अच्छे हैं। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, अयोग्य सरकार ने देर से सही, कुछ तो सीख ली।



अमृतसर में बैसाखी त्योहार की पूर्व संध्या पर पारंपरिक पोशाक में नृत्य करते युवा

# गड़बड़ी रोकने के लिए केंद्रीय बल चार से अधिक लोगों की गाली मारकर जान ले सकते थेः भाजपा नेता

**भाषा।** कोलकाता

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बलों को यदि उचित लगता तो जिले में चुनाव में धोखाधड़ी के प्रयासों को रोकने के लिए वे गोली मारकर चार से अधिक लोगों की भी जान ले सकते थे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष ने कूच बिहार जैसी और घटनाओं की पुनरावृत्ति की चेतावनी देकर विवाद खड़ा कर दिया था। घोष ने रविवार को कहा था कि अगर सीतलकूची में मारे गए शरारती लड़कों की तरह किसी ने कानून हाथ में लेने का प्रयास किया तो विधानसभा चुनावों के अगले चरण में भी कूच बिहार की तरह हत्याएं हो सकती हैं।

उत्तर 24 परगना के हाबड़ा में सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख (ममता बनर्जी) ने जिन बदमाशों को शरण दे रखी है वे मतदान केंद्रों पर भाजपा के निर्दोष समर्थकों पर गोलियां चला रहे हैं। उनके गुंडे आम लोगों से मताधिकार छीन रहे हैं। केंद्रीय बलों ने इन बदमाशों पर गोली चलाकर सही काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय बलों को चुनाव में धोखाधड़ी रोकने के प्रयासों में यदि आवश्यक लगता तो वे चार से अधिक, शायद सात या आठ लोगों की भी गोली मारकर जान ले सकते थे। सिन्हा के बयान पर विभिन्न सियासी दलों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई है। तृणमूल प्रमुख ने सिन्हा का नाम लिए बगैर एक जनसभा में कहा, भाजपा के एक नेता ने कहा है कि शनिवार को केंद्रीय बलों द्वारा आठ लोगों की जान ली जा सकती थी। मैं इस बयान की निंदा करती हूं। ऐसे नेताओं पर राजनीतिक प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग से घोष तथा सिन्हा की टिप्पणी पर संज्ञान लेने का अनुरोध करते हुए यादवपुर से माकपा उम्मीदवार सुजान चक्रवर्ती ने कहा, ए टिप्पणियां भाजपा की फासीवादी प्रवृत्ति को दर्शाती हैं। निर्वाचन आयोग को इस किस्म की गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियां करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्वाई करनी चाहिए। चक्रवर्ती ने कहा कि बनर्जी के कुछ वक्तव्यों के कारण भी राज्य में हिंसा भड़क रही है और ध्रुवीकरण तेज हो रहा है।

# उप्र के पंचायत चुनाव में किस्मत आजमा रही झांसी की जल सहेलियां

**भाषा।** नई दिल्ली

**वर्ष 2017** तक उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के एक गांव में पानी लाने के लिए महिलाएं मीलों यात्राएं करती थीं क्योंकि गांव के लिए मुख्य जलस्रोत, चंदेल राजाओं द्वारा निर्मित एक जलाशय के पुनरूद्धार की उनकी मांग पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। झांसी के बबीना प्रखंड के मानपुर गांव की निवासी गीता देवी ने 2016 में स्थिति को बदलने का फैसला किया और वह परमार्थ समाज सेवी संगठन द्वारा शुरू जल सहेली मुहिम से जुड़ गईं। इस दौरान उन्हें पंचायत स्तर पर कराए जाने वाले काम, महिला अधिकार और जलाशयों को पुनजीर्वित करने की तकनीक के बारे में पता चला।

परमार्थ समाज सेवी संगठन की राज्य समन्वयक शिवानी सिंह ने पीटीआई को फोन पर बताया कि कई आवेदन लगाने, निकाय संस्था के चक्कर काटने, प्रदर्शन करने और श्रम दान के बाद चंदेला तालाब फिर से पानी से लबालब हो गया और इस तरह महिलाओं की मुश्किलों का भी अंत हुआ। जलाशय में पानी की उपलब्धता से साल में खेतों में दो बार फसल भी होने लगी। पानी की एक टंकी भी तैयार की गई और गीता के घर के आसपास के कम से कम 70 घरों में पाइप से पानी की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी जिले में 15 अप्रैल को पंचायत चुनाव है और इसमें गीता समेत 11 जल सहेली भी मुकाबले में हैं।

परमार्थ समाज सेवी संगठन के सचिव संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैले बुंदेलखंड क्षेत्र में यमुना, केन और बेतवा समेत सात नदियां है लेकिन क्षेत्र में बांधों के फैलाव के कारण पिछले 17 साल में 13 बार सूखा पड़ा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की संरचना के कारण यह समस्या है। जमीन काफी उपजाऊहैं लेकिन नदी का जलग्रहण क्षेत्र ग्रेनाइट से बना है जिससे जल जमीन के नीचे पहुंच नहीं पाता है और इस कारण बहुत कम भूजल का इस्तेमाल हो पाता है। इसलिए समस्या का एक ही समाधान है कि जलाशयों में जल का संरक्षण किया जाए। बबीना प्रखंड के सिमरावाड़ी गांव की मीरा देवी की कहानी भी मिलती जुलती है। झांसी शहर से नजदीक होने के बावजूद उनके गांव में पानी की काफी किल्लत थी।

अपने प्रयासों के लिए 2019 में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल प्रहरी पुरस्कार से सम्मानित मीरा (45) ने जल संकट से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ जुड़ते हुए 46 स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को गोलबंद किया। उनके प्रयासों के कारण पुराने चापाकल से फिर से पानी निकलना शुरू हो गया और नए चापाकल भी लगाए जा रहे हैं। सतपुर कोटी की राजकुमारी, बामेर से ज्योति, खजुराहा बुजुर्ग से वटी खांगर और मीरा, सिमरावाड़ी से मीना, गणेशगढ़ से शारदा देवी, इमलिया से ममता, खैरा से मंजू रजक और बदनपुर से राजकुमारी भी गीता और मीरा के साथ अलग-अलग गांवों से चुनाव मैदान में मुकाबले में है। सिंह ने कहा, यह सच है कि (चुनाव में) धन और शराब की भूमिका रहती है लेकिन इन महिलाओं के पास मतदाताओं को देने के लिए कुछ नहीं हैं। ए महिलाएं अपनी लोकप्रियता, जल के लिए प्रतिबद्धता और संघर्ष के सहारे चुनाव मैदान में उतरी हैं।

# लूलू समूह के प्रमुख यूसुफ अली अबू धाबी लौटे

**भाषा।** कोच्चि

**प्रवासी** भारतीय कारोबारी और लूलू समूह के प्रमुख एम ए यूसुफ अली सोमवार को अबू धाबी लौट गए जो 11 अप्रैल को यहां अपने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चमत्कारिक तरीके से बच गए थे। खाड़ी में संचालित लूलू समूह के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि अली अपने परिवार के सदस्यों के साथ शाही परिवार द्वारा भेजे गए विशेष विमान में सवार होकर सोमवार तड़के अबू धाबी के लिए रवाना हुए। प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया, वह अबू धाबी लौट गए हैं और पूरी तरह स्वस्थ तथा सुरक्षित हैं। पत्नी, दो अन्य यात्रियों तथा दो पायलटों को रविवार सुबह भारी बारिश के बीच दलदली जमीन पर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यहां एक अस्पताल में भेजा गया था। घटना रविवार सुबह करीब 9 बजे पनंगड इलाके में घटी थी। अली कोच्चि में अपने घर से यहां पास के एक अस्पताल में किसी रिश्तेदार को देखने के लिए निकले थे। सूत्रों ने बताया कि हेलीकॉप्टर को मरम्मत के लिए कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के एक हैंगर में भेज दिया गया है। लूलू समूह ने दो साल पहले एक यूरोपीय कंपनी से सात सीटर हेलीकॉप्टर खरीदा था। अबू धाबी में अली का लूलू समूह शॉपिंग मॉल की श्रृंखला चलाता है और यह पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र में शीर्ष खुदरा कारोबारी कंपनी है। यूसुफ अली को हाल ही में फोर्ब्स की 2021 की अरबपतियों की सूची में पश्चिम एशिया का सबसे अमीर भारतीय घोषित किया गया था। उन्हें पश्चिम एशिया में सर्वाधिक प्रभावशाली भारतीय बताया जाता है और इसका श्रेय खाड़ी के शासकों से उनकी नजदीकी को भी जाता है।

# केरल में उच्च शिक्षा मंत्री ने लोकायुक्त की रिपोर्ट को चुनौती दी

**कोच्चि।** राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के टी जलील ने सोमवार को लोकायुक्त की रिपोर्ट को चुनौती देते हुए केरल उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। इस रिपोर्ट में जलील को बतौर लोक सेवक अपने पद का दुरुपयोग कर एक रिश्तेदार को फायदा पहुंचाने का दोषी ठहराया गया है। पछले सप्ताह मुख्यमंत्री को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में लोकायुक्त ने कहा था कि जलील को मंत्री पद पर बरकरार नहीं रखा जाना चाहिए। जलील ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि बिना किसी प्राथमिक जांच अथवा नियमित पड़ताल के रिपोर्ट तैयार की गई। उन्होंने याचिका में यह भी दावा किया कि केरल लोक आयुक्त अधिनियम के तहत इस मामले की जांच लोकायुक्त के दायरे में नहीं आती। जलील ने यह भी दावा किया कि केरल के उच्च न्यायालय और राज्यपाल ने भी इस संबंध में याचिकाओं को सुनने से इंकार कर दिया था। उल्लेखनीय है कि लोकायुक्त की खंडपीठ ने कहा था कि मंत्री के खिलाफ सत्ता का दुरुपयोग, पक्षपात और भाई-भतीजावाद के आरोप साबित हुए हैं। मुस्लिम यूथ लीग ने दो नवंबर 2018 को आरोप लगाया था कि नियमों का उल्लंघन कर अदीब के टी को केरल राज्य अल्पसंख्यक विकास वित्त निगम का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया था ।

# कूच बिहार प्रकरण का कोई वीडियो नहींः बिमान

**भाषा।** कोलकाता

**● कहा, सीआईएसएफ को क्लीन चिट काल्पनिक रिपोर्टों पर आधारित**

**वाम दलों,** कांग्रेस और आईएसएफ के गठबंधन संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को इस बात पर जोर दिया कि चुनाव आयोग की सत्यनिष्ठा पर कभी सवाल खड़ा नहीं होना चाहिए। साथ ही, यह जानना चाहा कि कूच बिहार गोलीबारी की घटना का कोई वीडियो उपलब्ध नहीं है,ऐसे में आयोग को सीआईएसएफ के पक्ष का समर्थन करने के लिए किस चीज ने प्रेरित किया। पुलिस के मुताबिक, कूच बिहार के सीतलकूची इलाके में शनिवार को एक मतदान केंद्र के बाहर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों द्वारा कथित तौर पर सुरक्षाकर्मियों की राइफलें छीनने की कोशिश किए जाने के बाद यह घटना हुई थी।

चुनाव आयोग ने सीआईएसएफ जवानों को क्लीन चिट दे दी थी और कहा कि उन्हें अपनी आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। माकपा के वरिष्ठ नेता बिमान बोस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज दिन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरिज आफताब से मुलाकात की। बोस ने दलील दी कि चुनाव आयोग की रिपोर्ट काल्पनिक रिपोर्टों पर आधारित है, जो जिला प्रशासन और कूच बिहार के पुलिस अधीक्षक ने सौंपी थी। उन्होंने कहा, ऐसा क्यों है कि किसी ने भी घटना का मोबाइल फोन पर वीडियो नहीं बनाया? मीडियाकर्मी से लेकर आम आदमी तक, हर किसी के पास स्मार्टफोन है। चुनाव आयोग ने कहा कि केंद्रीय बलों को गोली चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। लेकिन जिलाधिकारी और एसपी की रिपोर्ट स्पष्ट नहीं है। बोस ने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव आयोग की सत्यनिष्ठा हमेशा ही अक्षुण्ण रही है और अब सवाल खड़े होने की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि हिंसा भड़काने वाले भाषण देने के बाद कोई भी बचना नहीं चाहिए। बोस ने कहा कि चुनाव आयोग को भाजपा नेता दिलीप घोष के खिलाफ कार्वाई करनी चाहिए, जिन्होंने विधानसभा चुनाव के अगले चरणों में सीतलकूची जैसी और भी हत्याओं की चेतावनी दी थी। बंगाल भाजपा अध्यक्ष घोष ने रविवार को यह कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया कि अगर सीतलकूची में मारे गए शरारती लड़कों की तरह किसी ने कानून हाथ में लेने का प्रयास किया तो विधानसभा चुनावों के अगले चरण में भी कूचबिहार की तरह हत्याएं हो सकती हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात के बाद कहा, लोगों का चुनाव आयोग में विश्वास कम हो रहा है।

# संबित पात्रा और बग्गा के खिलाफ दर्ज मामले निरस्त करने का आदेश

**भाषा।** बिलासपुर

**छत्तीसगढ़** उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा के खिलाफ दर्ज मामले को निरस्त करने का आदेश दिया। पिछले वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राजीव गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद युवक कांग्रेस के नेताओं ने राज्य के अलग-अलग थानों में भाजपा नेताओं के खिलाफ तीन मामला दर्ज कराया था। संबित पात्रा के अधिवक्ता शरद मिश्रा ने सोमवार को बताया कि मई 2020 में भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने ट्वीट किया था कि कांग्रेस के शासन काल में अगर कोरोना वायरस महामारी फैली होती तो उसको नियंत्रित करने के दौरान मास्क घोटाला, सेनेटाइजर घोटाला जैसे मामले सामने आते और देश भर में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता। पात्रा की ट्वीट को दिल्ली में युवक कांग्रेस ने मानहानि माना और दिल्ली में मामला दर्ज कराया। मिश्रा ने बताया कि इस शिकायत के बाद संबित पात्रा ने एक और ट्वीट किया जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को कश्मीर समस्या और राजीव गांधी को सिख दंगों तथा बोफोर्स घोटाले के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया। उन्होंने बताया कि संबित पात्रा की इस ट्वीट को दिल्ली के ही भाजपा नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने री ट्वीट किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ में युवक कांग्रेस ने राजधानी रायपुर के सिविल लाइन और भिलाई के थाने में संबित पात्रा के खिलाफ और कांकेर के थाने में बग्गा के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। अधिवक्ता मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में पिछले वर्ष मई माह में अधिवक्ता पिंकी आनंद और शरद मिश्रा तथा तेजिंदर बग्गा के अधिवक्ता विवेक शर्मा ने प्राथमिकी निरस्त करने के लिए अर्जी दाखिल किया था। जून माह में उच्च न्यायालय ने दोनों मामलों में एक साथ सुनवाई करते हुए किसी प्रकार की दंडात्मक कार्यवाही नहीं करने का अन्तरिम आदेश दिया था। मार्च 2021 में अंतिम सुनवाई के बाद न्यायालय ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मिश्रा ने बताया कि उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल की एकल पीठ ने सोमवार को इस मामले में फैसला सुनाते हुए संबित पात्रा और तेजिंदर बग्गा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आदेश दिया है।

## उपराष्ट्रपति नायडू, मोदी बुधवार को राज्यपालों से करेंगे सीधा संवाद

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को कोविड-19 से उपजी मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर राज्यपालों से संवाद करेंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर इस प्रकार की यह पहली बैठक हो रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति, राज्यपालों से संवाद करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस संवाद के दौरान कोरोना से बचाव संबंधी उपायों का जनता द्वारा पालन करना प्रमुख मुद्दा रहेगा। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद किया था और उस दौरान कहा था कि लोगों की लापरवाही और प्रशासन की सुस्ती के कारण कोरोना के ताजे मामलों में वृद्धि हुई है। उन्होंने लोगों के बीच बचाव संबंधी जागरूकता फैलाने और पात्र लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राज्यपालों और समाज की विभिन्न हस्तियों को शामिल करने का आह्वान किया था।

# पेज 1 का शेष

## पेज 1 का शेष..........

### ममता के ...

हैं। प्रधान मंत्री ने सोमवार को नादिया और उत्तर 24 परगना जिलों में रैलियों को संबोधित किया। पलटवार करतीं ममता बनर्जी ने कोलकाता के उत्तरी इलाके दमदम में एक चुनावी रैली में कहा कि मैंने इतने सारे प्रधानमंत्रियों को देखा है, लेकिन इस तरह के व्यक्ति को नहीं देखा। पीएम की दीदी ओ दीदी टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए ममता ने कहा कि उनकी बातों को सुनकर शर्म आती है। ममता ने कहा कि लोकप्रियता हासिल करने के लिए मोदी अमेरिका गए और ट्रंप कार्ड खेला और इसी तरह चुनाव के बीच बांग्लादेश गए और बंगाल कार्ड खेला। केंद्रीय बलों को लेकर बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष और पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा के बयानों को निशाना बनाते हुए ममता ने कहा कि उन्हें यह देखकर शर्म आती है कि बंगाल में ऐसे नेता भी हैं। उन्होंने बंगाल को नीचा दिखाया है। ऐसे बयानों के लिए उन्हें जेल में डाला जाना चाहिए। चुनाव प्रचार से 24 घंटे के लिए पाबंदी लगाए जाने के निर्वाचन आयोग के फैसले से बौखलाई ममता बनर्जी ने कहा कि वह आयोग के असंवैधानिक फैसले के खिलाफ मंगलवार को दोपहर 12 बजे से कोलकाता में गांधी मूर्ति पर धरना देंगी। इसके अलावा उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने भी निर्वाचन आयोग के फैसले की तीखी आलोचना की और उस पर भाजपा शाखा की भांति काम करने का आरोप लगाया। तृणमूल के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि यह भारत के लोकतंत्र के लिए काला दिन है।

### दो घंटे से ...

है, जिनकी अवधि दो घंटे से अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कोविड-19 के ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में सामने आए सभी तीन प्रकारों के तेजी से फैलने की बात सामने आई है।

### संक्रमण के ...

12,01,009 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 8.88 प्रतिशत है, जबकि लोगों के स्वस्थ होने की दर गिरकर 89.86 प्रतिशत रह गई है। देश में सबसे कम 1,35,926 उपचाराधीन मरीज 12 फरवरी को थे और सबसे अधिक 10,17,754 उपचाराधीन मरीज 18 सितंबर 2020 को थे, लेकिन अब उनकी संख्या इस आंकड़े से भी आगे निकल गई है। आंकड़ों के अनुसार, इस बीमारी से अब तक 1,21,56,529, लोग उबर चुके हैं जबकि मृत्यु दर 1.26 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार कर गए थे। इसके बाद संक्रमण के मामले 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख और 16 सितंबर को 50 लाख के पार चले गए थे। वैश्विक महामारी के मामले 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ का आंकड़ा पार कर गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक, 11 अप्रैल तक 25,78,06,986 नमूनों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 11,80,136 नमूनों की जांच रविवार को की गई। पिछले 24 घंटे में जिन 904 लोगों की मौत हुई है, उनमें से महाराष्ट्र में 349, छत्तीसगढ़ में 122, उत्तर प्रदेश में 67, पंजाब में 59, गुजरात में 54, दिल्ली में 48, कर्नाटक में 40, मध्य प्रदेश में 24, तमिलनाडु में 22, झारखंड में 21, केरल एवं हरियाणा में 16-16 और राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल में 10-10 लोग शामिल हैं। संक्रमण के कारण देश में अब तक कुल।,70,179 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 57,987 लोग, तमिलनाडु में 12,908 लोग, कर्नाटक में 12,889 लोग, दिल्ली में 11,283 लोग, पश्चिम बंगाल में 10,400 लोग, उत्तर प्रदेश में 9,152 लोग, पंजाब में 7,507 लोग और आंध्र प्रदेश में 7,300 लोग मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक लोगों को पहले से अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने कहा, हमारे आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के आंकड़ों से मिलान किया जा रहा है।

### हरियाणा में ...

के अनुसार हालांकि आवश्यक एवं गैर-आवश्यक वस्तुओं के राज्य के भीतर परिवहन और राज्य से दूसरे राज्य में परिवहन पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। आपातकालीन और नगरपालिका सेवाओं, कानून और सेवाओं में लगे व्यक्ति, पुलिस, सैन्य और अर्धसैनिक कर्मियों को कर्फ्यू से मुक्त रखा गया है।

### यूपी में नहीं ...

सफलता मिली है। उसी प्रकार से इस बार भी हम मजबूती से लड़ाई लड़ते हुए हम सफल होंगे। इसके लिए उन्होंने एल 2 और एल 3 के बेड्स पर्याप्त मात्रा में बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निजी हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज का टेकओवर करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने निजी अस्पतालों और लैब में निर्धारित दरों से अधिक वसूली पर नाराजगी जाहिर की और कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी की मजबूरी का फायदा, नहीं उठाने दिया जाएगा।

### रमजान में मरकज...

के संचालन से जुड़े मुद्दों को देखने वाले पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों के नाम निजामुद्दीन थाना प्रभारी को दिए जाएं तथा इन लोगों को रमजान के महीने में दिन भर वहां मौजूद रहने की अनुमति दी जाए।

### कुरान से कुछ....

रिजवी के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें उनपर शीर्ष अदालत में यह याचिका दायर कर मुस्लिमों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कुरान से 26 आयतें हटाने की उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी की याचिका को निरस्त कर उन पर जुर्माना लगाए जाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे देश के संविधान तथा न्यायपालिका पर मुसलमानों का भरोसा और मजबूत होगा।

### सेंसेक्स 1700 अंक...

है। राष्ट्रीय स्तर पर कोविड से उबरने की दर घटकर 90 प्रतिशत से नीचे आ गई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, लॉकडाउन के क्रियान्वयन और कोविड के नए मामले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से बाजार एक माह के निचले स्तर पर आ गया।

### कोरोना के बढ़ते ...

साधु संत शाही स्नान कर रहे हैं जबकि अन्य घाटों पर आम श्रद्धालुओं का स्नान जारी है। सबसे पहले श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के साधु संत और नागा संन्यासी अपने पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज की अगुवाई में स्नान के लिए हर की पैड़ी ब्रहमकुंड पहुंचे। कैलाशानंद गिरी महाराज ने सबसे पहले गंगा पूजन किया और अखाड़े के इष्ट देव कार्तिकेय भगवान की डोली को गंगा स्नान कराया। निरंजनी अखाड़े के साथ ही आनंद अखाड़ा के संतों ने अपने आचार्य बालकानंद गिरी के साथ गंगा स्नान किया और अपने इष्टदेवों के साथ नदी में डुबकी लगाई। महाकुंभ में पहुंचे पूर्व नेपाल नरेश राजा ज्ञानेंद्र बीर बिक्रम शाह ने भी निरंजनी अखाड़े के साथ ब्रह्म कुंड में शाही स्नान किया। इसके बाद शाही स्नान के क्रम में जूना अखाड़ा के हजारों साधुसंत और नागा संन्यासी आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद महाराज, अखाड़े के अध्यक्ष महंत हरि गिरी सहित अन्य महंतों के नेतृत्व में गंगा स्नान के लिए पहुंचे। जूना अखाड़े ने सबसे पहले अपने इष्टदेव भगवान दत्तात्रेय की पालकी को स्नान कराया। उसके बाद हजारों नागा हरहर महादेव का जय गोष करते हुए गंगा में कूद पड़े। हरिद्वार महाकुंभ में पहली बार किन्नर अखाड़े ने भी शाही स्नान किया। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी मणि त्रिपाठी की अगुवाई में सैकड़ों किन्नर संत ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए हरकी पैड़ी पहुंचे और शाही स्नान किया। इसी बीच महामंडलेश्वर लक्ष्मीमणि त्रिपाठी अचानक बेहोश हो गईं जिसके बाद उन्हें एम्बुलेंस से एक निजी अस्पताल ले जाया गया। महा निर्वाणी अखाड़े व अटल अखाड़े के साधु संत आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद महाराज की अगुवाई में हरकी पैड़ी पहुंचे। शाही स्नान के लिए जाते साधु संतों पर उत्तराखंड सरकार की ओर से हैलीकॉप्टर से लगातार पुष्पवर्षा की जाती रही जिससे वातावरण दिव्य बन गया। इससे पहले, सुबह सात बजे मेला प्रशासन ने मुख्य स्नान घाट हर की पैड़ी ब्रहमकुंड को पूरा खाली करा लिया जिससे पूरे दिन यहां सभी 13 अखाडों से जुड़े साधु संत शाही स्नान कर सकें।

### केरल में राज्यसभा ...

घोषित किया गया है जब केरल उच्च न्यायालय ने आयोग को निर्देश दिया कि राज्य से राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव वर्तमान राज्य विधानसभा से कराई जाए।

## मुक्केबाजी शिविर में दो कोच कोविड पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला मुक्केबाजों के राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा दो सहायक कोच कोविड-19 पॉजिटिव पाई गई है और उन्हें हल्के लक्षणों के बीच पृथक्वास में रखा गया है। टीम के करीबी एक सूत्र ने पीटीआई को पॉजिटिव नतीजो की पुष्टि की। टीम यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में ट्रेनिंग कर रही है। सूत्र ने कहा, अब तक दो महिला कोच पॉजिटिव पाई गई है। उन्हें पृथक्वास में रखा गया है लेकिन शिविर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। इससे पहले पटियाला में पुरुष मुक्केबाजी दल के 10 सदस्य भी कुछ दिन पहले पॉजिटिव पाए गए थे जिसमें राष्ट्रीय मुख्य कोच सीए कट्टप्पा भी शामिल है।

## महिला टी2० तीन टीमों के साथ ही होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) महिला टी20 चैलेंज टूर्नामेंट का आयोजन पहले की तरह तीन टीमों के साथ ही कर सकता है, जिसे आम तौर पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के प्लेऑफ के दौरान खेला जाता है। बोर्ड ने पिछले साल चार टीमों के साथ इसके आयोजन की योजना बनाई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे तीन टीम तक ही सीमित रखा जाएगा। पिछले साल आईपीएल का आयोजन सितंबर से नवंबर के बीच यूएई में हुआ था। इसी समय डब्ल्यूबीबीएल (महिला बिग बैश लीग) के कारण टी20 चैलेंज में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भाग नही ले पाई थी। अब तक तीन टीमों के साथ इसके आयोजन की योजना है। इस पर जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस बात की संभावना अधिक है कि इसका आयोजन दिल्ली में किया जाएगा।

## कुदेरमेतोवा ने डब्ल्यूटीए का पहला खिताब जीता

**चार्ल्सटन।** वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने वोल्वो कार ओपन टेनिस के फाइनल में डानका कोविनिच को हराकर एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए का पहला खिताब अपने नाम किया। रूस की 23 साल की खिलाड़ी ने 2016 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंची कोविनिच 6-4, 6-2 से हराया। सत्र के पहले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट की चैम्पियन बनने के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया। इससे पहले सेरेना विलियम्स ने 2012 में यह कारनामा किया था। वह मौजूदा डब्ल्यूटीए सत्र में पहली बार चैम्पियन बनने वाली पांचवी खिलाड़ी है। कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले साल इस टूर्नामेंट को रद्द कर दिया गया था जबकि इस बार इसे दर्शकों के बिना खेला गया।

## मैड्रिड के साथ सहमेजबानी करेंगे इन्सब्रुक और तुरिन

**मैड्रिड।** आस्ट्रिया का इन्सब्रुक और इटली का तुरिन इस साल स्पेन की राजधानी मैड्रिड के साथ मिलकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स की मेजबानी करेंगे। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।मैड्रिड ने बदलाव के साथ 2019 में पहले टूर्नामेंट की अकेले मेजबानी की थी और पिछले साल भी उसे टूर्नामेंट की मेजबानी करनी थी लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे रद्द कर दिया गया।

# राहुल और हुड्डा के शानदार अर्धशतक

### ● राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के छह विकेट पर 221 रन

**भाषा।** मुंबई



कप्तान लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा के तूफानी अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 221 रन बनाए।

राहुल ने 50 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों की मदद से 91 रन की पारी खेलने के अलावा हुड्डा (28 गेंद में 64 रन, छह छक्के, चार चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 105 रन की तेजतर्रार साझेदारी की। राहुल ने क्रिस गेल (40) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी। राहुल और हुड्डा की पारियों की बदौलत पंजाब की टीम अंतिम आठ ओवर में 111 रन जोड़ने में सफल रही। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पंजाब किंग्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद आईपीएल में पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज चेतन सकारिया (31 रन पर तीन विकेट) ने तीसरे ओवर में ही मयंक अग्रवाल (14) को विकेटकीपर कप्तान के हाथों कैच करा दिया।

राहुल ने आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में सबसे महंगे बिके तेज गेंदबाज क्रिस मौरिस (41 रन पर दो विकेट) का स्वागत पहली गेंद पर चौके के साथ किया। गेल ने भी सतर्क शुरुआत के बाद मुस्ताफिजुर रहमान और मौरिस पर चौके जड़े। पंजाब की टीम ने पावर प्ले में एक विकेट पर 46 रन बनाए। राहुल हालांकि 15 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब श्रेयस गोपाल की गेंद पर बेन स्टोक्स ने लांग आफ पर उनका कैच टपका दिया और गेंद चार रन के लिए चली गई। गेल ने भी इस ओवर में चौका जड़ा। राहुल ने इसके बाद स्टोक्स की पहली गेंद पर चौका मारा जबकि गेल ने इसी ओवर में पारी का पहला छक्का जड़ा। गेल ने राहुल तेवतिया पर भी चौका और छक्का जड़ा लेकिन रियान पराग की गेंद पर लांग आन पर स्टोक्स को कैच दे बैठे। राहुल ने तेवतिया और फिर शिवम दुबे पर छक्के के साथ 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हुड्डा ने इसके बाद तूफानी तेवर दिखाए।

उन्होंने दुबे पर दो छक्के जड़ने के बाद गोपाल के ओवर में तीन छक्के मारकर 14वें ओवर में टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। हुड्डा ने मौरिस पर छक्के और फिर एक रन के साथ सिर्फ 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हुड्डा ने इसके बाद सकारिया पर भी लगातार तीन चौके मारे। राहुल ने 18वें ओवर में मौरिस पर दो छक्कों के साथ टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

मौरिस के इसी ओवर में हालांकि हुड्डा गेंद को हवा में लहराकर पराग को कैच दे बैठे जबकि सकारिया ने पहली ही गेंद पर निकोलस पूरण का शानदार कैच लपका। राहुल ने सकारिया के पारी के अंतिम ओवर की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद जब छक्के के लिए जा रही थी तो तेवतिया ने शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया।

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स :** राहुल का तेवतिया बो सकारिया 91, अग्रवाल का सैमसन बो सकारिया 14, गेल का स्टोक्स बो पराग 40, हुड्डा का पराग बो मौरिस 64,पूरण का सकारिया बो मौरिस 00, खान नाबाद 06, रिचर्डसन का मौरिस बो सकारिया 00,**अतिरिक्त:** 06,**कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर: 221,**विकेट पतन:** I-22, 2-89, 3-194, 4-201, 5-220, 6-221 ,**गेंदबाजी:** सकारिया 4-0-31-3,मुस्ताफिजुर 4-0-45-0,मौरिस 4-0-41-2,गोपाल 3-0-40-0,स्टोक्स I-0-12-0,तेवतिया 2-0-25-0, पराग I-0-7-I,दुबे I-0-20-0

## हार्दिक के कंधे में समस्या लेकिन जल्द ही गेंदबाजी करेंगे: जहीर



चेन्नई। मुंबई इंडियन्स के हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कंधे में समस्या के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के 14 वें सत्र के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ गेंदबाजी नहीं की लेकिन टीम के क्रिकेट संचालन निदेशक जहीर खान ने सोमवार को कहा कि वह जल्द ही गेंदबाजी में भी योगदान देंगे। पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियन्स को इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने दो विकेट से हराया था। जहीर ने केकेआर के खिलाफ मंगलवार को खेले जाने वाले मैच से पहले कहा, हार्दिक एक संपूर्ण खिलाड़ी के तौर पर टीम के लिए अहम है, हर किसी को यह बात पता है। पिछले मैच में कार्यभार प्रबंधन के कारण ऐसा हुआ था। उन्होंने कहा, उन्होंन इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान गेंदबाजी की थी, उन्होंन नौ ओवर डाले थे और ऐसे में फिजियो की सलाह पर हम यह रूख अपनाना पड़ा।

## राणा-त्रिपाठी के दम से जीता केकेआर

### ● सनराइजर्स हैदराबाद को 10 रन से हराया

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने सलामी बल्लेबाज नीतिश राणा (80) और राहुल त्रिपाठी (53) के अर्धशतकों की मदद से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 10 रन से हराकर अपना अभियान जीत से शुरू किया। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद कोलकाता नाइटराइडर्स ने छह विकेट पर 187 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जॉनी बेयरस्टो (55) और मनीष पांडे (नाबाद 61) के अर्धशतकों के बावजूद पांच विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रिद्धिमान साहा और डेविड वार्नर के विकेट 10 रन के स्कोर पर ही गंवा दिए। कप्तान वार्नर को प्रसिद्ध कृष्णा (35 रन देकर दो विकेट) ने विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों कैच आउट कराया और अगले ही ओवर में बांग्लादेश के स्टार आल राउंडर शाकिब अल हसन (34 रन देकर एक विकेट) ने साहा को बोल्ड कर दिया। पांडे और बेयरस्टो ने फिर जिम्मेदारी से खेलते हुए टीम को संभाला। सनराइजर्स हैदराबाद पॉवरप्ले में दो विकेट गंवाकर 35 रन ही बना सकी। पांडे ने रन गति तेज करने के प्रयास में सातवें ओवर में शाकिब पर छक्का जड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयोन मोर्गन ने आठवें ओवर में आंद्रे रसेल (32 रन देकर एक विकेट) को गेंद सौंपी, लेकिन बेयरस्टो ने टीम को इस ओवर में 15 रन बनाने में मदद की जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था। मोर्गन ने 10वें ओवर में रहस्यमई स्पिनर वरूण चक्रवर्ती (36 रन देकर कोई विकेट नहीं) को गेंदबाजी पर लगाया जिन्होंने डॉट गेंद से शुरूआत की और इस ओवर में आठ रन जुड़े। अब सनराइजर्स का स्कोर दो विकेट पर 77 रन था। इंग्लैंड के बल्लेबाज बेयरस्टो ने वरूण के दूसरे ओवर में डीप मिड विकेट पर शानदार छक्का लगाकर 31 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। 12वें ओवर में टीम ने 100 रन बना लिए। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बेयरस्टो को आउट कर सनराइजर्स हैदराबाद को करारा झटका दिया, जिनकी गुडलेंथ गेंद पर राणा ने कैच लपका। बेयरस्टो ने 40 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के से 55 रन बनाए।

# लय जारी रखेगी आत्मविश्वासी केकेआर

### ● आज सामना मुंबई इंडियंस से

**भाषा।** चेन्नई





सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल के मैच में मंगलवार को चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

पिछले दो सत्र में प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी केकेआर ने रविवार को पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को दस रन से हराया। शीर्षक्रम की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद दिनेश कार्तिक के नौ गेंद में 22 रन की मदद से केकेआर ने बेखौफ तेवर अपनाए। कप्तान इयोन मोर्गन ने टॉस के समय ही संकेत दे दिए थे जब उन्होंने अपने सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी सुनील नारायण को बाहर रखा। नीतिश राणा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहली ही गेंद से हमला बोलकर अपने तेवर जाहिर कर दिए। मध्यक्रम में आंद्रे रसेल, कार्तिक और मोर्गन जैसे बल्लेबाजों के रहते 2020 में भी केकेआर से उम्दा प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन रणनीति के अभाव में ऐसा हो नहीं सका। इस बार बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को शामिल करके केकेआर ने मध्यक्रम को मजबूत किया है। राणा के कलाई के उपयोग और आक्रामकता का पूरा नजारा रविवार को देखने को मिला जब राशिद खान के दिए दोहरे झटकों के बावजूद केकेआर ने दबाव बनाए रखा। राणा के 56 गेंद में 80 रन के बाद कार्तिक ने नौ गेंद में 22 रन बनाकर टीम को छह विकेट पर 187 रन तक पहुंचाया। केकेआर के इरादे पांच बार की चैम्पियन मुंबई से पुराना हिसाब चुकता करने के होंगे। मुंबई के खिलाफ पिछले 12 में से केकेआर ने सिर्फ एक मैच जीता है। आईपीएल में मुंबई के खिलाफ उसका रिकार्ड 6 . 21 का रहा है। अब मुकाबला मोर्गन और रोहित शर्मा की कप्तानी का भी है। पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से दो विकेट से हारी मुंबई की नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी।

जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों के सामने खुलकर खेलना केकेआर के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। गिल का खराब फॉर्म केकेआर की चिंता का सबब है और अब उनका सामना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों से होगा। हमेशा धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई को पहले मैच में आरसीबी के हर्षल पटेल और एबी डिविलियर्स के शानदार प्रदर्शन के कारण पराजय झेलनी पड़ी। मुंबई के लिए अपने पहले मैच में क्रिस लिन ने सर्वाधिक रन बनाए लेकिन उनकी पारी बेदाग नहीं रही।

# अर्जेंटीना को हराकर भारत एफआईच प्रो लीग में चौथे स्थान पर

**भाषा।** ब्यूनस आयर्स



भारतीय पुरूष हॉकी टीम ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को दूसरे मैच में 3-0 से हराकर एफआईएच प्रो लीग अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (11वां मिनट), ललित उपाध्याय (25वां) और मनदीप सिंह (58वां) ने गोल दागे। इससे पहले भारत ने पहले मैच में अर्जेंटीना को शूटआउट में हराकर एक बोनस अंक हासिल किया था। इस जीत के बाद भारत के आठ मैचों में 15 अंक हो गए हैं और वह एफआईएच प्रो लीग अंकतालिका में चौथे स्थान पर है। आस्ट्रेलिया उससे एक अंक पीछे है। भारत, आस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना तोक्यो ओलंपिक में पूल ए में है जिसमें स्पेन, न्यूजीलैंड और जापान भी हैं। अर्जेंटीना प्रो लीग अंकतालिका में 12 मैचों में 11 अंक लेकर छठे स्थान पर है। अर्जेंटीना ने शुरूआत काफी आक्रामक की लेकिन कृष्ण बहादुर पाठक ने मार्टिन फेरेइरो के दो शर्तिया गोल बचाए। हरमनप्रीत ने 11वें मिनटमें पेनल्टी कार्नर पर गोल करके भारत को बढत दिलाई। ललित ने दूसरे क्वार्टर में यह बढत दुगुनी कर दी। आखिरी सीटी बजने से दो मिनट पहले मनदीप ने तीसरा गोल किया। भारतीय गोलकीपर पाठक ने कहा , हमने डिफेंस में अच्छा प्रदर्शन किया। हमने गोल करने के मौके बनाकर गोल भी किए। हमें मिडफील्ड पर काम करना होगा। भारत अब आठ और नौ मई को ब्रिटेन में खेलेगा।

**UNIVERSAL SOMPO GENERAL INSURANCE CO. LTD.**

**PUBLIC NOTICE**

**SHIFTING OF GURGAON ZONAL & BRANCH OFFICE**

All our Customers, Constituents and Members of Public are here by informed that our Gurgaon Zonal & Branch office will be shifted on 15/06/2021 **from** Block A & B, Ground Floor, Plot No 52, Sector 44, Gurgaon, Haryana - 122003 **To new premises at: Plot No 149, 4th Floor, Sector -44, Gurgaon -122003**

**Head Administration**

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SMT. VINAY KUMARI W/O LATE SH. R.P. SINGH R/O FLAT NO.29, SECOND FLOOR, KAILASH KUNJ, GREATER KAILASH-I, NEW DELHI-110048, IS THE OWNER OF DDA SFS FLAT NO.29, ON SECOND FLOOR, SITUATED AT KAILASH KUNJ, GREATER KAILASH-I, NEW DELHI-110048**, Vide DDA File No.F.21(5)82/SFS/GK/II, and my client have applied for Conversion of leasehold to freehold in respect of said flat. The original document i.e. **ALLOTMENT CUM DEMAND LETTER, POSSESSION LETTER, SITE POSSESSION SLIP AND NOC FOR WATER ELECTRICITY CONNECTION** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.310872/2021) dated 12.04.2021. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above Address/Phone No. 9999826813 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal** (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby stated that the original conveyance deed dated 23-01-2003 registered vide registration no. 13026 in favour of Gillette India Limited, in respect of the following property, which was subsequently sold to Texmaco Infrastructure & Holdings Ltd, have been lost / misplaced somewhere and are not traceable:

Entire five floors from 5th to 9th floors in Tower A of Global Business Park, having a super built up area of **6178.350 square meters (or 66,479.05 sq. feet)**, constructed on a plot of land admeasuring 4.337 acres contained in Khasra No.384 (Part), 390, 391, 392 & 393/1 situated at Mehrauli-Gurgaon road in village Sikanderpur Ghosi, Tehsil and District Gurgaon, in the state of Haryana.

The ownership of the above said property vest absolutely with Texmaco Infrastructure & Holdings Ltd. Notice is hereby given to the public at large that no person / entity should deal with, use or transact in any manner, on the basis of the conveyance deed dated 23-01-2003, with respect to the above mentioned property, and any person / entity in custody of the aforesaid document of the above mentioned property or having any knowledge thereof is hereby called upon to contact the undersigned. Any person/entity/ public dealing/ transacting with the above said property on the basis of the said document shall be null and void and at their own risks, costs and consequences.

**Ranjan Sharma**
**Legal Department**
**Texmaco Infrastructure & Holdings Ltd.**
**Birla Mill Complex,**
**Near Amba Cinema, GT Road,**
**Kamla Nagar, Delhi-110007**
**Contact no. 011-30140314**


## दास ने बैंकों से कहा, परिस्थितियों पर नजर रखें, ऋण प्रवाह बढ़ाएं

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बैंकों से बदलती परिस्थितियों पर नजर रखने को कहा है। साथ ही गवर्नर ने कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच अर्थव्यवस्था में आ रहे सुधार को कायम रखने के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर दिया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के चुनिंदा बैंक के प्रबंध निदेशकों,मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक में दास ने वित्तीय स्थिरता को कायम रखते हुए मौजूदा सुधार की गति को जारी रखने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा हाल में उठाए गए।

# खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 5.52 प्रतिशत पर

### खाद्य पदार्थ व ईंधन महंगा होने से असर

**भाषा।** नई दिल्ली




खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने और ईंधन महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति दर मार्च में बढ़कर 5.52 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह इसका चार माह का उच्चस्तर है। हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति अभी रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे में बनी हुई है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

साल-दर-साल आधार पर खुदरा कीमतों में सबसे अधिक 24.92 प्रतिशत की वृद्धि तेल एवं वसा खंड में रही। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इससे पिछले माह फरवरी में 5.03 प्रतिशत पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 4.94 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पिछले महीने यह 3.87 प्रतिशत थी। एक साल पहले यानी मार्च, 2020 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.91 प्रतिशत पर थी। नवंबर, 2020 में यह 6.93 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। मार्च में दलहन और उत्पादों की महंगाई 13.25 प्रतिशत रही, जो एक महीने पहले 12.54 प्रतिशत पर थी। इसी तरह मांस और मछली तथा फलों की मुद्रास्फीति बढ़कर क्रमशः 15.09 प्रतिशत और 7.86 प्रतिशत पर पहुंच गई। वहीं ईंधन और प्रकाश श्रेणी की मुद्रास्फीति 4.50 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 3.53 प्रतिशत पर थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में अनाज और इसके उत्पाद सस्ते हुए। इनमें दाम 0.69 प्रतिशत घट गए। फरवरी में अनाज और उत्पाद श्रेणी में दाम 0.35 प्रतिशत घटे थे।

सब्जियों की मुद्रास्फीति भी माह के दौरान घट गई।

### औद्योगिक उत्पादन फरवरी में 3.6 प्रतिशत घटा, विनिर्माण, खनन क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** महामारी के बीच अर्थव्यवस्था में फिर से सुस्ती दिख रही है। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण इस साल फरवरी में लगातार दूसरे महीने औद्योगिक उत्पादन में 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के सोमवार को जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आधारित आंकड़ों से यह पता चलता है। इसके अनुसार औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 77.63 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले विनिर्माण क्षेत्र में फरवरी, 2021 में 3.7 प्रतिशत की गिरावट आई। आलोच्य माह में खनन उत्पादन में 5.5 प्रतिशत की कमी आई जबकि बिजली उत्पादन 0.1 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल फरवरी महीने में आईआईपी में 5.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। औद्योगिक उत्पादन पर पिछले साल मार्च से कोविड-19 महामारी का प्रभाव है। उस समय इसमें 18.7 प्रतिशत गिरावट आई थी। उसके बाद अगस्त तक इसमें गिरावट बनी रही। आर्थिक गतिविधियां शुरू होने के साथ सितंबर 2020 में औद्योगिक उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं अक्टूबर में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, नवंबर में इसमें 1.6 प्रतिशत गिरावट आई।

**भौतिक कब्जे की सूचना**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर-23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कपिल मान/ प्रीति गहलोत- LBDEL00002363899 | फ्लैट नंबर-1, एल आई जी, ग्राउंड फ्लोर, सेक-34, पॉकेट-4, ब्लॉक सी 10, रोहिणी, दिल्ली अप्रैल 9, 2121 | अगस्त 18, 2020 ₹ 13,03,949/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अप्रैल 13, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Nidhi Pathania, D/o. Satyajeet Pathania, R/o. 99, Gautam Colony, Near Water Tanke Narela Bhor Garh, Narela Delhi-110040 have changed my name from Nidhi Pathania to Nidhi Pathania Khan on 10.04.2021 for all purposes.

PD(8977)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Nidhi Pathania, D/o. Satyajeet Pathania, R/o. 99, Gautam Colony, Near Water Tanke Narela Bhor Garh, Narela Delhi-110040 have changed my religion from Hinduism (Hindu) to Islam (Muslim) w.e.f. 14.04.2021.

PD(8978)A

## फ्लिपकार्ट का अडाणी समूह के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** वालमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी लॉजिस्टिक्स और डेटा केंद्र क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अडाणी समूह के साथ एक वाणिज्यिक साझेदारी की है, जिससे करीब 2,500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस दोतरफा साझेदारी के तहत फ्लिपकार्ट अडाणी पोर्ट्स लिमिटेड एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अडाणी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि आपूर्ति श्रृंखला के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया।

## वृद्धि के लिए भारत को वित्तीय बाजार के सभी क्षेत्रों पर पकड़ बनानी चाहिए : आईएमएफ

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत की दिशा सही है और वह डिजिटल पहचान तथा भुगतान सहित नीतिगत क्षेत्र में नवाचार कर रहा है, लेकिन देश की वृद्धि को बढ़ाने के लिए उसे वित्तीय बाजार और संस्थानों के सभी क्षेत्रों पर पकड़ बनानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुद्रा और पूंजी बाजार विभाग के निदेशक टोबियास एड्रियन ने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया, लक्ष्य यह होना चाहिए कि अर्थव्यवस्था और एक वित्तीय प्रणाली ऐसी हो, जो झटकों को बर्दाश्त कर सके... बहीखातों को अधिक अच्छी तरह प्रबंधित किया जा सकता है, फंसे हुए कर्जों (एनपीए) को अधिक अच्छी तरह प्रबंधित किया जा सकता है। उन्होंने आईएमएफ और विश्व बैंक की पिछले हफ्ते हुई वार्षिक बैठक के दौरान कहा कि गैर-बैंकिंग वित्तीय प्रणाली को बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकता है, पूंजी बाजार को अधिक मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही फिनटेक से जुड़ा पूरा मसला भारत में और पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण है। एड्रियन ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम भुगतान के क्षेत्र में तकनीकी क्रांति के दौर में हैं। और मुझे लगता है कि भारत इन तकनीकों और भुगतान प्रणालियों में से कई में पथ-प्रदर्शक रहा है।

## बीते वित्त वर्ष में बैंकों का ऋण 5.56 प्रतिशत, जमा 11.4 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** बैंकों का ऋण बीते वित्त वर्ष 2020-21 में 5.56 प्रतिशत बढ़कर 109.51 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस दौरान बैंकों की जमा 11.4 प्रतिशत बढ़कर 151.13 लाख करोड़ रुपए हो गई।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले, वित्त वर्ष 2019-20 में बैंकों का ऋण या अग्रिम 6.1 प्रतिशत तथा जमा 7.9 प्रतिशत बढ़ी थी। केयर रेटिंग्स की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है, फरवरी, 2020 से फरवरी, 2021 के दौरान हालांकि बैंकों की ब्याज दर 1.07 प्रतिशत घटी है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ**

पत्रांक : 983/निविदा/510 दिनांक : 12/04/2021

**ई निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत श्रोत, पाइप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्यों का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आनलाईन प्रकाशन की तिथि | कार्य की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी (पाईप लाईन) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | New Water Supply Scheme. (only for FHTC) | धारचूला | 0.58 | 2000.00+ 18% GST | 15.04.2021 | 30 दिन | D & Above |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें, शुद्धिपत्र एवं निरस्तीकरण आदि www.uktenders.gov.in पर अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट में देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय" कृपया जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाईये"
वैधानिक चेतावनी - जल स्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।



अलबर्ट में कोविड 19 नियमों को लेकर पुलिस व स्वास्थकर्मियों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद प्रदर्शन करते लोग

# ईरान ने नातान्ज परमाणु स्थल पर हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया

एपी। दुबई

**ईरान ने** भूमिगत नातान्ज परमाणु केंद्र पर हमला करने के लिए सोमवार को इज़राइल को जिम्मेदार ठहराया। इस हमले में परमाणु केंद्र का सेंट्रीफ्यूज़ क्षतिग्रस्त हो गया था जिसका इस्तेमाल वहां पर यूरेनियम संवर्धन के लिए किया जाता है। ईरान ने चेतावनी दी है कि वह हमले का बदला लेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खतीबज़ादा की यह टिप्पणी रविवार की घटना के लिए पहली बार अधिकारिक तौर पर इज़राइल पर आरोप लगाती है। इस घटना से परमाणु केंद्र में बिजली चली गई थी। इज़राइल ने हमले की सीधे तौर पर जिम्मेदारी नहीं ली है। बहरहाल, शक फौरन उस पर गया, क्योंकि उसके मीडिया ने देश द्वारा विनाशकारी साइबर हमले की खबर दी जिससे बिजली गुल हो गई।

अगर इज़राइल हमले के लिए जिम्मेदार है तो यह दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ाएगा जिनके बीच पहले से टकराव चल रहा है। रविवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात करने वाले इज़राइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू ने संकल्प लिया है कि ईरान और विश्व शक्तियों के बीच परमाणु समझौते को बहाल होने के प्रयास को रोकने के लिए उनके बस में जो है, वो करेंगे।अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने सोमवार को इज़राइल के नेवतीम वायुसेना अड्डे पर इस बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि नातान्ज की घटना क्या ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम पर फिर से बातचीत की मेज पर लाने के बाइडन प्रशासन के प्रयासों को बाधित करेगी।

उन्होंने कहा, प्रयास जारी रहेंगे। नेवतीम में ऑस्टिन ने इज़राइली वायु एवं मिसाइल रक्षा प्रणाली और उसके एफ-35 लड़ाकू विमान का जायज़ा लिया। वहीं, खतीबज़ादा ने कहा, नातान्ज का जवाब इज़राइल से बदला लेना है। इज़राइल को उसके तरीके से ही उसका जवाब मिलेगा।



हालांकि, उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। खतीबज़ादा ने माना कि आईआर- । सेंट्रीफ्यूज़ हमले में क्षतिग्रस्त हुआ है। हालांकि उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

इस बीच, ईरान के अर्द्धसैनिक रेवोल्यूशनरी गार्ड के पूर्व प्रमुख ने कहा कि नातान्ज में हमले की वजह से आग भी लग गई थी और उन्होंने केंद्र पर सुरक्षा में सुधार करने की अपील की। मेजर जनरल मोहसिन रेज़ाई ने ट्विटर पर कहा कि नातान्ज में एक साल में दूसरी बार आग लगना घुसपैठ की घटना की गंभीरता का संकेत देता है।ईरान के विदेश मंत्री जवाद ज़रीफ ने कहा कि नातान्ज को और उन्नत मशीनरी के साथ बनाया जाएगा और यह परमाणु समझौते को बचाने के लिए वियना में चल रही बातचीत को संकट में डालने वाला है।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ईरना ने ज़रीफ के हवाले से कहा, यहूदी लोग प्रतिबंध हटाने को लेकर उनकी सफलता पर ईरानी लोगों से बदला लेना चाहते थे। उन्होंने कहा, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे और यहूदियों से इस कृत्य का बदला लेंगे।

तेहरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संयुक्त राष्ट्र निकाय आईएईए ने पहले कहा था कि उसे नातान्ज की घटना के बारे में मीडिया में आई खबरों की जानकारी है और उसने ईरानी अधिकारियों से इस बारे में बात की है। एजेंसी ने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया।

बहरहाल, नातान्ज को पहले भी निशाना बनाया गया है। स्टक्सनेट कंप्यूटर वायरस से एक बार नातान्ज में ईरानी सेंट्रीफ्यूज को नष्ट कर दिया गया था। स्टक्सनेट का पता 2010 में चला था और इसके बारे में माना जाता है कि यह अमेरिका-इजराइल द्वारा निर्मित था।नातान्ज के उन्नत अपकेंद्रण संयंत्र में पिछले साल जुलाई में एक रहस्यमय विस्फोट हुआ था। ईरानी परमाणु संयंत्र पर हमला करने को लेकर ईरान का क्षेत्रीय शत्रु इजराइल संदेह के घेरे में रहा है। ईरान ने देश के सैन्य परमाणु कार्यक्रम की कई दशक पहले शुरुआत करने वाले वैज्ञानिक की हत्या के लिए इजराइल को ही दोषी ठहराया था।

इजराइल के कई मीडिया संस्थानों ने रविवार को बताया कि एक साइबर हमला नातान्ज में विद्युत आपूर्ति बाधित होने का कारण बना। सरकारी प्रसारणकर्ता कान ने कहा कि हमले के पीछे इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद है।

चैनल 12 टीवी ने विशेषज्ञों का हवाला देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से इस इकाई के सभी क्षेत्र प्रभावित हुए। किसी भी खबर में कोई स्रोत या इस बात का स्पष्टीकरण शामिल नहीं था कि मीडिया घराने इस आकलन तक कैसे पहुंचे।

## मिस्र में ट्रेन दुर्घटना के लिए रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही जिम्मेदार

**काहिरा।** मिस्र में अभियोजकों ने रविवार को कहा कि 26 मार्च को रेल दुर्घटना रेलवे के कर्मचारियों की लापरवाही से हुई। इस हादसे के लिए मादक पदार्थों के सेवन को भी एक कारण बताया जा रहा है। काहिरा के दक्षिण में लगभग 440 किलोमीटर दूर स्थित सोहाग प्रांत में दो यात्री ट्रेन टकरा गई थी और इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी तथा बच्चों समेत दो सौ से अधिक लोग घायल हो गए थे। पिछले महीने अभियोजकों ने रेलवे के आठ कर्मचारियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया था जिसमें दो ट्रेन चालक, उनके सहायक, असियुत प्रांत में यातायात नियंत्रण के प्रमुख और तीन यातायात नियंत्रण गार्ड शामिल हैं। लोक अभियोजक की ओर से रविवार को जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि चालक और उसके सहायक ने दुर्घटना से पहले स्वचालित ट्रेन नियंत्रण प्रणाली (एटीसी) को निष्क्रिय कर दिया था। एटीसी प्रणाली, ट्रेन का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करती है और गति पर नियंत्रण रखती है। अभियोजकों ने यह भी कहा कि नियंत्रण टावर के एक गार्ड ने हशीश (मादक पदार्थ) का सेवन किया था। उन्होंने कहा कि ट्रेन चालक के एक सहायक ने भी मादक पदार्थों का सेवन किया था। बयान में यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया कि मादक पदार्थों के सेवन से दुर्घटना के समय निर्णय लेने की क्षमता पर असर पड़ा या नहीं। अभियोजकों ने कहा कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है।

# बोरिस जॉनसन ने लॉकडाउन में ढील के बीच जिम्मेदारी से पेश आने की अपील की

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन में ढील के नए चरण के बाद दुकानें, रेस्तरां, पब और जिम फिर से खुलने के बीच लोगों से जिम्मेदारी से पेश आने का आग्रह किया है।

लोगों को कपड़ों की दुकानों और कुछ पब एवं रेस्तराओं के बाहर रात से ही कतार में खड़े देखा गया जहां अब ग्राहकों को जाने की इजाजत दे दी गई है। लोगों के मिलने-जुलने पर अब भी सख्त पाबंदी है और उनसे अब भी जहां तक संभव हो, घर से ही काम करने को कहा गया है।जॉनसन ने कहा, मुझे यकीन है कि लंबे समय से बंद कारोबारों के मालिकों के लिए यह बड़ी राहत होगी और हर किसी के लिए यह, वह सब करने का मौका होगा जिसे वे पसंद करते हैं या जिसका अभाव महसूस कर रहे होंगे। उन्होंने कहा, मैं हर किसी से जिम्मेदारी से पेश आने और कोविड को नियंत्रित करने के लिए जारी टीकाकरण कार्यक्रम के बीच हाथ, चेहरा, दूरी एवं ताजा हवा याद रखने का आग्रह करता हूं। मीडिया की कुछ खबरों के मुताबिक, प्रधानमंत्री उन कुछ लोगों में से एक होंगे जो ड्यूक ऑफ ईडनबर्ग, दिवंगत प्रिंस फिलिप को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित हाउस ऑफ कॉमन्स के विशेष सत्र से पहले बाल कटवाएंगे। लॉकडाउन में ढील दिए जाने के इस चरण में पुस्तकालयों और सामुदायिक केंद्रों जैसी सरकारी इमारतें फिर से खुल सकती हैं। घर के बाहर होने वाले कुछ छोटे कार्यक्रमों जैसे साहित्य मेले, विवाह, नागरिक साझेदारी समारोह और अन्य कार्यक्रमों का अधिकतम 15 लोगों के साथ आयोजन किया जा सकता है। लोगों को एक-दूसरे के घर जाने की अनुमति नहीं है और घरों के बाहर भी मिलने-जुलने पर सख्त मनाही है।



● मीडिया की कुछ खबरों के मुताबिक, प्रधानमंत्री उन कुछ लोगों में से एक होंगे जो ड्यूक ऑफ ईडनबर्ग, दिवंगत प्रिंस फिलिप को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित हाउस ऑफ कॉमन्स के विशेष सत्र से पहले बाल कटवाएंगे

## क्विक न्यूज

### भारत-अमेरिका के बीच सैन्य, सुरक्षा क्षेत्र में साझेदारी का गहराना निश्चित था : एश कार्टर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री एश कार्टर के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच सैन्य एवं सुरक्षा क्षेत्र मे साझेदारी का गहराना निश्चित था क्योंकि इन दो बड़े लोकतंत्रो के बीच बहुत कुछ समान है और जो बेहद अच्छे मूल्यों को साझा करते है। अमेरिकी वाणिज्य मंडल द्वारा आयोजित सत्र मे कार्टर ने कहा कि दोनों देश महज अंग्रेजी भाषा नही बल्कि बहुत कुछ साझा करते है।ओबामा प्रशासन के दौरान 2015 से 2017 तक रक्षा मंत्री रहे कार्टर ने भारत के साथ सुरक्षा क्षेत्र मे संबंधो की प्रगति पर कहा, दरअसल, यह होना ही था। मेरे विचार मे असल मे यह होना निर्धारित ही था क्योंकि हमारे बीच बहुत कुछ समान है...हितो, कार्यो के लिहाज से। उन्होने कहा, मै आपको एक उदाहरण देता हूं। मै जब पद पर था तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मेरी अंतिम बातचीत मे हम उस चीज को दर्शा रहे थे जो चर्चा के प्रत्एक पहलु के लिए मुनासिब नही थी। लेकिन मै उन्हे इसका ध्यान दिला रहा था कि कितने भारतीय और भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी अमेरिका के प्रौद्योगिकी जगत मे काम कर रहे है। और मैने कहा था कि दोनो देशो की मानसिकता के बीच कुछ आत्मीयता सी है। कार्टर ने कहा, यह महज अंग्रेजी भाषा नही है। यह इससे कही ज्यादा है। मेरे विचार मे दो बड़े लोकतंत्र, अपने अच्छे दिनो मे बहुत अच्छे मूल्यों को साझा करते है। मेरे हिसाब से यह सब निर्धारित है। हालांकि, कार्टर ने आगाह किया कि अमेरिका को पूर्व को लेकर सचेत रहना चाहिए जिसमें भारत की गुट निरपेक्ष नीतियां और रूस के साथ उसके ऐतिहासिक सैन्य संबंध शामिल है।

### अमेरिकी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी के लिए सतत संवाद कर रहा है भारत: तरणजीत सिंह संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित (एसटीईएम) पढ़ने के लिए अमेरिका मे बड़ी संख्या मे भारतीय छात्र आते है और भारत ज्ञान साझेदारी बनाने के लिए अमेरिकी विश्वविद्यालयो के साथ सतत संवाद कर रहा है। संधू ने चैपल हिल मे उत्तर कैरोलाइना विश्वविद्यालय (यूएनसी) मे अपने संबोधन मे कहा कि अमेरिका मे भारत के दो लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे है और ज्यादातर विद्यार्थी एसटीईएम क्षेत्र के है, इसलिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे सहयोग की उत्साहजनक संभावनाएं है। उन्होने कहा कि छात्रो के आदान-प्रदान, ऑनलाइन शिक्षा तथा दोनो देशो के विश्वविद्यालयो के बीच सहयोग की संभावनाएं है।भारतीय राजदूत ने कहा, हम उम्मीद करते है कि भारत पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करेगा, यूएनसी इस क्षेत्र मे नेतृत्व करेगा। वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने पिछले कुछ महीनो के दौरान एरिजोना राज्य विश्वविद्यालय, हॉवर्ड विश्वविद्यालय , दक्षिण फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, उत्तर कैरोलाइना विश्वविद्यालय मे भारत-अमेरिका साझेदारी संबंधी संवाद सत्रो मे हिस्सा लिया है। पिछले हफ्ते राजदूत ने एरिजोना विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. माइकल क्रो से बात की थी।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संयुक्त डिग्री एवं दोहरी डिग्री आदि की पेशकश करने के लिए संधू ने भारतीय और विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग पर अपने विचार साझा किए।

### ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ने लॉबिंग घोटाले को लेकर चुप्पी तोड़ी



**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने उन आरोपो को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है, जिसमे उन पर एक वित्तीय सेवा फर्म की तरफ से गलत तरीके से सरकारी अधिकारियो को प्रभावित करने का आरोप लगाया गया है।कैमरन ने कहा कि इस कथित लॉबिंग घोटाले से कई महत्वपूर्ण सबक सीखे जाएंगे। करीब एक महीने पहले ग्रीनसिल कैपिटल के तबाह होने की खबर सामने आने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री कैमरन ने रविवार को।,800 शब्दो का बयान जारी किया। इसके चलते ब्रिटेन की एक इस्पात कंपनी मे हजारो लोगो की नौकरी पर संकट आ गया था जो कि ग्रीनसिल कैपिटल द्वारा वित्तपोषित थी।श्रृंखलाबद्ध रपटो मे खुलासा किया गया था कि कैमरन ने कोविड-19 के चलते प्रभावित कंपनियों को सहायता प्रदान के एक कार्यक्रम के तहत ग्रीनसिल को सरकारी कर्ज उपलब्ध कराने के लिए राजकोष प्रमुख ऋषि सुनक समेत अन्य सरकारी अधिकारियो को प्रभावित करने के वास्ते उन्हे लिखित संदेश भेजे थे।ग्रीनसिल कैपिटल से अंशकालिक सलाहकार के तौर पर जुड़े रहे कैमरन ने कहा कि कंपनी के लिए किए गए उनके कार्य से किसी नियम-कायदे का उल्लंघन नही हुआ। कैमरन ने कहा, इन चीजो से महत्वपूर्ण सबक सीखे जा सकते है। पूर्व प्रधानमंत्री के तौर पर, मै यह स्वीकार करता हूं कि सरकार के साथ संवाद करने के लिए बेहद औपचारिक माध्यम का उपयोग होना चाहिए ताकि गलत व्याख्या का कोई स्थान नही रहे। कैमरन मई 2010 से जुलाई 2016 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे।



तेहरान में एक संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान एक दूसरे से मिलते ईरान के वरिष्ठ उप राष्ट्रपति इसहाक व दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री चुंग सी क्वान

## कोविड-19 जैसी महामारी जीवन में नहीं देखी : डॉ. कूवाडिया

भाषा। जोहानिसबर्ग

**भारतीय मूल** के प्रख्यात दक्षिण अफ्रीकी शिक्षाविद प्रोफेसर हुसैन मोहम्मद जेरी कूवाडिया ने कहा है कि कोविड-19 जैसी महामारी उन्होंने अपने छह दशक के कार्यकाल में कभी नहीं देखी।डॉ कूवाडिया ने अपनी पुस्तक पीडिएट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ के सातवें संस्करण के विमोचन के बाद डरबन में अपने आवास से बातचीत के दौरान यह बात कही। डॉ कूवाडिया ने साप्ताहिक सैटरडे इंडिपेंडट को बताया कि उन्हें और उनकी पत्नी डॉ जुबी हामिद को संक्रमण से बचाव के लिए टीका लग चुका है।उन्होंने कहा, कोरोना वायरस लंबे समय से मौजूद था लेकिन मैंने कोविड-19 जैसी बीमारी कभी नहीं देखी। जॉन हॉप्किन्स विश्वविद्यालय के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका में संक्रमण के।,557,527 मामले हैं और इससे 53,256 लोगों की मौत हो चुकी है।कूवाडिया को मां से बच्चे को एचआईवीएड्स होने संबंधी उनके अहम शोध के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में कोविड-19 का असर हालांकि कम ही होता है लेकिन अगर बच्चों में किसी प्रकारी की बीमारी मसलन उन्हें तपेदिक हो तो स्थिति खराब हो सकती है।अपनी पुस्तक के सातवें संस्करण के बारे में उन्होंने कहा कि 1984 में हमारे पास जितनी किताबें (चिकित्सा से जुड़ी) थीं वे सारी अंग्रेजों की लिखी हुई थीं। विकासशील देशों पर कोई पुस्तक नहीं थी, जो खास तौर पर दक्षिणी अफ्रीका के बच्चों की बीमारियों को दूर करने में सहायक साबित होसके। कूवाडिया ने कहा, यहीं से लिखने की शुरुआत हुई,लेकिन मुझे कहना है कि यह सामूहिक प्रयास था और मैंने विभिन्न विश्वविद्यालयों के अपने मित्रों और सहयोगियों से शोध एकत्र किए।

## अमेरिका में अपने तीन बच्चों की हत्या करने की आरोपी महिला गिरफ्तार

एपी। लॉस एंजिलिस



**अमेरिका के** लॉस एंजिलिस के एक अपार्टमेंट में अपने तीन छोटे बच्चों की हत्या करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। बच्चों के संरक्षण को लेकर महिला का अपने पति से विवाद चल रहा था। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को तुलेयर काउंटी में इस जघन्य घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला लिलियाना कैरिलो (30) वहां से फरार हो गई। अधिकारियों ने काफी दूर तक उसका पीछा किया और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।लॉस एंजिलिस टाइम्स की खबर में परिवार अदालत के दस्तावेजों के हवाले से बताया गया कि महिला के पति एरिक डेंटन ने एक मार्च को तीनों बच्चों का संरक्षण मांगा था। एक बच्चे की उम्र तीन साल, दूसरे की उम्र दो साल और तीसरे बच्चे की उम्र छह महीने थी। मामले में 14 अप्रैल को सुनवाई होने वाली थी। अखबार के साथ साक्षात्कार में डेंटन ने इस बात की पुष्टि की कि कैरिलो ने मनोरोगी की तरह बर्ताव करना शुरू कर दिया था जिसके कारण बच्चों के संरक्षण को लेकर कैरिलो के साथ उसका विवाद चल रहा था। रविवार को वह डेंटन को बच्चे सौंपने वाली थी।लॉस एंजिलिस पुलिस के अधिकारी लेफ्टिनेंट राउल जोवेल ने बताया कि बच्चों की दादी शनिवार सुबह जब काम से घर लौटी तो उसने घर पर बच्चों के शव देखे और उनकी मां को लापता पाया।पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार बच्चों की चाकू घोंपकर हत्या की गई है हालांकि इसके बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।उन्होंने बताया कि कैरिलो को तुलेयर काउंटी में पोंडेरोसा इलाके से गिरफ्तार किया गया जो बेकर्सफील्ड से करीब 100 मील उत्तर में है।

# भूटान में 16 दिनों में 93 फीसदी वयस्कों को कोविड-19 का टीका लगाया गया

एपी। थिम्पू

**भूटान में** टीकाकरण अभियान की शुरुआत के पहले दिन से लेकर अब तक टीकाकरण का ग्राफ हर दिन ऊपर की तरफ ही बढ़ रहा है और यह तेजी से टीका लगाने के लिए जाने जा रहे इजराइल, अमेरिका, बहरीन और अन्य देशों से आगे निकल चुका है। देश में महज 16 दिनों के भीतर 93 फीसदी वयस्कों को कोविड-19 रोधी टीका लगाया जा चुका है।इन देशों को यहां तक पहुंचने में महीनों लगे जहां भूटान अब पहुंच चुका है। ए देश कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर टीकाकरण अभियान को तेजी से बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन भूटान में टीकाकरण अभियान लगभग समाप्ति पर है जो महज 16 दिन पहले शुरू हुआ था।

भारत और चीन के बीच स्थित छोटे से इस हिमालई देश ने 27 मार्च के बाद से करीब 93 प्रतिशत वयस्क आबादी को टीका लगा दिया है। देश की कुल आठ लाख आबादी में से 62 प्रतिशत को टीका लग चुका है।त्वरित टीकाकरण के बाद यह छोटा सा राष्ट्र अब सेशेल्स से थोड़ा ही पीछे है जिसने अपनी।,00,000 की आबादी में से 66 प्रतिशत को टीका दे दिया है।कम आबादी के चलते भूटान को त्वरित टीकाकरण में सफलता मिली है लेकिन इसका श्रेय समर्पित नागरिक स्वयंसेवियों और स्थापित कोल्ड चेन भंडारों को भी जाता है।भूटान को जनवरी में भारत से एस्ट्राजेनेका के टीके की 150,000 खुराक मिली थीं। यह भूटान के पास आंई, टीके की पहली खुराक थीं। बहरहाल इनका वितरण बौद्ध ज्योतिष शास्त्र की शुभ तिथियों को देखते हुए मार्च के आखिर में किया गया।

## सिंगापुर में कोरोना वायरस के 20 नए मामले, टीका लगवा चुका भारतीय नागरिक भी संक्रमितों में शामिल

भाषा। सिंगापुर

कोविड-19 टीके की दोनों खुराक लगवा चुका 23 वर्षीय भारतीय नागरिक सिंगापुर में सामने आए संक्रमण के 20 नए मामलों में से स्थानीय आधार पर संक्रमण का एकमात्र मामला है।यह भारतीय नागरिक यहां कार्य करने के परमिट के साथ रह रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सचेत किया है कि टीकाकरण के बाद भी व्यक्ति संक्रमित हो सकता है।एक समाचार रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय नागरिक सात अप्रैल को पूल (लोगों के एक समूह के नमूने मिलाकर की गई जांच) जांच में संक्रमित पाया गया था। उसके संक्रमित होने की पुष्टि आठ अप्रैल को हुई, जिसके बाद उसे तत्काल पृथक-वास में रखा गया और नौ अप्रैल को उसकी अलग से जांच की गई। दूसरी जांच के परिणाम में भी व्यक्ति के संक्रमित होने की पुष्टि के बाद उसे राष्ट्रीय संक्रामक रोग केंद्र ले जाया गया।यह कामगारों की डॉर्मटॉरी (रहने के स्थान) में 28 फरवरी के बाद सामने आया संक्रमण का पहला मामला है। इससे पहले विदेशी कर्मियों के निवास की इस प्रकार की सुविधाओं में पिछले साल संक्रमण के सर्वाधिक मामले सामने आए थे।मीडिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया, यह मामला याद दिलाता है कि जो लोग टीका लगवा चुके हैं, वे भी संक्रमित हो सकते हैं, लेकिन टीका लक्षण युक्त संक्रमण को रोकने में प्रभावी है।



# बाफ्टा 2021 में नोमैडलैंड के नाम चार पुरस्कार
## एंथनी हॉपकिन्स सर्वश्रेष्ठ कलाकार



**लंदन।** निर्देशक क्लो झाओ की फिल्म नोमैडलैंड सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत चार बड़े पुरस्कार जीतकर 74वें ब्रिटिश एकेडमी फिल्म एंड टेलीविजन अवार्ड्स (बाफ्टा) में शीर्ष पर रही।

फिल्म की मुख्य कलाकार फ्रांसेस मैकडोरमेंड ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब जीता जबकि सर्वेश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार झाओ ने अपने नाम किया। फिल्म सिनेमेटोग्राफी श्रेणी में भी विजेता रही।

बाफ्टा में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब जीतने वाले पहली नस्ली महिला झाओ ने यह पुरस्कार खानाबदोश समुदाय को समर्पित किया जिन्होंने उनकी टीम को अपने जीवन को समझने देने के लिए उदारता से मौका दिया।

निर्देशक ने इस अवसर पर दिए भाषण में कहा, उन्होंने अपने सपनों, संघर्षों और सम्मान के प्रति अपनी गहरी समझ को हमारे साथ साझा किया। यह दिखाने के लिए शुक्रिया कि बढ़ती उम्र जीवन का एक खूबसूरत हिस्सा है, एक ऐसा सफर जिसका हम सबको आनंद उठाना चाहिए। हम अपने बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं यह एक समाज के तौर पर हम कैसे हैं और हमें क्या बेहतर करने की जरूरत है, यह दिखाता है।

बाफ्टा में फिल्म को मिले इन पुरस्कारों के बाद इस माह के अंत में होने जा रहे ऑस्कर पुरस्कार समारोह में भी इसके अव्वल दावेदार होने की संभावना काफी बढ़ गई है। मैकडोरमेंड ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से नहीं जुड़ पाईं लेकिन उन्होंने लिखित संदेश में बाफ्टा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, प्यारे ब्रिटेन वासियों, धन्यवाद। मैं नोमैडलैंड की टीम की तरफ से यह सम्मान स्वीकार करती हूं। हम आपको सलाम करते हैं।

एंथनी हॉपकिन्स अभिनीत द फादर के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अनुभवी अभिनेता का पुरस्कार मिला। इसी श्रेणी में भारत के आदर्श गौरव को द व्हाइट टाइगर में उनकी भूमिका के लिए नामित किया गया था।

द फादर को रूपांतरित पटकथा के लिए भी बाफ्टा दिया गया।

सहायक अभिनेत्री श्रेणी में, पुरस्कार दक्षिण कोरिया की दिग्गज अदाकार यूह जंग योन को मिनारी में नानी की भूमिका निभाने के लिए मिला जबकि डैनियल कलूया को जूडास एंड द ब्लैक मसीहा में भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला।

एमरेल्ड फेनेल की मी टू ड्रामा प्रॉमिसिंग यंग वूमेन को समारोह में सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश फिल्म घोषित किया गया। नेटफ्लिक्स की हिट फिल्म द क्राउन में कैमिला पार्कर बाउल्स की भूमिका निभाने वाली फेनेल को पटकथा श्रेणी में भी पुरस्कार हासिल हुआ। किसी ब्रिटिश लेखक, निर्देशक या निर्माता की पहली बेहतरीन फिल्म का पुरस्कार रेमी वीक्स की हिज़ हाउस को गया। थॉमस विंटरबर्ग की अनदर राउंड को अंग्रेजी भाषा में नहीं बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला।

वहीं वृत्तचित्र श्रेणी में माय ऑक्टोपस टीचर ने बाफ्टा पुरस्कार अपने नाम किया।


एनिमेटेड फिल्म के लिए बाफ्टा पीटे डॉक्टर डाना मुं की सोल को मिला। फिल्म को दूसरा पुरस्कार ऑरिजनल स्कोर श्रेणी में मिला। एडिटिंग और साउंड श्रेणी में रिज अहमद अभिनीत साउंड ऑफ मेटल ने दो पुरस्कार अपने नाम किए।

## बाफ्टा में इरफान खान, ऋषि कपूर को याद किया गया





**लंदन।** दिवंगत भारतीय अभिनेता इरफान खान और ऋषि कपूर को बाफ्टा समारोह के स्मृति खंड में याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रिंस फिलिप, अमेरिकी अभिनेता चाडविक बोसमैन और कनाडाई अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर को भी याद किया गया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2020 में खान और कपूर का निधन हो गया था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले इरफान खान ने कैंसर से दो साल जंग लड़ने के बाद 29 अप्रैल 2020 को 54 वर्ष की उम्र में दम तोड़ दिया था। अपने जमाने के मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर ने खान के निधन के एक दिन बाद ही, 30 अप्रैल को 67 वर्ष की आयु में दम तोड़ दिया था। वह भी कैंसर से पीड़ित थे। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति प्रिंस फिलिप का निधन नौ अप्रैल 2021 को हो गया था। कार्यक्रम में सीन कॉनरी, इयान होम, बारबरा विंडसर समेत कई अनेक दिवंगत कलाकारों को याद किया गया।




## डांस दीवाने में माधुरी दीक्षित के बचपन की मजेदार कहानियां

**कलर्स** डांस दीवाने हर किसी के पास बचपन की अनमोल यादों का खजाना है। बॉलीवुड दिवा माधुरी दीक्षित ऐसी ही यादें साझा करने जा रही हैं। इस सप्ताह के अंत में होने वाले पोल खोल का विशेष एपिसोड होगा, जिसमें धर्मेंद्र और शत्रुघ्न सिन्हा जैसे प्रसिद्ध

**माधुरी दीक्षित पोल खोल सेशन के मज़े में हिस्सा लेने वाली हैं। जब इस धक धक गर्ल से पूछा गया तो उसने बचपन में अपने नटखटपन की एक प्यारी कहानी बताई। जब वह अपनी माँ के साथ किराने की दुकान पर जाती थीं तो वह हमेशा एक मासूम चेहरे के साथ फल को देखती थी ताकि उसे मुफ्त में कुछ फल मिल सके।**

कलाकार मंच पर पहुंचेंगे। साथ ही, प्रतिभाशाली डांसर युगल पुनीत पाठक और शक्ति मोहन अपने साल्सा नृत्य के साथ उत्साह बढ़ाने के लिए प्रतियोगियों के विशेष अनुरोध पर उपस्थित होंगे। दूसरी तरफ माधुरी दीक्षित पोल खोल सेशन के मज़े में हिस्सा लेने वाली हैं। जब इस धक धक गर्ल से पूछा गया तो उसने बचपन में अपने नटखटपन की एक प्यारी कहानी बताई। जब वह अपनी माँ के साथ किराने की दुकान पर जाती थीं तो वह हमेशा एक मासूम चेहरे के साथ फल को देखती थी ताकि उसे मुफ्त में कुछ फल मिल सके। लेकिन कुछ क्षण बाद जब वह इस मुफ्त फ्ल का आनंद ले रही थीं तो उनकी माँ ने उन्हें पकड़ लिया और कहा कि वह फ्रि कभी ऐसा नहीं करेगी! हैरानी की बात यह है कि माधुरी को अपने बचपन की इस खास याद को साझा करने में मजा आया होगा।

## हंगामा प्ले के आगामी ओरिजिनल शो डैमेज्ड-3 में आमना शरीफ और श्रेनु पारिख का डिजिटल डेब्यू

**लखनऊ।** टेलीविजन सुपरस्टार आमना शरीफ और श्रेनु पारिख हंगामा प्ले के लोकप्रिय सायकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा डैमेज्ड के तीसरे सीजन में अपने डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। कसौटी जिंदगी की 2 और कहीं तो होगा में निभाई गई अपनी जबर्दस्त भूमिकाओं के लिए मशहूर आमना ने ष्एक विलेन तथा हाल ही में रिलीज हुई रूही जैसी फ्लि्मों में भी जोरदार



एक्टिंग की थी। श्रेनु पारिख इस प्यार को क्या नाम दूं एक बार फ्रि दिल बोले ओबेरॉय इश्कबाज और एक भ्रम सर्वगुण संपन्न जैसे धारावाहिकों में कमाल के लीड रोल निभाने के लिए जानी जाती हैं।

डैमेज्ड 3 में आमना एक जिद्दी व मुंहजोर पुलिस वाली तथा श्रेनु एक उभरते पत्रकार की भूमिका निभाएंगी। डैमेज्ड की पिछली प्रमुख महिला कलाकारों की ही तरह इन दोनों के किरदार भी जटिल हैं और उनमें कई शेड समाए हुए हैं। डैमेज्ड के पहले सीजन में अमृता खानविलकर ने एक सीरियल किलर की भूमिका निभाई थी जबकि दूसरे सीजन में हिना खान केंद्रीय भूमिका निभाती नजर आई थीं। रहस्य.रोमांच से लैस डैमेज्ड 3 उत्सुकता में डूबे दर्शकों को शो से नजरें नहीं हटाने देगा। शो के बारे में बात करते हुए आमना शरीफ ने कहा, डैमेज्ड फ्रेंचाइज अपने उन मजबूत महिला किरदारों के लिए मशहूर है, जो पछताती नहीं हैं और दरअसल कहानी के केंद्र में भी वही होती हैं। डैमेज्ड 3 की कहानी और स्क्रिप्ट ने मेरे मन में बड़ी उत्सुकता जगा दी थी, खासकर मेरे किरदार ने, जो एक सख्त और मजबूत महिला है और उसके सीने में ऐसे कई राज दफ्न हैं, जिन्हें वह जाहिर नहीं होने देना चाहती। इस शो का हिस्सा बन कर मैं काफ्ी रोमांचित हूं और शो के कास्ट एवं क्रू के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हूं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए श्रेनु पारिख ने बताया अपने आयकॉनिक महिला किरदारों की बदौलत इस शो के पहले दो सीजन दर्शकों के द्वारा बहुत पसंद किए गए। मैं पहली बार किसी सायकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा का हिस्सा बनने जा रही हूं और एक ऐसी महिला की भूमिका निभाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं, जो जिद्दी है रहस्यात्मक है और जिसे समझना मुश्किल है। दर्शकों को बांध कर रखने के लिए शो में काफ्ी ट्विस्ट और टर्न मौजूद हैं। मैं इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए बेताब हूं।

## कोरोना वायरस से संक्रमित अक्षय कुमार स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौटे



**मुंबई।** कोरोना वायरस से संक्रमित अभिनेता अक्षय कुमार स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आए हैं। अभिनेता की पत्नी एवं अभिनेत्री से लेखिका बनीं ट्विंकल खन्ना ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। पिछले सप्ताह अभिनेता कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर खन्ना ने बताया कि 53 वर्षीय अभिनेता स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा, सुरक्षित, स्वस्थ और बेहतर हालत में उन्हें (कुमार को) घर में देखकर अच्छा लग रहा है। सब ठीक है। कुमार अपनी एक्शन प्रधान फिल्म राम सेतु की शूटिंग शुरू करने के पांच दिन बाद संक्रमित हो गए थे। कुमार के अलावा फिल्म से जुड़े 45 लोग भी संक्रमित हो गए थे।

## अमिताभ बच्चन के साथ गुडबाय में नजर आएंगे पावैल गुलाटी



**मुंबई।** फिल्म थप्पड़ के अभिनेता पावैल गुलाटी आगामी फिल्म गुडबाय में अमिताभ बच्चन और दक्षिण की अभिनेत्री रश्मिका मंदना के साथ नजर आएंगे। बालाजी टेलीफिल्म्स और रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गुडबाय में गुलाटी, बच्चन के बेटे की भूमिका निभा रहे हैं। इन दोनों ने इससे पहले 2014 में आई टीवी श्रृंखला युद्ध में एक साथ काम किया था। गुलाटी ने सोमवार को गुडबाय की शूटिंग शुरू की और कहा कि यह एक बहुत विशेष परियोजना है। अभिनेता ने एक बयान में कहा, इसका हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसमें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। यह अद्भुत एहसास है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल कर रहे हैं।

## अपने पसंदीदा त्योहार बैसाखी और गुढ़ीपाडवा की पुरानी यादों में खो गए जी टीवी के कलाकार

'तेरी मेरी इक जिंदगी' में माही की भूमिका निभाने वाले अमनदीप सिद्धू ने कहा, बैसाखी को वैशाखी के नाम से भी जाना जा ता है। यह सिख नव वर्ष की शुरुआत है और पंजाब और उत्तर भारत में मनाया जाता है। मुझे याद है कि इस दिन मेरी माँ 'खीर पूड़ी'और 'मीठे चावल'बनाती है। इस त्योहार के लिए ये मेरे पसंदीदा व्यंजन हैं। बहुत से लोग नहीं जानते हैं, लेकिन मेरी माँ को मधुमेह है, इसलिए हम घर पर मिठाइयाँ नहीं बनाते हैं। लेकिन इस दिन हम ऐसा नहीं सोचते और ये त्योहार दिल से मनाते हैं। हम बैसाखी के लिए नए कपड़े लाते है और बाकी सब तैयारी एक महीने पहले करना शुरू करते हैं । हम हर साल बंगलासाहेब गुरुद्वारा भी जाते हैं। यहां लंगर बनाया जाता है और हम पूरा दिन गुरुद्वारे में सेवा में बिताते हैं। मैं उन दिनों को फ्रि से जीना पसंद करूंगी, लेकिन इस साल मैं अपनी मां के हाथ का बना खाना और गुरुद्वारा जाना मिस करूंगी। उम्मीद है कि अगले साल सब ठीक हो जाएगा। सभी को शुभकामनाएँ।

'तेरी मेरी इक जिंदड़ी' में गुलशन की भूमिका निभाने वाले मनीष वर्मा ने कहा, मेरी बैसाखी से जुड़ी कई यादें हैं और उनमें से ज्यादातर मेरे दादाजी की वजह से हैं। मुझे याद है कि बचपन में मैं इन त्योहारों केबारे में बहुत उत्साहित होता था क्योंकि दादू हमें उपहार और मिठाई लाते थे। इससे भी अधिक, दादू बैसाखी के दौरान हमें उनके बचपन की कहानियां सुनाते थे वह बहुतही पसंद था। दादू अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन मेरे पिता ने उनकी जगह ले ली है और वह भी दादू की तरह इस दिन हमें प्यार करते हैं। हम इस दिन गुरुद्वारा जाते हैं। यही हमारी परंपरा है। मुझे उम्मीद है कि आप भी इस दिन का आनंद लेंगे। सभी को शुभकामनाएँ।

'कुमकुम भाग्य' में प्राची की भूमिका निभा रही मुग्धा चाफेकर ने कहा, गुढीपाडवा महाराष्ट्र के लोगों के लिए नए साल की शुरुआत है। मेरा जन्म एक ब्राह्मण महाराष्ट्रीयन परिवार में हुआ और यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण त्योहार है। मैं अपनी मां को हर साल गुढी सजाते हुए देखती थी। मैं भी उसे मदद किया करती थी। हम सूर्योदय से पहले अपनी बाल्कनी में गुढी बांधते हैं। गुढी में कई चीजें होती हैं और उनमें से प्रत्येक का अपना महत्व है। गुढीपाडवा के बाद हम उसकी पूजा करते हैं और प्रसाद चढ़ाते हैं। सुबह जल्दी उठते है, गुढी सजाते है और सभी के लिए अच्छे नए साल की प्रार्थना करते है। चूँकि गुढीपाडवा दिन शुभ है, इसलिए हम नई चीजें भी खरीदते हैं। इस त्योहार के साथ मेरी विशेष यादें जुड़ी हुई हैं। सभी को गुढीपाडवा की शुभकामनाएँ।

## दीपिका पादुकोण ने जीओ मामी मुंबई फिल्म महोत्सव के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सोमवार को जीओ मामी मुंबई फिल्म महोत्सव के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। इस निर्णय के लिए उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला दिया है। फिल्मकार किरण राव के स्थान पर वर्ष 2019 में पादुकोण को फिल्म महोत्सव का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्होंने जीओ मामी मुंबई फिल्म महोत्सव के अध्यक्ष पद को छोड़ने का फैसला किया है क्योंकि वह फिल्म महोत्सव की ओर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ रहेंगी। पादुकोण ने कहा कि मामी के बोर्ड का हिस्सा रहना उनके अनुभव को समृद्ध करने वाला रहा। अभिनेत्री ने कहा, अपने वर्तमान कार्यों की व्यस्तता के चलते मुझे लगता है कि मैं मामी फिल्म महोत्सव पर अपना ध्यान पूरी तरह केंद्रित करने में असमर्थ रहूंगी। दीपिका पादुकोण फिल्म पठान और फाइटर में काम कर रही हैं। पिछले साल कोरोना वायरस संक्रमण के चलते जीओ मामी मुंबई फिल्म महोत्सव को स्थगित कर दिया गया था।